CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 11 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 362 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर पेज 2



एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी: निशा, मुस्कान और राहुल कुंडू ने जीता स्वर्ण खेल टाइम्स




फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री! सम्पादकीय



गाजा पर कब्जे की योजना के खिलाफ उतरा तुर्की पेज 12

# बिजनौर: कुएं की जहरीली गैस से तीन भाइयों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



एक को बचाने के चक्कर में गई तीनों की जान

**बिजनौर।** कुएं की जहरीली गैस से दो सगे और एक चचेरे भाई की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से कोहराम मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम सरकथल है। ग्राम में धर्मवीर सिंह के खेत है। उनका पुत्र छत्रपाल सिंह (27 वर्ष) रविवार सुबह लगभग दस बजे अपने जंगल में गया था। उसे खेतों में पानी देखना था। इस बीच वह आगे बढ़ कर खेत में बने कुएं में मौजूद अपनी मोटर को देखने लगा। उसे शक था कि कहीं चोरों ने मोटर तो पार नहीं कर दी है। वह कुएं के अंदर उतर गया। कुएं में बरसात की वजह से जहरीली गैस बन रही थी। गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। जब वह कुएं से बाहर नहीं आया, तो उसके चाचा हरि सिंह के पुत्र हिमांशु (22 वर्ष) व कशिश (20 वर्ष) भी कुएं में झांकने लगे। उन्होंने छत्रपाल सिंह को कुएं में बेहोश पड़ा देखा। उसे बाहर निकालने के लिए वह भी नीचे उतर गए। नीचे जाकर वह भी बेहोश हो गए। यह खबर ग्रामीणों तक पहुंची। तीनों को जैसे-तैसे रस्सियों से बांध कर बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# ऑपरेशन जिंदगी: धराली में रेस्क्यू तेज, अब तक 1273 लोगों को बचाया

शाह टाइम्स संवाददाता





■ हर्षिल में बिजली-संचार व्यवस्था बहाल, सड़क की कनेक्टिविटी पर फोकस

**उत्तरकाशी।** धराली-हर्षिल वैली में आपदा राहत कार्य के छठे दिन मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ है। रविवार शाम तक 1273 से ज्यादा लोग सेना के एमआई 17 और चिनूक समेत राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाले गए हैं। भारत-चीन सीमा और गंगोत्री धाम को जोड़ने वाला लिम्चागाड़पुल तैयार होने से अभियान तेज होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा कर रहे हैं।

उत्तरकाशी में आपदा राहत कार्य के छठे दिन रविवार 10 बजे मौसम साफ होने के बाद हर्षिल और धराली से हवाई रेस्क्यू दोबारा शुरू हुआ। अब तक 1273 से ज्यादा लोग सुरक्षित निकाले गए हैं। इनमें से 480 लोगों को शनिवार को हर्षिल और नेलांग से निकालकर जौलीग्रांट, मातली और चिन्यालीसौड़ पहुंचाया गया। हेलीकॉप्टरों के 270 सोर्टीज के जरिये चिन्यालीसौड़, जौलीग्रांट, मातली और हर्षिल से आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लोगों को पहुंचाया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार 5 अगस्त को जिले के धराली में एक स्थानीय मेला 'हरदूदू' का आयोजन भी होना था। इसमें शामिल होने के लिए उत्तरकाशी और आसपास के इलाकों से भी लोग आए हुए थे। इसके अलावा स्थानीय लोग, होटल, होमस्टे में काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। ठीक दिन के 1:25 मिनट पर महज 34 सेकंड में खीर गंगा के रौद्र रूप में आने के बाद तबाही और राहत-बचाव कार्यों की तस्वीरें सामने आई हैं। राज्य सरकार पूरी तत्परता -शेष पृष्ठ दो पर

## रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में दावा किया है कि उन्होंने 58 करोड़ रुपये की अपराध से कमाई हासिल की। यह रकम दो कंपनियों के जरिये आई। ईडी का कहना है कि इस धन का इस्तेमाल वाड्रा ने संपत्तियां खरीदने, निवेश करने और अपनी कंपनियों के कर्ज चुकाने में किया। ईडी के मुताबिक, आरोपित 58 करोड़ रुपये में से 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिये और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) के जरिये आए। दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के करीब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज बारिश के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट हुईं। रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205 मी. से नीचे है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत आधे से ज्यादा राज्य में 24 साल में पहली बार है कि अगस्त महीने के पहले 9 दिन बिना बारिश के बीते। यहां एक मिमी भी बारिश नहीं हुई। 14 अगस्त से मौसम बदलने के आसार हैं, क्योंकि 13 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जो एक बड़े मानसूनी सिस्टम में बदल सकता है। यूपी में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। रविवार को भी 5 जिलों में बहुत तेज बारिश हो रही है।

## खामियां दूर करके फिर लागू होगी पीएम इंटर्नशिप योजना

**नई दिल्ली।** पीएम इंटर्नशिप योजना के पहले दो राउंड के नतीजे निराशाजनक रहे। इसके बाद केंद्र सरकार ने शीर्ष संस्थाओं से अध्ययन कराया। इसमें कंपनी की लोकेशन, एज लिमिट जैसी चार खामियां सामने आईं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने इन खामियों को दूर करके योजना को लागू करने का रोड मैप बनाया है। नए प्लान को पीएम कार्यालय को सौंपा जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बोले मोदी

# दुनिया ने नए भारत का चेहरा देखा

बेंगलुरु, वार्ता



बेंगलुरु: बैंगलोर मेट्रो चरण-2 परियोजना के अंतर्गत आरवी रोड से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन मेट्रो को हरी झंडी दिखाते पीएम मोदी।

कहा: ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत

आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंची

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु का दौरा किया। यहां उन्होंने बेंगलुरु को कई सौगातें दीं और एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बेंगलुरु आया हूं।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने की हमारी क्षमता और आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर करने की हमारी क्षमता देखी गई। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान है। मैं इसके लिए भी आप सभी का अभिनंदन करता हूं। इससे पहले उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती पर कदम रखते ही अपनापन सा महसूस होता है। यहां की संस्कृति, यहां के लोगों का प्यार और कन्नड़ भाषा की मिठास दिल को छू जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु को हम एक ऐसे शहर के रूप में उभरता देख रहे हैं, जो न्यू इंडिया के राइज का सिंबल बन चुका है। एक ऐसा शहर... जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके एक्शन में टेक ज्ञान है। एक ऐसा शहर... जिसने ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहराया है। हम बेंगलुरु को नए भारत के उदय का एक सच्चा प्रतीक बनते हुए देख रहे हैं। एक ऐसा शहर जिसने भारत को वैश्विक आईटी नक्शे पर गर्व से स्थापित किया है। बेंगलुरु की उल्लेखनीय सफलता की कहानी के पीछे प्रेरक शक्ति इसके लोगों की असाधारण प्रतिभा और सरलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल का प्रमाण: सीडीएस चौहान



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उन्होंने 21 वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों व सीडीएम, सिकंदरा बाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों में एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं का उल्लेख किया। जनरल अनिल चौहान ने प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया।

# जल्द हो सकता है पाकिस्तान से अगला युद्ध: आर्मी चीफ

चेन्नई, वार्ता



■ हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्री हैंड दिया था: उपेन्द्र द्विवेदी

**भारत के** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी।


इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था। जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (आईएआरसी) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो रविवार को सामने आया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है, जिसने पूरे देश को प्रेरित किया।

## पूर्व उपराष्ट्रपति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उठाए सवाल

**मुंबई/नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर सवाल उठाए हैं और इसे भारत जैसे एक लोकतांत्रिक देश के लिए गलत करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार श्री धनखड़ के बारे में जानकारी छिपाती रही, तो भारत गठबंधन बंदी प्रत्यक्षीकरण प्रावधान के तहत सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार करेगा।

# सबके बॉस तो हम हैं: राजनाथ सिंह

## ट्रम्प का नाम लिए बिना रक्षा मंत्री ने कसा तंज



■ कहा: कुछ लोग भारत के विकास से खुश नहीं

**भोपाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के दौरे पर थे। जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रेल कोच इकाई का भूमि पूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर हमला बोला।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा। सबके बॉस तो हम हैं। भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे। यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती। रक्षा क्षेत्र को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं। यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला। हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे। हमने ऐसा ही किया किया।

# राहुल ने 'वोट चोरी' के खिलाफ शुरू किया मिस्ड कॉल अभियान

## नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल का आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर फोन नंबर 9650003420 जारी किया

■ इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों का संसद से चुनाव आयोग तक मार्च आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए इस मुद्दे पर और आक्रामक रुख अपनाते हुए इसके खिलाफ मिस्ड कॉल सार्वजनिक अभियान शुरू किया है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को फोन नंबर 9650003420 जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जन समर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ़-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ़ है कि पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। श्री गांधी ने जनता से इस मुहिम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि आप भी हमारे साथ जुड़ कर वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई में हमें अपना समर्थन दें और वोट चोरी-इन/एकडिमांड पर जाएं या 9650003420 पर -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार मतदाता सूची में चल रही मनमर्जी, लोकतंत्र तबाही की ओर : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैंकड़ों लोगों के नाम चढ़ा कर लोकतंत्र को तबाह किया जा रहा है। कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल पेज पर रविवार को एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा है कि चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं। पार्टी के अनुसार चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय में साफ कहा कि हम बिहार के उन 65 लाख लोगों के नाम नहीं बताएंगे।

# जलभराव में डूब कर युवक की मौत

## दो दिनों में दो की डूबने से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बरसात और नदियों से आ रहे बाहरी पानी ने धामपुर क्षेत्र में जलभराव की समस्या को विकराल रूप दे दिया है। कई गांवों और मोहल्लों में पानी भरने से आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस जलभराव में पिछले कुछ दिनों से बड़ी संख्या में मछलियां भी तैरकर आ रही हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए ग्रामीण पानी में उतर रहे हैं। लेकिन यही शौक मौत का कारण बनता जा रहा है।

ताजा मामला गांव हकीमपुर नारायण का है, जहां जीजा के साथ मछली पकड़ने गए 35 वर्षीय कपिल कुमार पुत्र जसवंत सिंह की पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है।

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नगर के मोहल्ला नई सराय में एक 14 वर्षीय किशोर की जलभराव वाले पानी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई थी।

लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि जलभराव की समस्या के समाधान के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला हिंदू चौधरियान निवासी कमल (35 वर्ष) पुत्र नन्हे सिंह की मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार कमल की शादी लगभग एक वर्ष पहले हुई थी और वह चार माह की बच्ची का पिता था। अचानक हुई इस त्रासदी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी और मासूम बच्ची का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे मोहल्ले में मातमी सन्नाटा छा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# बाढ़ सेवा केंद्र पर कपिल चौधरी ने संभाली व्यवस्था

## बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील प्रशासन द्वारा गंगा खादर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को राशन सामग्री वितरित की गईं। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों की संख्या बढ़ जाने से व्यवस्था बिगड़ने लगी, जिसे तहसील व पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को संभाला और बाढ़ राशन सामग्री वितरित की। इसी दौरान ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी भी बाढ़ पीड़ित खानपुर खादर स्थित बाढ़ सेवा केंद्र प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहाँ उन्होंने तहसील में पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए व्यवस्था संभालने में उनकी मदद की।

बाढ़ सेवा केंद्र प्राइमरी विद्यालय खानपुर खादर दतियाना में बाढ़ पीड़ित परिवारों को सूचना मिली कि आज सहायता केंद्र पर राशन वितरण किया जाएगा। गंगा नदी में आयी भारी बाढ़ से दर्जनों प्रभावित गाँव के भारी संख्या में बाढ़ पीडित भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस प्रशासन के आने के बाद भी भीड़ बढ़ती गई। भीड़ का आक्रोशित माहौल था। भीड़ को ब्लॉक प्रमुख पुत्र भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी ने अपनी टीम के साथ पहुंचे और उन्हें बड़ी ही विनम्रता के साथ शांत करते हुए राशन सामग्री वितरण में अपना सहयोग किया। उनके साथ उनकी टीम में वीरेन्द्र राजपूत, राहुल सिह ग्राम प्रधान सैन्दवार, अकिंत कुमार, बीडीसी सदस्य गौरव लाम्बा, दिग्विजय सिंह, गजेंद्र सिंह शामिल रहे। ब्लॉक प्रमुख पुत्र भाजपा वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी शीरे वालों ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सभी बाढ़ पीड़ितों को सहायता किट प्रदान की जाएगी। इसके बाद भी अगर कोई व्यक्ति किट से महरूम रह जाता है तो मैं पिछले वर्ष की भांति इस बार भी बाढ़ पीड़ित गरीब परिवारों को राशन का वितरण करूंगा।

इस अवसर पर तहसील प्रशासन की ओर से कानूनगो नरेंद्र सिंह, लेखपाल रणवीर सिंह, अनिल कुमार अग्रवाल, नवाबुद्दीन, मोहम्मद अकमल व जलीलपुर चौकी प्रभारी दलबल के साथ मौजूद रहे।

# बाइकों की टक्कर में तीन युवक गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नूरपुर रोड पर पेला के पुल के पास रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार स्योहारा की ओर से जा रही अपाचे बाइक ने सामने से आ रही सुपर स्प्लेंडर को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि अपाचे पर सवार दोनों युवक तथा सुपर स्प्लेंडर सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल नौशाद (28 वर्ष) पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम पिथ्थापुर, सागर (25 वर्ष) पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम रूपपुर शाहपुर, भूपेन्द्र कुमार (18 वर्ष) पुत्र धर्मपाल सिंह की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# बांकपुर में भाकियू टिकैत की बैठक

## समस्याओं का समाधान न होने पर 13 अगस्त को कलक्ट्रेट में करेंगे पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भाकियू टिकैत की बैठक ग्राम बांकपुर में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार से केवल किसान ही नहीं आम जनमानस भी अत्यंत त्रस्त है। अधिकारी किसानों को शिकार समझकर काम कर रहे हैं। तहसील, आरटीओ, चकबंदी, यातायात सभी विभाग किसानों को परेशान किए हुए हैं। जंगलों में गुलदार की समस्या, घरों में चोर की समस्या, बाढ़ की समस्या, स्मार्ट मीटर की समस्या, स्वास्थ्य की समस्या है। किसान चारों ओर से समस्याओं से घिरा हुआ है।

अधिकारी किसान की परेशानी सुनने को तैयार नहीं हैं। किसान मजबूर होकर 13 अगस्त को बिजनौर कलेक्ट्रेट में पंचायत करेंगे। अगर किसानों की मांगे पूरी नहीं हुई तो 15 अगस्त को बिजनौर कलेक्ट्रेट में ही झंडा फहराएंगे। बैठक की अध्यक्षता चौधरी मुन्ना सिंह ने व संचालन मास्टर मुनेश कुमार ने किया।

बैठक में युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, ठाकुर राम अवतार सिंह, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, डॉ. विजय सिंह, संदीप त्यागी, कोमन सिंह, विनीत मौर्य, मोनू प्रधान, रजनीश अहलावत आदि मौजूद रहे।

# माता की ज्योत लेकर जा रहे युवकों से मारपीट

## दस आरोपियों का शांतिभंग में चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** माता की ज्योत लेकर हरिद्वार जा रहे युवकों ने एक युवक को बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस मारपीट कर रहे युवकों को पकड़कर अपने साथ थाने ले आई। पुलिस ने दस आरोपियों का शांति भंग में चालान किया।

थाना क्षेत्र नहटौर के मोहल्ला साफताबाद मे ग्रामीणों ने दो दिन पूर्व देवता पर जागरण कराया था। ग्रामीण युवक माता की ज्योत लेकर हरिद्वार गंगा जी में प्रवाहित करने जा रहे थे। कस्बा कोतवाली में मनसा देवी पुलिस चौकी के सामने से ज्योत लेकर हरिद्वार जा रहे सुनील कुमार, विशाल, सत्यम, रितेश, अमन, दुष्यंत, राजकुमार, विशाल, विकास ने थाना क्षेत्र के गांव बढ़ापुर निवासी निगम पुत्र कुमरपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस सभी आरोपियों को अपने साथ थाने ले आई। पुलिस ने सभी आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

# धामपुर में बाढ़ पीड़ितों को एसडीएम ने दी राहत सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ से प्रभावित लोगों को रविवार को प्रशासन की ओर से राहत सामग्री वितरित की गई। उप जिलाधिकारी रितु रानी ने तहसील परिसर से पीड़ित परिवारों को आवश्यक सामग्री प्रदान की।

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र के कई गांवों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त है। आवागमन बाधित होने के साथ ही लोगों को दैनिक कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहत किट वितरण के दौरान तहसीलदार धनराज सिंह सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहें।

### रशन किट वितरण के दौरान राजस्व विभाग के कर्मचारी रहे मौजूद

# नहटौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## रामडोल का जुलूस गाइडलाइन के अनुसार निकालने का आह्वान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रामडोल जुलूस, चेहल्लुम, गणेश चतुर्थी को लेकर नहटौर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही जुलूस निकालने का आह्वान किया गया।

रविवार की सायं करीब पांच बजे नहटौर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष धीरज नागर ने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुरूप त्यौहार मनाए। नगर पालिका से साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने व विद्युत विभाग से खंभों को पॉलिथीन से कवर करने के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यदि किसी ने अशांति फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर, हाजी असलम सैफी, पूर्व सभासद खुर्शीद आलम अंसारी, अंकुश अग्रवाल, अग्नि देवता, टीकम सिंह चौहान, सभासद महफूज उर्फ गुड्डा, नबील अहमद, विनीत गोयल, प्रशांत वर्मा, राजीव चौहान, प्रदीप अग्रवाल, हैदर, विशेष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सबदलपुर में युवक पर जानलेवा हमला

## पीड़ित के घर पहुंच कर बहनों से भी की मारपीट, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर में एक युवक पर उस समय आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। जब वह घर के पास खड़े एक व्यक्ति से अपने घर के आगे कीचड़ और गहराई को खत्म करने के लिए मिट्टी डलवाने की बात कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर निवासी सादिक पुत्र मौ. अतीक पर मोहल्ले के ही करीब आधा दर्जन लोगों ने उस समय हमला कर दिया जब वह अपने घर के पास खड़े होकर अपने घर पर कीचड़ और गहराई को खत्म करने के लिए मिट्टी डलवाने की बात कर रहा था। बताया जाता है कि उसी समय मोहल्ले के ही कुछ युवक आपस मे मजाक कर रहे थे, जिन्होंने उसे भी मजाक में शामिल कर लिया। बताया जाता है कि उसी समय पीछे से आये एक युवक ने उस पर हमला कर दिया, जिसके बाद करीब आधा दर्जन युवक उसके पीछे बाजार तक दौड़े और उसके साथ जमकर मारपीट की। पीडित ने बताया कि रेहरा गाँव के लोगों ने उसे बमुश्किल बचाया, जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा। बताया जाता है कि इस बीच पीड़ित सादिक के घर पहुंच उसकी बहनों के साथ भी मारपीट की गई है।

फिलहाल पीड़ित ने सभी पहलुओं को उजागर करते हुए थाना प्रभारी से न्याय की आस लगाकर प्रार्थना पत्र सौंपा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन जिंदगी...**

से राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई नजर आ रही है और तो और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ़ उत्तरकाशी पहुंच गए हैं, बल्कि तीन दिनों तक वहीं प्रवास किया है, ताकि राहत-बचाव कार्यों की नजदीक से मॉनिटरिंग हो सके। इस त्रासदी में अभी दर्जनों लोगों के लापता होने की सूचना हैं। साफ है कि धराली में हुई तबाही उससे बहुत ज्यादा है, जो सरकार के आंकड़े कह रहे हैं। राहत और बचाव की चुनौतियां भी बड़ी हैं। आने वाले दिनों में जब तस्वीर साफ़ होगी तब पता चलेगा कि नुकसान कितना हुआ है।

**दुनिया ने...**

10वें स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष पांच में पहुंच गई है। अब हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने यह गति कैसे हासिल की? यह हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है। हमने यह गति नेक इरादों और ईमानदार प्रयासों से हासिल की है। उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो सिर्फ पांच शहरों तक सीमित थी। अब 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से ज्यादा का नेटवर्क है। 2014 से पहले लगभग 20,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण था। हमने पिछले 11 वर्षों में ही 40,000 किलोमीटर से ज्यादा रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है। 2014 तक भारत में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 160 से ज्यादा हो गई है। जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं। 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे। अब ये संख्या बढ़कर 30 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल समाधानों की पहुंच गांव-गांव तक पहुंच गई है। दुनिया के 50 फीसदी से ज्यादा रीयल-टाइम लेन-देन भारत में यूपीआई के जरिये होते हैं। तकनीक की मदद से हम सरकार और नागरिकों के बीच की खाई को पाट रहे हैं।

अब हम एआई-संचालित खतरे का पता लगाने जैसी तकनीकों में भी निवेश कर रहे हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि देश में डिजिटल क्रांति का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। बेंगलुरु इस प्रयास में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा उपलब्धियों में हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता टेक-आत्मनिर्भर भारत होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और ज्यादा प्राथमिकता दें और नए उत्पाद विकसित करने में तेजी से आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बंगलूरू से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। इस दौरान कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो चरण-2 परियोजना के आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक एलो लाइन का उद्घाटन किया। इसकी लंबाई 19 किलोमीटर से अधिक है। इसमें 16 स्टेशन हैं, जिसकी लागत लगभग 7,160 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी ने आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी की। इसके अलावा पीएम मोदी ने 15,610 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो रेल चरण-3 परियोजना की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यहां उन्होंने एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित भी किया।

**राहुल ने...**

मिस्ड कॉल दें। यह लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च करेंगे। राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करवा रहा है और भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। श्री गांधी के आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित डिनर में इस विषय पर चर्चा के बाद तय हुआ था कि गठबंधन दलों के सांसद इस मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। मार्च का आयोजन सोमवार 11 अगस्त को हो रहा है।

# उप्र सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकॉप्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ प्रशिक्षण को इटली भेजे जाएंगे पायलट, नागरिक उड्डयन विभाग ने मंजूरी देते हुए आदेश जारी किया

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हेलीकाप्टरों में शुमार अगस्ता एडब्लू 139 जल्द यूपी सरकार के बेड़े में शामिल होगा। इस हेलीकॉप्टर खरीद की मंजूरी के साथ ही तीन पायलटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा।

नागरिक उड्डयन विभाग ने इसकी मंजूरी देते हुए आदेश जारी कर दिया है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की निर्माता कंपनी इटली की लियोनार्डो हेलीकाप्टर है, जो पायलटों को हेलीकॉप्टर की उड़ान के लिए तकनीकी और आपात स्थिति में लैंडिंग का प्रशिक्षण देगी। इसके तहत कैप्टन अमित कुमार भूटानी और कैप्टन अक्षय जायसवाल को 13 अगस्त से 10 अक्तूबर तक और कैप्टन राजेश कुमाार शर्मा को 9 अक्तूबर से 27 नवम्बर तक विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। विदेश यात्रा के दौरान उनके हवाई किराया, दैनिक भत्ता, होटल, बीमा, वीजा शुल्क आदि पर 50. 40 लाख रुपए के खर्च को शासन ने मंजूरी दे दी है। अमित और अक्षय पर प्रति पायलट 17. 61 लाख रुपए और राजेश शर्मा पर 15.18 लाख रुपए खर्च होंगे। प्रदेश सरकार हेलीकाप्टर के अलावा एक नया अत्याधुनिक चार्टर्ड प्लेन भी खरीदने की तैयारी कर रही है। चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने में 600 से 700 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इससे पहले मायावती और अखिलेश यादव के शासनकाल में चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर की खरीद हुई थी।

योगी सरकार में पहली बार चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला हुआ है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर के साथ फांस के में बने फ्लेकन या बाम्बार्डियर चार्टर्ड प्लेन को लेकर विचार किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप की चार बड़ी कंपनियों ने चार्टर्ड प्लेन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। नागरिक उड्डयन विभाग के मुताबिक नया चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर खरीद के साथ ही सरकार के हवाई बेड़े में पांच चार्टर्ड प्लेन और चार हेलीकॉप्टर हो जाएंगे। देश के किसी भी राज्य की सरकार के पास इतने चार्टर प्लेन और हेलीकॉप्टर नहीं हैं। मायावती सरकार में वर्ष 2008 में एक बीचक्राफ्ट प्रीमियर 1-ए जेट और हाकर 900 एक्सपी खरीदा गया था। अखिलेश यादव की सरकार में एक बीचक्राफ्ट 200 टर्बोप्राप एयरक्रॉफ्ट और एक बेल 412 हेलिकॉप्टर खरीदा गया था।

### अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर की खूबियां

अधिकतम रफ्तार 278 किलोमीटर प्रति घंटा, बुलेटप्रूफ बाडी, मशीनगन फिट करने की सुविधा, दो पायलट की क्षमता, तीन ताकतवर इंजन, हवा में ईंधन भरने की क्षमता, सबसे बड़ा केबिन 8.3 फीट चौड़ा, 6.1 फीट ऊंचा, अधिकतम वजन 15,600 किलो।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अफजलगढ़ में युवक की हत्या

## सिरयावाली माइनर में पड़ी मिली खून से लथपथ लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सिरयावाली चक स्थित माइनर में युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक फौज में नौकरी की तैयारी कर रहा था। हत्या की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सिरयावली चक निवासी विश्वास कुमार (22 वर्ष) पुत्र राजकुमार शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े आठ घर से बिना बताए कहीं चला गया था। उसने परिजनों को कुछ नहीं बताया था। जब वह देर रात्रि तक घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने समझा कि वह पढ़ने के लिए घर समीप स्थित कोचिंग सैंटर पर गया होगा। परिजन यह समझ कर सो गए कि वह पढ़ाई करने के बाद वापस आ जाएगा। इस बीच आज सुबह सवेरे विश्वास की लाश घर से करीब आधा किलोमीटर दूरी पर नहर में उल्टी पड़ी मिली। लाश खून से लथपथ पड़ी थी। लाश मिलने की खबर क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और वह अन्य ग्रामीणों के साथ भागते हुए मौके पर पहुंचे। मृतक फौज में नौकरी की तैयारी कर रहा था।





युवक की लाश मिलने से पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया। एएसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार व थाना अध्यक्ष सुमित राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह आदि भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। एएसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृत्यु का वास्तविक कारण ज्ञात करने के लिए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त कर समस्त पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

उधर मृतक के पिता राजकुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि शनिवार की रात्रि आठ बजे उसका पुत्र विश्वास कुमार घर के निकट ही लाइब्रेरी में अध्ययन करने के लिए गया था। जो रात्रि में घर वापस नहीं लौटा।

रविवार को वह मृत अवस्था में उल्टा मुंह के बल पड़ा मिला। जिसके गले पर किसी धारदार हथियार का निशान है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके पुत्र की हत्या कर लाश को नहर में डाल दिया है। पुलिस ने पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103 (1) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर समस्त पहलुओं पर गहनता से जांच शुरू कर दी है।

## विश्वास के मोबाइल से खुलेगा हत्या का राज

**बिजनौर।** सिरयावली चक में जिस तरह से विश्वास की हत्या की गई है, उसकी गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए आसान नहीं है। हत्या के इस मामले में कोई गवाह नहीं है। न ही विश्वास और उसके परिवार की किसी से ऐसी दुश्मनी है, जिसमें हत्या कर दी जाए। सूत्रों का कहना है कि विश्वास के मोबा. इल से हत्या का राज खुलेगा। मामला प्रेम-प्रसंग का भी निकल सकता है। जमीन का कोई विवाद सामने नहीं आ रहा है।

# तीन नौजवान भाईयों की मौतों से सैकड़ों आखें नम







**थम्मन सिंह गहलौत**

**शिवाला कलां।** कुएं में उतरने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से दो सगे भाईयों व एक चचेरे भाई की दर्दनाक मौत के बाद कोहराम मचा हुआ है। तीन जवान मौतों से हर कोई सदमें में है। कई घरों में चूल्हे भी नहीं जले।

ग्राम सरकथल निवासी छत्रपाल सिंह (27 वर्ष) पुत्र धर्मवीर सिंह आज पूर्वाह्न जंगल गया था। बताया जाता है कि छत्रपाल कुएं के झेरे में मोटर देखने नीचे उतरा था। कुछ ही क्षणों बाद कुएं की जहरीली गैस से छत्रपाल बेहोश हो गया। इस दौरान वहां मौजूद छत्रपाल के चचेरे भाई कशिश (20 वर्ष) व हिमांशु (22 वर्ष) पुत्रगण हरि सिंह भी कुएं के झेरे में उतर गए। इससे पहले कि वह अपने तयेरे भाई छत्रपाल को बचाते, वह खुद भी बेहोश हो गए। वहां मौजूद अन्य युवक चेतन ने शोर मचाया। जिस पर आसपास मौजूद ग्रामीण वहां पर इकट्ठा हो गए। उन्होंने किसी तरह कुए के झेरे में रस्सी डाल कर तीनों को बाहर निकाला। तीनों को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीन जवान भाईयों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शवों को देखने के लिए अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक छत्रपाल विवाहित है। उसकी पत्नी रो-रोकर कई बार बेहोश हो गई। कशिश व हिमांशु की अभी शादी नहीं हुई थी। ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई है।



## घरों में नहीं जले चूल्हे

### खूनी नेशनल हाईवे पर

# भटपुरा के शाहरूख की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खूनी नेशनल हाईवे पर लगातार हादसे हो रहे है। हादसों में नौजवानों की जाने जा रही है।

रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के समीप हादसे में शाहरुख (28 वर्ष) पुत्र छुन्नू ठेकेदार निवासी ग्राम भटपुरा की मौत हो गई। मृतक शाहरूख वादीगढ़ से सुआवाला मार्ग से अपने घर भटपुरा उदयपुर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के समीप पहुंची, तो अचानक सामने से आ रही मिनी मेट्रो से उसकी टक्कर हो गई। वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शाहरूख को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके शरीर से काफी खून बह गया था। डॉक्टर ने शाहरुख को देख कर मृत घोषित कर दिया। जैसे ही उसकी मौत की सूचना परिजनों को मिली, उनमें कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते सीएचसी में पहुंचे। ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है मृतक युवक की शादी दो वर्ष पूर्व नगीना थाना क्षेत्र के एक ग्राम में हुई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक बेटी को छोड़ गया है। परिजनों ने बताया मृतक शाहरुख कल मुम्बई जाने वाला था।



गौरतलब है कि जब से नेशनल हाईवे बना है, तब से इस पर खतरनाक हादसे हो रहे है। ज्यादातर हादसों में जान ही चली जाती है। खास बात यह भी है कि हादसों में युवकों की ही मौत होती है। युवक काफी तेजी के साथ हाईवे पर अपनी बाइकें दौड़ाते है।

# सगे बेटे ने लूटी मां की इज्जत

## परेशान होकर मां ने दरांती से गला काटा, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जिस औलाद को मां अपने स्तन का दूध पिलाकर पालती है और नौ माह तक पेट में रखती है, वो ही अगर अपनी मां की इज्जत लूटने लगे, तो फिर जमीन पर इससे बड़ा पाप कोई दूसरा नहीं हो सकता है। रक्षाबंधन पर जब बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर अपनी रक्षा का संकल्प ले रही थी, उससे पहले रात में कलयुगी बेटा अपनी मां की इज्जत लूटने के लिए उसके साथ पशुओं जैसा व्यवहार कर रहा था। पूर्व में भी इज्जत लूट चुके इस कलयुगी पुत्र को अहसास नहीं होगा कि जिस मां ने उसे पाल-पोस कर बड़ा किया, वह आज उसे अपनी इज्जत की खातिर हमेशा के लिए मौत की नींद भी सुला देगी। पुलिस ने हत्यारोपी मां को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल की गई दरांती भी बरामद कर ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावली क्षेत्र के ग्राम श्यामीवाला में तीन दिन पूर्व 32 वर्षीय अशोक पुत्र चन्द्रपाल की रात में घर में सोते समय धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अशोक की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। एसपी अभिषेक ने इस सनसनीखेज घटना के खुलासे के लिए कई टीमें गठित की थी। एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्ता मृतक अशोक की मां मुन्नी देवी ने बताया कि अशोक नशे का आदी था। कुछ दिन पहले अशोक ने नशे की हालत में उसकी इज्जत लूट ली थी। लेकिन समाज में अपनी फजीहत बचाने की खातिर उसने खामोशी अख्तियार कर ली थी। उसे नहीं पता था कि शराबी बेटा फिर यह करतूत करेगा। लेकिन मन में वह घुटन महसूस करने लगी थी और खुद अपनी नजरों से गिर गई थी। इस बीच सात अगस्त को उसका पति रात का खाना खाकर घेर में सोने चला गया था। जबकि बड़ा बेटा व पुत्रवधू बराबर में अपने कमरे में सो रहे थे। अशोक रात लगभग 11 बजे नशे की हालत में घर आया और फिर अपनी मां की इज्जत से खेलने की कोशिश करने लगा। मां ने जैसे-तैसे एक बार फिर अपनी इज्जत लूटने से बचाई। नशा हो जाने पर अशोक थक कर सो गया। परेशान मां ने लगभग साढ़े 12 बजे फैसला कर लिया कि वह अब अशोक को जिंदा नहीं छोड़ेगी। जब अशोक गहरी नींद में सो गया, तो घर में रखी लोहे की दरांती से उसकी गर्दन पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। उसने शोर मचाकर अपने परिजनों को गुमराह करने का प्रयास किया। उसने अपने कपड़े शोर मचाने से पहले बदल दिए थे। साथ ही दरांती मौके पर छोड़ दी थी। ताकि पुलिस समझे की हत्यारा दरांती मौके पर छोड़ कर भाग गया है। इस मामले में एसपी के द्वारा बनाई गई टीमों ने जब गहराई से छानबीन की, तो परिवार के ही किसी सदस्य का इसमें हाथ होने का शक हुआ। मृतक अविवाहित था। इस लिए उसके भाई पर भी सम्पत्ति हड़पने की खातिर हत्या करने का शक गया। मगर वक्त की मारी और बेटे के हाथों इज्जत लुटवा चुकी मां ने अपना गुनाह पुलिस अधिकारियों के सामने कबूल कर लिया।





## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम झाड़पुरा निवासी बृजेश पुत्र उदल सिंह (40 वर्ष) बाइक द्वारा अपने खेत पर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक द्वारिकेश शुगर मिल के समीप पहुंची, तो विपरीत दिशा से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते उसको हायर सेंटर रैफर किया गया। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है।



### अजविंदर सिंह बिसला ने जताया शोक



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नायक सराय निवासी 70 वर्षीय मौहम्मद असलम का लंबी बीमारी के चलते देर रात इंतकाल हो गया था। वह काफी समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में गम का माहौल छा गया। रविवार को बाद नमाजे जौहर 1:15 बजे जामा मस्जिद में जनाजे की नमाज अदा की गई। इसके बाद उन्हें बस अड्डा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में नगर के तमाम गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नगर सचिव अजविंदर सिंह बिसला ने जामा मस्जिद जनाजा हाल में पहुंचकर असलम के छोटे भाई शकील से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की।

### टिक्कोपुर में महिला ने की फायरिंग

**बिजनौर।** ग्राम टिक्कोपुर में दो पक्षों के बीच चली आ रही तनातनी के कारण देर शाम पथराव हो गया। आरोप है कि एक पक्ष की महिला ने तमंचे से फायर भी किया। घटना के बाद ग्राम में तनाव फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गए। दोनों ओर से किए जा रहे पथराव व महिला के हाथ में तमंचे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ग्राम निवासी फाजिल पुत्र निसार और इरफान पुत्र नूर अहमद के बीच कई दिनों से बच्चों के विवाद को लेकर तनातनी चल रही है। शुक्रवार की शाम को इरफान के छोटे भाई फुरकान ने फाजिल की पत्नी रूखसाना के साथ मारपीट की थी। इस मामले में फाजिल की तहरीर पर पुलिस ने फुरकान का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था। ग्रामीणों के मुताबिक इसी बात से नाराज होकर शनिवार को देर शाम इरफान पक्ष के लोगों ने छत पर चढ़कर फाजिल पक्ष के घरों पर पथराव किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखकर हमलावर फरार हो गए। फाजिल पक्ष का आरोप है कि इरफान पक्ष की महिला ने तमंचे से फायर भी किया। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिलाएं और पुरुष पथराव और गाली-गलौच करते दिख रहे हैं। एएसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। फुरकान को लेकर ग्रामीणों में रोष है। बताया जाता है कि वह काफी दबंग है। ग्रामीण उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे है।

### काजी तारिक अली ने बंधवाई राखी

**किरतपुर।** नगर व क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कल दिन भर रुक-रुककर वर्षा होने पर भी भाई-बहनों का उत्साह कम नहीं हुआ। दिन भर सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। सभी मिठाई विक्रेताओं की सारी मिठाइयां बिक गई। नगर में पूर्व सभासद सुशीला चौहान ने अपने मुंह बोले भाई लोकदल के प्रदेश सचिव व समाजसेवी काजी तारिक अली को गत वर्षों की भांति राखी बांधी। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार खुद सड़कों पर घूमते रहे और जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

# पानी में पैर देने को तैयार नहीं जनप्रतिनिधि

## भ्रष्टाचार की सजा भुगत रही आम जनता का कोई पुरसाने हाल नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद की जनता प्राकृतिक आपदा के साथ ही अफसरों व नेताओं के भ्रष्टाचार की सजा भुगत रही है। जनता पानी के बीच छतों पर रहने को मजबूर है। लेकिन जनता के वोटों से निर्वाचित होकर जनप्रतिनिधि बने सफेदपोश पानी में पैर देने को तैयार नहीं है।

वर्तमान में जनपद की जनता सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। बैराज मार्ग वाहनों के लिए पिछले कई दिनों से बंद है। हालांकि पानी उतर गया है, लेकिन अभी चौपहिया वाहनों के लिए बैराज मार्ग को नहीं खोला गया है। जिससे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। लम्बा सफर तय कर मेरठ, मुजफ्फरनगर व दिल्ली जाना पड़ रहा है। खादर क्षेत्र में मालन के पानी ने भारी तबाही मचाई है। गांगन ने नहटौर में और इकड़ा ने धामपुर में जनजीवन को बेपटरी कर दिया है। नजीबाबाद नगर के अंदर आराम से मछली पकड़ी जा सकती थी। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। मजदूरों व गरीबों के चूल्हे ठण्डे पड़े है और जल भराव वाले क्षेत्र में रहने वाले अमीर दौलत होने के बावजूद घर से बाहर निकल कर उसे खर्च नहीं कर पा रहे है। लेकिन प्रभावितों तक राहत सामग्री नहीं पहुंच पा रही है। राहत सामग्री पहुंचाने का अधिकारी इस तरह से प्रचार कर रहे है, जैसे उन्होंने सभी की मदद कर दी है। यह मदद ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। जिन गरीबों को मदद मिलनी चाहिए, वहां तक मदद नहीं पहुंच पा रही है। सत्ता से जुड़े हुए लोगों तक ही मदद पहुंचाई जा रही है। जो सत्ता के करीब नहीं है, वह मदद से महरूम है।










सड़कों पर पानी बहने की वजह से वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है। नदियों व नालों पर अतिक्रमण करने एवं नालों की सफाई न होने की वजह से इनका पानी सड़कों पर बह रहा है। अभी भी कही जगह सड़कों पर पानी मौजूद है। लेकिन प्रशासन व शासन ने ऐसा कोई इंतजाम फिलहाल नहीं किया है, जिससे आइंदा ऐसी स्थिति पैदा न हो। जनप्रतिनिधियों का काम जनता का दर्द सुनकर उसे कम करना होता है। लेकिन आपदा के मौजूदा दौर में जनपद के जनप्रतिनिधि न जाने कहा गायब हो गए। जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जनता का दर्द समझने का प्रयास ही नहीं कर रहे है। वह पानी में पैर देने के लिए तैयार नहीं है। उन्हें पानी से नफरत है या जनता दर्द समझना नहीं चाहते है, यह तो वही जानते होंगे। मगर इतना साफ है कि वह अपनी जिम्मेदारी से बच रहे है। अधिकारियों के भरोसे काम नहीं हो सकता है। अगर जनप्रतिनिधि प्रभावित क्षेत्रों में जाकर जनता का दर्द सुनने के बाद उनकी मदद के लिए अधिकारियों पर दबाव डालते, तो जरूर जनता को फायदा पहुंचता। अभी बरसात का मौसम खत्म नहीं हुआ है। जब तक बारिश होती रहेगी, तब तक आफत आती रहेगी। इस आफत के स्थायी समाधान के लिए जनप्रतिनिधि ही आगे आकर रास्ता निकलवा सकते है। लेकिन वह ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। वह अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे है। जनप्रतिनिधियों के व्यवहार से जनपद की जनता बेहद दुखी है। वह अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की कारगुजारियों को देख रही है। उसे घड़ियाली आंसू बहाने वाले जनप्रतिनिधियों से इस तरह की उम्मीद नहीं थी। जनप्रतिनिधियों को लेकर जनता में गुस्सा देखा जा रहा है। जो कभी भी फूट सकता है। शायद अपनी जेब से मदद करने के डर से जनप्रतिनिधि अज्ञातवास में है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# तिगरी में 15 व ब्रजघाट में 5 सेमी घटा जलस्तर

## बैराज से डिस्चार्ज किए गए पानी की मात्रा भी और दिनों की अपेक्षा रही कम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पिछले दो दिनों से बिजनौर बैराज से डिस्चार्ज किए गए पानी की मात्रा कम होने से गंगा के बढ़े जलस्तर पर भी असर हुआ है। शनिवार व रविवार दो दिन में गंगा का पानी तिगरी में 25 सेंटीमीटर कम हुआ है तो वहीं वहीं ब्रजघाट में भी रविवार को 05 सेंटीमीटर पानी घटा। पानी कम होने से खादर गांवो में भरा बाढ़ का पानी भी कम हुआ है, लेकिन बाढ़ का पानी उतरते उतरते कुछ दिन लग जाएंगे।

पिछले दिनों उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद गंगा के जलस्तर में भी वृद्धि हुई। बिजनौर स्थित बैराज पर गंगा का पानी क्षमता से अधिक होने के कारण डाउन स्ट्रीम में डिस्चार्ज किया गया, लगातार दो लाख क्युसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण तिगरी गंगा धाम में भी गंगा का जलस्तर बढ़ गया और नतीजन गंगा का बढ़ा पानी खादर के कई गांवो में पहुंच गया। खेतों की बात करें तो

**उम्मीद**

**● बाढ़ ग्रस्त गांवो के लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद**

फसलें लगभग पिछले एक महीने से जलमग्न ही हैं। खादर गांवो में बाढ़ का पानी पहुंचने पर लोगों को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई गांव तो ऐसे हैं जहां पर परिवहन के रूप में नाव का प्रयोग करके ही आवागमन होता है। हालांकि शनिवार व रविवार को जलस्तर में 25 सेंटीमीटर की कमी निश्चित रूप से बाढ़ ग्रस्त गांवो में कुछ राहत का संकेत देती है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि गांवो में भरा एक ही दिन में सूख जाए, क्योंकि पानी अभी काफी है जिसे सूखने और उतरने में समय लगेगा, लेकिन राहत की बात यह है कि गंगा का जलस्तर अब कम हो रहा है। यदि जलस्तर आने वाले दिनों में भी कम होता है तो खादर के बाढ़ ग्रस्त गांवो को जल्दी राहत मिलेगी। बाढ़ खंड विभाग द्वारा प्राप्त आंकड़ो की बात करें तो रविवार को बिजनौर स्थित बैराज से 1,29,737 क्युसेक पानी डिस्चार्ज किया गया जबकि गेज शनिवार के मुकाबले घटकर 200.85 मीटर गेज हो गया। इसी तरह ब्रजघाट में शनिवार को गंगा का गेज 198.95 मीटर पर था जो कि खतरे के निशान से मात्र पांच सेंटीमीटर दूर था लेकिन रविवार को जलस्तर घटकर 198.90 मीटर गेज पहुंच गया। एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव लगातार खादर क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवो की लगातार मॉनीटरिंग कर रही हैं, लेखपालों की ड्यूटी भी नियमित रूप से लगाई जा रही है, वहीं पुलिस के साथ साथ अन्य विभागों को उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

# अतिक्रमण के विरोध पर थाने पर गरजे लोग

## समस्या दूर न हुई तो करेंगे सड़क जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली।** अतिक्रमण से परेशान लोगों ने थाने के गेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या को जल्द दूर नहीं किया गया तो वह सड़क जाम करने को बाध्य देंगे।

बताते चलें कि कस्बे में अतिक्रमण कारियों ने सड़कों पर कब्जा कर लिया है। जिससे हर समय जाम लगा रहता है। आज इसके विरोध में लोगों ने थाने के गेट पर प्रदर्शन कर समस्या को दूर करने की मांग की। उनका कहना था कि आरा मशीनों के पास लकड़ी भरने का कार्य सड़क पर किया जाता हैं इसके अलावा बजरी, बजरपुट भी सड़क पर फैला रहता है। यह मार्ग अतिक्रमण से संकरा हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को दिक्कत उठानी पड़ती है। प्रदर्शन करने वालों में हेमराज सिंह, सोनू पटेल, कमल मुखिया, मोनू मनीष, कपिल, गौरव, दीपक, रोहित भाटी, रामविलास, विकास पटेल, चिंटू पटेल, आदि शामिल थे।

# बंदरों के बढ़ते आतंक से लोग भयभीत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सीढ़ियों और मौहल्ला अतरपुरा में बंदरो के आंतक से लोग भयभीत हो चले हैं। रविवार को रेलवे पुल की

**छात्रा व युवक को किया जख्मी**

सीढ़ियों से उतरते समय एक छात्रा व युवक को बंदरो ने जख्मी की दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के दुकानदार पहुंचे और



रेलवे पुल की सीढ़ियों पर बंदर ( लाल घेरे में ) भगाते लोग

बंदरो को गुलेल और डंडे, पत्थर आदि लेकर भगाया। ऐसा कोई एक दिन का नहीं बल्कि रोज का ही घटनाक्रम हो गया है। प्रतिदिन रेलवे पुल की सीढ़ियों से होकर स्कूल के छोटे छोटे बच्चे, अभिभावक, छात्र-छात्राओं समेत तमाम राहगीर गुजरते हैं, इसी तरह बंसत विहार की साइड में भी बंदरो का आतंक है। आसपास के लोग भी बंदरो के आंतक से परेशान हैं। बंदर छत पर कपड़े सुखाने जाने वाली महिलाओं पर भी हमलावर हो जाते हैं तो वहीं घरों में घुसकर खाद्य सामग्री ले जाते हैं। दुकानदारों की दुकानों से भी सामान ले जाते हैं। स्थानीय दुकानदारों व लोगों ने नगर पालिका परिषद से बंदरो और आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिये अभियान चलाने की मांग की है। रविवार को बंदरो द्वारा छात्रा व एक युवक को जख्मी कर देने की घटना से लोग और दुकानदार और भी घबरा गए हैं। लोगों ने नगर पालिका के ईओ से भी फोन पर समस्या बताते हुए अभियान चलाने की मांग की।



सैदनगली। अतिक्रमण के खिलाफ थाने में ज्ञापन देते नागरिक।

# रक्षाबंधन पर बहन ने उपहार में मांगी खाद की बोरियां

## भाई ने बहन की फरमाइश की पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रक्षा बंधन पर एक बहन द्वारा अपने भाई से उपहार में दो बोरे यूरिया खाद मांगे जाने का अनोखा मामला प्रकाश में आया है। भाई ने भी अपनी बहन की इस अनोखी फरमाइश को हाथों-हाथ पूरा कर दिया।

भईया मुझे इस बार रक्षाबंधन पर उपहार में यूरिया खाद की दो बोरियां चाहिये। रक्षाबंधन पर एक बहन पूनम अपने मायके बीझलपुर पहुंच गई। और अपने भाई अमित शर्मा के कलाई पर राखी बांध दी। पूनम ने अपने भाई से उपहार में दो बोरी यूरिया खाद मांगा तो अमित शर्मा भी यह सुनकर हैरत में पड़ गया। अमित शर्मा ने अपनी बहन की फरमाइश पूरी कर दी। बताया जाता है कि पूनम के पति भुवनेश शर्मा तहसील के गांव भावली में किसानी करते हैं। इस वर्ष जनपद में यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए यूरिया खाद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सहकारी समितियां पर खाद बहुत कम मात्रा में पहुंच रहा है। जिससे किसान यूरिया खाद के लिए परेशान है। यूरिया खाद के लिए किसान कहा तक पहुंच चुका है। पूनम ने अपने भाई से यूरिया खाद मांग कर यह साबित कर दिया है। पूनम द्वारा अपने भाई से उपहार में यूरिया खाद मांगे जाने के बाद से ही यह बात इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# फूलन देवी के जीवन से प्रेरणा लें: यादव

## सपाईयों ने जयंती पर किया याद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती मनाई गई। सपाइयों ने उनके चि त्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने पूर्व सांसद फूलन देवी के जीवन प्रकाश डाला। न्होंने कहा कि 10 अगस्त 1963 को उत्तर प्रदेश के गांव गोहरा में एक निम्न वर्ग परिवार में जन्मी फूलन देवी का जीवन संघर्षो से भरा रहा। एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें बीहड़ों में भी भटकना पड़ा, लेकिन समाज एवं सरकार से न्याय की उम्मीद खो चुकी फूलन देवी को खुद हथियार उठाना पड़ा। कहा कि उन्हें सम्मानजनक नई जिंदगी देने का काम समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने उच्च सदन में भेज कर किया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष नवाजिश अली ने कहा कि फूलन देवी की जीवन गाथा से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि अत्याचार शोषण और सुरक्षा के लिए हमें अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने नारी सुरक्षा के लिए कमजोर असहाय महिलाओं के लिए यह संदेश दिया की नारी को भी सम्मान से जीने का अधिकार प्राप्त हो। अगर नारी के सम्मान स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का कोई कार्य किया जाता है तो उनका डटकर मुकाबला करना जरूरी है। नारी शक्ति का सबसे अधिक शोषण भाजपा कार्यकाल में हो रहा है। नारी सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा सरकार विफल हो गई है। इस मौके पर चंद्रपाल सैनी, महमूद अली उर्फ भूरे, राधेलाल रघुवंशी, सरफराज अनवर, मुमताज खां, सुरेन्द्र सिंह यादव, सतेन्द्र सिंह यादव, ऋषिपाल सिंह, रजनीश यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा हाल ही में प्रारंभ किए गए 'ऑबजेक्टिव इवेल्यूऐशन सिस्टम' के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों के मूल्यांकन कार्य में 2501 अंको के साथ जनपद अमरोहा में दूसरे स्थान पर रहे गजरौला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश

**पुलिस का कार्य सराहनीय: डॉ.लाल सिंह**

प्रधान को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. लाल सिंह ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और गजरौला क्षेत्र में पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। इस मौके पर उनके साथ होटल स्वामी विपिन चौधरी भी मौजूद रहे।



# प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर नाकाम: भूपेन्द्र

## खेड़की गांव में सपा की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी की बैठक में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में चल रही भाजपा की डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। जमीनी स्तर पर जनता से जुड़े मुद्दों और परेशानियों से वर्तमान सरकार को कोई मतलब नहीं है।

रविवार को गजरौला ब्लॉक के खेड़की गांव में आयोजित बैठक में चौधरी भूपेंद्र सिंह ने समाजवादी पार्टी की नीतियों से ग्रामीणों को रूबरू कराया। कहा कि, जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो धरातल पर विकास दिखाई देता था। पार्टी ने सड़क से लेकर संसद तक गरीब, मजदूर, नौजवान की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 सांसद जीते, जो आज संसद में जनता के मुद्दों को पूरी शिद्दत के साथ उठा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार जनता के बीच जाकर उनके दुख दर्द में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। इस मौके पर मोमीन, मुन्ना अली, ओमप्रकाश, सतपाल सिंह, रामवीर सिंह यादव, राजपाल सिंह, महिपाल सिंह, रामनिवास, सतपाल सिंह, आसब अली, इमरान अली, नफीस अहमद, रहीश अहमद, एहसान आदि मौजूद रहे

## पैगाम-ए-अमन कमेटी का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सामाजिक संस्था पैगाम-ए-अमन कमेटी के कार्यक्रमों की सफलता पर समाजसेवी हाजी मुजफ्फर अली अंसारी व उनके सहयोगियों ने मोहल्ला कुरैशी स्थित प्रतिष्ठान पर शनिवार रात कमेटी पदाधिकारियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने पैगाम-ए-अमन कमेटी को अमरोहा में अमन और भाईचारे का प्रतीक बताया। समाजसेवी मुजफ्फर अंसारी ने कहा कि बहुत कम समय में कमेटी ने सामाजिक कार्यों में सफलता प्राप्त कर साबित कर दिया है कि मंजिल पर पहुंचने के लिए आपसी सौहार्द व एकता का होना जरूरी है। इस दौरान कमेटी चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर, महासचिव फैज आलम राईनी, सैय्यद उवैस मुस्तफा रिजवी, मरगूब सिद्दीकी, जफर शाह खघं, इकराम हुसैन जैदी, इसरार अहमद एडवोकेट, सूफी निशात सिद्दीकी, नदीम अंसारी एडवोकेट, उस्मान मंसूरी, सरकार आलम, अफसार बख्श, आलम खां आदि मौजूद रहे।

# दीवार के मलबे में दबकर मजदूर की मौत

## बिना कार्रवाई के किया सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** दीवार तोड़ते समय पैर फिसलने से मजदूर नीचे आ गिरा तथा उसके ऊपर दीवार का मलवा गिर गया। जिसमें दबकर मजदूर की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बिना कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

घटना नगर के मोहल्ला बेगम सराये में घटी। मोहल्ले के रहने वाले मजदूर शकील अहमद यहां एक मकान की दीवार तोड़ रहे थे। शाम करीब छह बजे दीवार तोड़ते समय उनका पैर अचानक फिसल गया। जिससे वह नीचे आ गिरे। उसी दौरान दीवार का मलबा भी उनके उपर आ गिरा। जिसमें दबकर शकील अहमद की मौत हो गई। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा शकील अहमद के शव को मलबा से बाहर निकाला। मृतक के स्वजन भी घटना स्थल पर आ गए थे। बाद में वह बगैर कार्रवाई के शव को घर ले गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# वार्ड का चुनाव राजनीति के रंग में रंगा

## 913 वोटर तय करेंगे चार प्रत्यशियों का भाग्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** वार्ड संख्या 16 आज सुबह से राजनीति के रंग में रंगा हुआ है। सभासद पद के उपचुनाव में मुकाबला इतना दिलचस्प हो गया है कि मोहल्लों से लेकर चौपालों तक हर कोई बस यही पूछ रहा है ख्र भई, इस बार ताज किसके सिर सजेगा?

रविवार की शाम जैसे ही पोलिंग पार्टी वार्ड 16 के पोलिंग बूथ पर पहुंची, माहौल में चुनावी सरगर्मी और तेज हो गई। चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें भाजपा समर्थित दयावती भी शामिल हैं। बाकी तीन उम्मीदवार भी किसी से कम नहीं, हर कोई मोहल्ले-मोहल्ले जाकर अपने नाम की सील लगवाने की जुगत में है।

913 मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग कर यह तय करेंगे कि आने वाले दिनों में वार्ड का भविष्य कौन लिखेगा। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। घरों में मतदाताओं को बुलाने के लिए रिश्तेदार, पड़ोसी और समर्थक मानो एक-एक वोट के खोजी दस्ते बन गए हों।

सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरे एक्शन मोड में है। देर शाम सीओ अंजलि कटारिया ने खुद मौके पर पहुंचकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार समेत पूरी टीम वहां मौजूद रही। पुलिस की पैनी नजर और अधिकारियों की सख्ती से प्रत्याशियों के समर्थक भी लाइन के अंदर ही खेलने को मजबूर हैं। अब सवाल यह है कि इन मतपेटियों में बंद परचियां किसके पक्ष में निकलेंगी? क्या भाजपा समर्थित उम्मीदवार बाजी मारेंगे या फिर कोई और उलटफेर कर देगा? मतदान खत्म होते ही पूरे वार्ड में चर्चा का एक ही मुद्दा रहेगा ख्र कौन बना वार्ड 16 का बादशाह, या कहें, महारानी।

# गाजीपुर के मजदूर की हृदयगति रुकने से मौत

## मौहल्ले के लोगों ने चंदा करके गांव भिजवाया शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** मौत कब आ जाए कुछ नहीं पता.... ऐसी ही एक घटना एक फैक्ट्री मजदूर के साथ हुई। रात को मजदूर अपनी पत्नी और 6 साल के मासूम बच्चे के साथ ठीक सोया था, मगर रात को उसकी हृदयगति रुकने से मौत हो गयी। सुबह को पत्नी ने टहलने जाने के लिए पति को जगाया तो कोई हलचल न होने पर घटना की जानकारी हुई। पति की मौत से पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शिवपुरी में दिनेश शर्मा के मकान में गाजीपुर जिले के रहने वाले राजन यादव अपनी पत्नी सुनीता व छह साल के बेटे के साथ रहते थे। राजन हाईवे किनारे स्थित टीटीई फैक्ट्री में मजदूरी करते थे और उनकी पत्नी एक प्राइवेट स्कूल में चतुर्थ श्रेणी का काम करती हैं। शनिवार की रात को करीब दस बजे दोनों पति-पत्नी रोजाना की तरह सोए थे लेकिन, रात में किसी वक्त हृदय गति रुकने से राजन की मौत हो गयी। सुबह को करीब पांच बजे जब सुनीता ने अपने पति को टहलने जाने के लिए जगाया तो उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, यह देखकर सुनीता की चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर मकान मालिक और मौहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए। राजन का घर गजरौला से 800 किलोमीटर दूर है और राजन की पत्नी के पास पैसे भी नहीं थे। जिस पर मकान मालिक और मौहल्ले के लोगों ने इंसानियत का धर्म निभाते हुए चंदा करके 30 हजार रूपये एकत्र किए और एंबुलेंस के माध्यम से राजन के शव को गांव भिजवाया और सुनीता को कुछ पैसे खर्चे के लिए भी दिए। राजन के शव के साथ रोती बिलखती पत्नी और उसका छह साल का मासूम बच्चा भी एंबुलेंस में बैठकर गांव चले गए। इस दुखद घटना से हर किसी की आंखे नम हो गईं।

# 19 अगस्त को होगी ऐतिहासिक किसान सभा आयोजित

**छपरौली।** क्षेत्र के ग्राम लूंब में आगामी 19 अगस्त को सुबह 11 बजे एक ऐतिहासिक किसान सभा आयोजित होने जा रही है। इस सभा में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता शामिल होकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाएंगे। पूरे क्षेत्र में इस कार्यक्रम को लेकर जोश और उत्साह का माहौल है, और बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। किसान समस्याओं पर होगी खुली चर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्की चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे फसल का उचित मूल्य, सिंचाई व्यवस्था में सुधार, महंगी बिजली, कर्जमाफी, और किसान विरोधी नीतियों में बदलाव को लेकर आयोजित किया जा रहा है। उनका कहना है कि जब किसान एक मंच पर एकजुट होंगे, तभी उनकी आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंचेगी। बड़े किसान नेता होंगे शामिल इस ऐतिहासिक किसान सभा में शामिल होंगे। जगजीत सिंह डल्लेवाल अध्यक्ष, संयुक्त किसान मोर्चा अभिमन्यु कोहाड़ मुख्य वक्ता नितिन बालियान राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन आजाद इंजीनियर शादाब चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विंग विक्की चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन आजाद के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी दल-बल के साथ उपस्थित रहेंगे।

# भाजपा राज में सबसे दुखी गौमाता है

## चौराहे पर पायलट की प्रतिमा लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाजपा लोकतंत्र का चीर हरण कर रही है। भाजपा ने वोटो की चोरी की है। जन समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री आवास का घेरावकिया जायेगा। हसनपुर में किसी भी चौराहे का नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक किया जाये।

रविवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने अपने आवास पर नगर पंचायत सैदनगली में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि हसनपुर नगर में किसी भी चौराहे का नाम देश के प्रथम गृहमंत्री अखंड भारत का निर्माण करने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल होना चाहिये। उसी चौराहे पर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लगनी चाहिये।देश के गृह राज्य मंत्री रहे किसान नेता स्वर्गीय राजेश पायलट के नाम से कोई भी मुख्य द्वार बनना चाहिये। किसी भी चौराहे पर पायलट की प्रतिमा लगनी चाहिये। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र का अधिकांश भाग बाढ़ ग्रस्त है। जनप्रतिनिधियों को लोगों की मदद करनी चाहिये। जनता के बीच जाकर उनके कष्ट दूर करने चाहिये। बाढ़ के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है। शासन और प्रशासन उदासीन है कोई भी जन प्रतिनिधि लोगों के बीच नहीं जा रहा है। जनता के दुख दूर नहीं कर रहा है। जनता और पशु परेशान है। बाढ़ की समस्या का समाधान अभी तक नहीं किया गया है। जल्दी ही कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बार प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगा। और जनता की मदद करेगा आवारा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जनता को यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर जिला सचिव राजपाल सैनी मनोज कटारिया हरस्वरूप प्रधान जी अफसर अली सैफी मौजूद रहे।

# मलपुरा के जंगल में युवक का शव मिलने से सनसनी

## चौदह दिन से लापता था मृतक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव मलपुरा के जंगल में रविवार को एक बीस वर्षीय युवक का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक युवक 14 दिन पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही थाने में दर्ज करा रखी थी। शव के पास युवक का मोबाइल और एक पेड़ पर लटका हुआ कपड़ा भी मिला है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है।

जानकारी के अनुसार गांव मलपुरा निवासी रमेश सिंह का 20 वर्षीय पुत्र जितेंद्र सिंह मीमला मुस्तफाबाद में बाइक मैकेनिक की दुकान चलाता था। लगभग दो सप्ताह पूर्व वह दुकान से अपने घर के लिए निकला, लेकिन रास्ते में ही लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उन्होंने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

रविवार को गांव के कुछ लोग जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गए थे, तभी उन्हें एक जगह से तेज दुर्गंध महसूस हुई। नजदीक जाकर देखने पर वहां एक युवक का शव अर्धविक्षप्ति हालत में पड़ा मिला। शव के पास मोबाइल फोन और एक पेड़ पर युवक का कपड़ा भी लटका हुआ था। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव की पहचान कपड़ों और मोबाइल फोन के आधार पर जितेंद्र सिंह के रूप में की। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक की हत्या कर शव को वहां फेंक दिया गया और मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। परिजन भी युवक की मौत को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं और हत्या की आशंका जता रहे हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## हादसे में मां की मौत, बेटा घायल

**किरतपुर।** नगीना रोड स्थित इमामपुरा के सामने भट्टे के पास अचानक सड़क पर आई गाय से मोटर साइकिल की टक्कर हो गई। भीषण हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू उर्फ देवेंद्र कुमार पुत्र ऊदल सिंह निवासी तकीपुरा, थाना कोतवाली देहात, अपनी मां गुड्डी उम्र करीब 50 वर्ष के साथ छितावर स्थित मायके जा रहे थे। इमामपुरा के पास अचानक सामने आई गाय से उनकी मोटर साइकिल टकरा गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गुड्डी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेजकर परिजनों को सूचित किया गया। महिला की इस आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# आर्य समाज की सभी इकाइयों पर वैदिक रीति से मनाया श्रावणी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आर्य समाज बिजनौर की यजवेदी पर आर्य जनों द्वारा शनिवार को प्रातः 7 बजे रक्षाबंधन का पर्व वैदिक रीति से मनाते हुए यज्ञ कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित आर्यजनों ने नए जनेऊ ग्रहण किए। यज्ञ के पुरोहित मास्टर चंद्रपाल सिंह ने रक्षाबंधन एवं श्रावणी पर्व पर विस्तार से जानकारी दी।

रविवार को साप्ताहिक यज्ञ का आयोजन कराया गया और श्रावणी पर्व के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के बारे में बताया गया। यज्ञ कार्यक्रम में सत्येंद्र सिंह, डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, विजेंद्र सिंह, हितेश शर्मा, रामप्रीत, अनुपम शर्मा, गौरव कुमार, रविंदर सिंह, धर्मपाल सिंह, महेश कुमार बाबूजी, देवेंद्र सिंह, हर्ष कुमार, अजय वशिष्ठ एवं अन्य आर्य जन उपस्थित रहे। शनिवार को प्रातः 8 बजे आर्य समाज शेरपुर कल्याण में रक्षाबंधन का पर्व वैदिक रीति से यज्ञ करके मनाया गया। जिसमें आर्य समाज शेरपुर कल्याण के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित हुए। घर घर यज्ञ हर घर यज्ञ कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रातः 8 बजे राजपाल सिंह आर्य निवासी ग्राम पुट्ठा के निवास स्थान पर उनके परिवार की सुख समृद्धि के लिए वैदिक रीति से यज्ञ किया गया। जिसमें आर्य समाज शेरपुर कल्याण के सदस्य परिजन और ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

### श्रावणी पर्व का जन्माष्टमी तक होगा आयोजन

श्रावणी उपाकर्म के अंतर्गत यज्ञ और वेद स्वाध्याय के इस पावन पर्व पर आर्यसमाज बिजनौर द्वारा आयोजित निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार पधारकर यज्ञ और स्वाध्याय का संकल्प लेकर अपनी संस्कृति,राष्ट्र रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। आर्य समाज बिजनौर के प्रधान डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस एवं प्रबंधक विजेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि आगामी कार्यक्रम निम्नवत आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को विजेन्द्र सिंह आर्य के निवास, आवास विकास कॉलोनी बिजनौर में प्रात 8 बजे, मंगलवार प्रातः 8 बजे से आर्य वैदिक कन्या इन्टर कॉलेज बिजनौर, बुधवार प्रातः 8 बजे से सत्येन्द्र सिंह आर्य भरत विहार, बिजनौर, बृहस्पतिवार प्रातः 8 बजे से दयानन्द बाल विद्या मन्दिर बिजनौर, शुक्रवार सायं 4 बजे से अजय कुमार वशिष्ठ, मौहल्ला- खत्रियान, निकट- सुदामा पार्क बिजनौर, शनिवार प्रातः 7 बजे से आर्यसमाज बिजनौर में यज्ञ के रूप में संपन्न कराए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में पुरोहित राजीव आर्य, गायत्री आर्या द्वारा यज्ञोपरांत सभी दिवसों के महत्व पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। अतः सभी याज्ञिक महानुभाव सज्जनों से निवेदन है कि उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या बल में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित कर मानव जन्म को सफल करें।

## रेडीमेड कपड़ों की दुकान में लगी आग

**नहटौर।** अब्दुल कलाम आजाद द्वार के पास रेडीमेड कपड़ों की दुकान में आग लग गई। दुकान के पीछे बने एक फल के गोदाम तक आग पहुंच गई, जिसको लेकर हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार धामपुर मार्ग पर स्थित अब्दुल कलाम आजाद द्वार के पास चामुंडा मार्केट में सोनू की रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। शनिवार की रात करीब 8:00 बजे दुकान खुली हुई थी। दुकान के पिछले हिस्से में अचानक आग लग गई। आग लगने से हजारों रुपए के कपड़े जल गए।

दुकान के पीछे बने शाकिर अहमद के फल गोदाम तक भी आग पहुंच गई, जिसमे फल रखने की क्रेड जल गई। आग का धुंआ देखकर भीड़ जमा हो गई। बामुश्किल आग पर काबू पाया गया। आग शार्ट सर्किट से लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# आशुतोष कौशिक अध्यक्ष एवं नितिन राजपूत को मंत्री चुना



### यूपी बैंक इम्पलाई यूनियन का चुनाव सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** यूपी बैंक इम्पलाई यूनियन की तीन वर्षीय चुनाव कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। धामपुर के एक प्रतिष्ठान पर यूनियन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें आशुतोष कौशिक अध्यक्ष एवं नितिन राजपूत को मंत्री चुना गया है।

यूनियन में कई बैंकों के कर्मचारियों ने भाग लिया। नितिन राजपूत ने बताया कि यूनियन के आगरा में प्रस्तावित राज्य स्तर की इकाई के अनुसार चुनाव कराए गए हैं। चुनाव में कृष्णकांत राजपूत, रचित त्यागी, विनीत कुमार, हेमराज, एसके शर्मा, संदीप कुमार आदि पदाधिकारी चुने गए हैं। सभी ने चुने गए पदाधिकारी को माला पहनाकर स्वागत किया और नवीन कार्यकारिणी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति बैठक

## किसी को भी नई परम्परा लागू करने की इजाजत नहीं: थाना प्रभारी



**शाह टाइमस संवाददाता**

**नांगल सोती।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना प्रभारी ने सभी लोगों से त्यौहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की, इस दौरान कई गांवों के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

नांगल थाना प्रांगण में आगामी चेहल्लुम, रामडोल, जन्माष्टमी आदि को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने कहा कि सभी धर्मों के लोग अपने अपने त्यौहार प्रेम भाव और सौहार्द के साथ मनाए। इसके साथ ही कोई भी आयोजक कोई नई परम्परा शुरू नहीं करे, अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कानून सख्ती के साथ निपटेगा। इसके साथ ही उन्होंने साइबर क्राइम से सचेत रहने की अपील की। इस मौके पर दरोगा विनोद कुमार पीपल, दरोगा हरनारायण, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद युनुस, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र राजपूत, सुशील शुक्ला, गोपाल शर्मा, विनय कुमार, मुकेश शर्मा, कैलाश शर्मा, कामरेड विजय चौधरी, गार्विन चौधरी, सुनील प्रधान, राजपाल सिंह, अरविंद चौधरी, आसिफ, फारूक, फरमान अहमद, आदि मौजूद रहे।

# शोकसभा में मुफ्ती मोनिस हुसैन को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुफ्ती मोनिस हुसैन के इंतकाल पर एक शोकसभा जामा मस्जिद नगीना में आयोजित की गई। जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा की शुरुआत मोहम्मद फरहान ने कुरआन ए पाक की तिलावत करके की।

शोक सभा में वक्ताओं ने मुफ्ती मोनिस हुसैन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब कायम की। उन्होंने बिना किसी भेदभाव व बिना दिखावे के आजीवन जायज जरूरतमंदों की मदद की। शोक सभा को विधायक मनोज पारस, पालिका अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील, काजी अरशद मसूद, जुल्फिकार आलम, इरशाद मुल्तानी, हाफिज रफीक अहमद, मुफ्ती बिलाल अहमद, मुफ्ती अबरार अहमद, अब्दुल वाहिद अंसारी, इकबाल कुरैशी, हाजी रूहुल इस्लाम उर्फ हाजी रोशन, डॉ. मोहम्मद दाऊद, खालिद निसार, खुर्शीद कुरैशी, मुफ्ती मोनिस हुसैन के पुत्र एडवोकेट सईद अब्दुल्ला ने संबोधित किया। मुफ्ती अवैस अकरम ने दुआ कराई तथा नायब मोहतमिम जामा मस्जिद तनवीर अहमद शम्सी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। शोक सभा का संचालन डॉ. शेख नगीनवी ने किया। इस अवसर पर काजी मैराज आदिल अली, काजी हसन, मौलाना अब्दुल बाकी, मौलाना रिजवान अहमद, मुफ्ती अबरार अहमद, मौलाना कमर आलम, मुफ्ती मुशाहिद हुसैन, रोशन अनीस, मोहम्मद असलम प्रिंस, अरशद रफीक, इकबाल कुरैशी, मोहम्मद शफी, अब्दुल्ला सबीह, नसीम अहमद, अतीक भारती, अरशद नदीम, मोहम्मद हारुन, मुफ्ती मसब हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नांगल सोती।** शनिवार की रात्रि लगभग 9 बजे अलग-अलग बिरादरी के कुछ युवकों में गंगा घट्टी पर विवाद हो गया। मारपीट में कुछ युवक घायल हो गये। युवकों के बीच हुए विवाद के बाद रात्रि लगभग 10 बजे मुहल्ला टीनवाला में उनके परिजनों के बीच फिर झगड़ा हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के मुहल्ले में जाकर झगड़ा किया। झगड़े में कुलवंत (48 वर्ष), उसका पुत्र शिवांग व भतीजा शुभांशु घायल हो गये। पुलिस ने तीनों को उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिये समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवा दिया था। कुलवंत को जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया था। पुनः विवाद न हो, इसके लिये मुहल्ले में पुलिस तैनात कर दी गई थी। एक पक्ष ने रात्रि में ही तहरीर दे दी थी। उधर दूसरे पक्ष का कहना है कि उनके पक्ष के युवक को भी गुम चोट लगी ह। दूसरे पक्ष के युवक बीते कई दिन से उनके बच्चों को जातिसूचक शब्दों प्रयोग कर चिढ़ा रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि कुलवंत की तहरीर के आधार पर प्रदीप, कलीराम, चरणदास तथा शिवा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बढ़ापुर थाने में शांति समिति की बैठक

## 16 अगस्त को निकलने वाले जन्माष्टमी के जुलूस पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** थाना प्रांगण में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

रविवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाना प्रांगण में शांति समिति की मीटिंग की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार व संचालन उपनिरीक्षक मलखान सिंह ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने 16 अगस्त को निकलने वाले जन्माष्टमी जुलूस के बारे में उपस्थित संभ्रांत व्यक्तियों से चर्चा की ओर कोई भी नई परम्परा शुरू नही करने की अपील की। जुलूस को अपने निर्धारित मार्गों और समय से निकालने को कहा है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर रामपाल सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. दिलशाद अंसारी, आरिफ खां एडवोकेट, ठा.चंद्रपाल सिंह, सुरेंद्र कर्णवाल, अंकित गुप्ता, मुकेश आर्य, सभासद अकील अहमद, राजू पाल, उमेश सैनी, ग्रामप्रधान नवनीत कुमार, मोहम्मद जाहिद, मिक्की गुप्ता, सरवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# नदी में बैल बुग्गी पलटी पांच लोग बहने से बचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग पर बहने वाली पहाड़ा नदी का जलस्तर बढ़ने पर एक बैल-बुग्गी पलट गई। बुग्गी पर सवार पांच युवक नदी बहने से बच गए। ग्रामीणों ने नदी में कूदकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग पर बहने वाली पहाड़ा नदी का बरसात के मौसम में पहाड़ी इलाकों में बारिश होने से जलस्तर बढ़ जाता है। नदी पार गांव सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, काशीवाला, बहेड़ी के ग्रामीण नदी का जलस्तर बढ़ने पर बैल-बुग्गीयों से अपनी जान जोखिम में डालकर नदी को पार करते है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर बैल-बुग्गी से नदी पार करते समय बुग्गी पलटने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरो से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक बैल-बुग्गी पर बुग्गी स्वामी सहित चार लोग सवार है और दो बाइक खड़ी हुई है जबकि एक व्यक्ति बुग्गी के सहारे नदी पार करने का प्रयास कर रहा है। बैल-बुग्गी नदी के बीचों बीच पहुंचते ही गहरे कुंड में पलट जाती है और सभी लोग नदी में डूबने लगते है। वहीं पास में मौजूद ग्रामीणों ने नदी में कूदकर सभी लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला। घटना में बुग्गी में सवार एक युवक का मोबाइल और पर्स भी बह गया था। घटना का 36 मिनट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोरो से वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो बीती 16 जुलाई का बताया जा रहा है जो कि अब वायरल हो रहा है।

## एक नजर

### बाढ़ पीड़ितों को राशन किट वितरित



**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में तहसील चांदपुर के ग्राम मीरापुर सीकरी और विजय नगर मजरा सलेमपुर में जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राशन किट वितरण की गई।

### टैंट व्यापार संगठन की बैठक आज



**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन की बैठक कल (आज) सुबह 10 बजे संगम मैरिज हॉल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए टैंट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर ने बताया कि बैठक में अनेक प्रदेश स्तरीय पदाधिकारीगण भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से लेकर संगम मैरिज हॉल तक टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा एक रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के टैंट व्यापारी भाग लेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मीटिंग में समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# धामपुर-नूरपुर मार्ग पर जलभराव से यातायात बाधित

## लोगों को हो रही भारी परेशानी, इकडा नदी का पानी पूरे शहर को डुबो रहा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ये तस्वीरें देखकर शायद आप चौंक जाएं लेकिन ये किसी पिछड़े गांव की नहीं, बल्कि धामपुर को दिल्ली से जोड़ने वाले धामपुर-नूरपुर मार्ग की हैं। सड़क कहां है और तालाब कहां शुरू हो जाता है, इसका अंदाजा भी नहीं लगता। यहां बाइक चलाना तो दूर, लोगों को अपनी जान बचाकर पानी पार करना पड़ रहा है।

बरसात और इकडा नदी से छोड़े गए पानी ने इस पूरे मार्ग को जलसमाधि दे दी है। सड़क पर गाड़ियां नहीं बल्कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार बाइक्स दिखाई देती हैं। कई जगह लोग पानी में गाड़ियों को धकेलते हैं, तो कई पैदल ही इस मौत के तालाब को पार करते हैं। थोड़ी सी चूक और तेज बहाव में बह जाने का डर हर पल बना रहता है।

ये हालात सिर्फ धामपुर-नूरपुर रोड के नहीं, बिजनौर जिले में ऐसे अनेकों स्थान हैं, जहां सड़कें गहरे गड्ढ़ों और जलभराव से तबाह हैं। कुछ जगहों पर पानी के बीच गड्ढ़े इतने गहरे हैं कि उसमें गिरते ही गंभीर चोट लगना तय है।

नगीना मार्ग पर केएम इंटर कॉलेज के पास सड़क पर बने खतरनाक गड्ढ़ों की खबर शाह टाइम्स में छपने के बाद प्रशासन नींद से जागा। एसडीएम रितु रानी के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी की टीम जलभराव के बीच गड्ढ़े भरने पहुंची, लेकिन अब तक इन गड्ढ़ों में गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। नगर के कई इलाकों में ट्यूबवेल बैठ जाने से पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। अब पालिका के टैंकरों से पानी बांटा जा रहा है। स्थानीय लोग कहते हैं यह कोई बरसात का पानी नहीं, बल्कि नहरों से छोड़ा गया वह पानी है, जिसने पूरे शहर को डुबो दिया है।

इकडा नदी जो कभी शहर की जान थी, अब गंदे नाले में बदल चुकी है। भूमाफियाओं ने इसकी जमीन बेचकर वहां पक्के मकान और दुकानें खड़ी कर दीं। जहां कभी पानी का बहाव होता था, वहां अब सीमेंट-कंक्रीट की दीवारें खड़ी हैं और यही वजह है कि जलभराव हर साल विकराल रूप ले रहा है।

ये तस्वीरें सिर्फ परेशानी की नहीं ये खतरे की वो घंटी हैं, जो हमें आज सुनाई दे रही है, लेकिन कल ये सायरन बनकर हमारे बच्चों के भविष्य को डुबो सकती है। अगर जलनिकासी बहाल नहीं हुई, अगर अवैध कब्जों पर लगाम नहीं लगी तो यकीन मानिए, धामपुर का नाम भी 'डूबते शहरों' की लिस्ट में दर्ज हो जाएगा और तब पानी सिर्फ हमारी सड़कों पर नहीं, हमारे घरों में, हमारी यादों में और हमारी आने वाली पीढ़ियों के सपनों में होगा।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों को वितरित की राशन सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी के किनारे बसे बाढ़ग्रस्त गांवों में पहुंचकर तहसीलदार व भाजपा जिला अध्यक्ष ने ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की।

जानकारी के अनुसार एसडीएम धामपुर रितु रानी ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया था। इसके बाद शनिवार को गांव सिजोली के गुरुद्वारे में बीजेपी जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, तहसीलदार धनराज सिंह, नायब तहसीलदार राजकमल द्वारा ग्राम सिजोला, सिजोली, अकबरपुर गारव, हरगनपुर के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, सुरेंद्र यादव लेखपाल प्रदीप तालियान, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

रविवार को गांव सहानपुर नवादा और अखेड़ा में पहुंच कर बाढ़ग्रस्त परिवारों को राशन किट वितरित की गई।

इस मौके पर कानूनगो ओमवीर सिंह सुरेंद्र सिंह लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि ,चंद्रभान सिंह, प्रदीप तालियान, गगनदीप आदि मौजूद रहे।

# कोरोना काल से बंद पैसेंजर ट्रेन पुनः चलाने की मांग

○ श्रीवार्ष्णेय सभा बहजोई की ओर से रेलवे स्टेशल मास्टर को सौंपा गया ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कोरोना काल से बंद पड़ी श्रृषिकेश बंदाकूई आगरा कैंट ट्रेन को चलाने की मांग तेज हो गयी है। श्री वार्ष्णेय सभा के सदस्यों के साथ नगर के विभिन्न वर्ग के लोगों ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेलवे मुख्य महाप्रबंधक बडौदा हाउस तथा मंडलीय प्रबंधक मंडल कार्यालय मुरादाबाद के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा।

बांदाकूंई, आगरा, अलीगढ़ और मुरादाबाद व लक्सर होकर हरिद्वार विभिन्न स्टेशनों से होकर जाती थी। एकमात्र पैसेंजर ट्रैन को कोराना काल के बहाने बंद कर दिया गया था। जबकि इस पैसजेंसर ट्रैन से स्थानीय लोगों के साथ अन्य स्थानों से जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा थी। श्रृषिकेश योग नगरी के नाम से प्रसिद्व यह ट्रैन कोरोना काल के बाद भी बंद चली आ रही है। रेल के बंद रहने से लोगों को काफी दुश्वारियां हो रहीं हैं और सस्ती रेल सेवा का लाभ पाने गरीब यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। रेलवे स्टेशन मास्टर प्रेमचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कोरोना काल से बंद आगरा कैंट ट्रेन को चलाने की मांग की है जबकि आमजन, व्यापारियो, छात्रो, तथा अन्य वर्गों के लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अलीगढ़ जाने के लिए रात्रि 9:00 बजे के बाद तथा सुबह 8:00 बजे से पहले कोई भी ट्रेन नहीं है इस बीच में मात्र एकमात्र ट्रेन थी आगरा कैंट जिसको बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में अलीगढ़ आगरा के लिए तथा श्रृषिकेश जाने के लिए उक्त ट्रेन को पुनः चलाने की मांग को रेलवे स्टेशन मास्टर प्रेमचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में यशवर्धन वोडाफोन, लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, आयुष कुमार वार्ष्णेय एडवोकेट, भास्कर नारायण, चिंटू, गौरव, शंकर, गोलू, उमंग गुरुजी, सौरभ वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- उत्तराखंड के धराली आपदा में लापता दो युवकों के परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक पुत्र।

# बारिश बनी कहर, मलबे में दबकर महिला की मौत

○पिता-पुत्र गम्भीर घायल कच्ची थी मकान की छत

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** थाना असमोली के ग्राम शकरपुर सोत में देर रात भारी बारिश ने कहर बरपा दिया। बीते दिनों से हो रही बारिश के कारण एक कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई, दैवीय आपदा के प्रकोप में परिवार के तीन सदस्य मलबे के नीचे दब गए। इनमें से एक महिला की मौत हो गयी। घायल पिता-पुत्र का उपचार कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, मनसुख अपने परिवार के साथ मकान में सो रहे थे। देर रात अचानक मकान की छत कमजोर होकर गिर पड़ी। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। जबकि घायल हर प्यारी, मनसुख और उमेश को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया। हादसे में हर प्यारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, मकान काफी पुराना और जर्जर हालत में था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण परिवार इसकी मरम्मत नहीं करा सका। अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने घर की नींव और दीवारों को कमजोर कर दिया था, जिससे यह हादसा हो गया। गांव में इस दर्दनाक हादसे से मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और पक्का मकान उपलब्ध कराने की मांग की है।

# धराली की तबाही में लापता फुरकान व सलमान का नहीं लगा पता

○ ठेकेदार स्कार्पियो में सवार होकर हो गया था नौ दौ ग्यारह, ○ सेना के रेस्क्यू में सकुशल मिले तीसरे साथी ने मिली गायब होने की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तरकाशी में बदल फट ने से हुई तबाही के बाद से गायब दो युवकों का अभी तक कोइ पता नहीं चल सका है जबकि परिजनों को उनेक सकुशल लौटने की आस है। ठेकेदार कुछ बता नहीं पा रहा है।

नखासा कोतवाली के निकट निवासी फुरकान पुत्र अय्यूब व यहीं का सलमान पुत्र मौहम्मद आरिफ गांव का ही अदनान मुरादाबाद और बिजनौर के अलावा कई अन्य स्थानों के 7-8 लड़कों का ग्रुप वैल्डिंग का करम करते हैं। ग्रुप के सभी लड़के देहरादून में काम करने गए थे। वहीं से उन्हे बिजनौर निवासी ठेकेदार फुरकान उत्तरकशी के धराली स्थित किसी होटल में वैल्डिंग का काम करने ले गया था। डेढ़ माह पूर्व गए युवक वहां काम कर रहे थे। डेढ़ माह से घर से दूर फुरकान के परिजनों ने 3 अगस्त को उससे फोन पर बात की और घर आने के लिए कहा तो उसने परिजनों को बताया कि काम खत्म होने वाला है और वह जल्द ही अपना हिसाब करके घर वापस आयेगा। पांच अगस्त को फिर परिजनों ने उससे बात करने के लिए फोन मिलाया लेकिन उससे कोई बात नहीं हो सकी। इससे परिजनों की चिंता बढ़ गयी। दूसरे साथ सलमान के परिजन भी अपने बेटे से बात करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उनका भी कोई सर्म्पक नहीं हो पाया था तब सलमान के परिजन फुरकान के घर पहुंचे तो उन्हे भी अपने बेटे से सर्म्पक नहीं होने की जानकारी दी। अचानक बादल फटने से धराली में मची तबाही का समाचार सुनकर परिजनों में खलबली मच गयी। इसी बीच सेना ने रेस्क्यू किया तो उनका तीसरा साथी अदनाल मिल गया। उससे गायब फुरकान और सलमान के बारे में जानकारी मिली। तब अदनान से उनके परिजनों को उससे कोई सर्म्पक नहीं होने की जानकारी दी तो परिजनों की चिंताएं ओर बढ़ गयीं। अदनान ने बताया कि बादल फटने से हुई तबाही वाले दिन वह सब ठेकेदार के साथ नीचे खाना लेने गए थे। तभी अचानक तबाही हुई तो उन्होने वहां से भागने का प्रयास किया। कूछ ही दूरी पर ठेकेदार फुरकान अपनी स्कार्पियो लेकर खड़ा था। ठेकेदार स्कार्पियो में बैठकर भागने लगा। दोनों युवक फुरकान और सलमान ने स्कार्पियों को पकड़कर बैठकर बचने की कोशिश की लेकिन ठेकदार अपनी जान बचाने के प्रयास में स्कार्पियो को तेज गति से दौड़ाकर ले गया। इसी बीच हुई तबाही और बाढ़ व मलबे में ही फुरकान और सलमान के चपेट में आने की आशंका हो गयी। परिजन बुरी तरह परेशान हैं और उन्हे अपने बेटों के जल्द सकुशल लौटने की आस बंधी हुई है। रविवार को सदर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने भी गायब दोनों युवकों के घर जाकर परिवार से बात की और सरकारी स्तर से हर सम्भव सहायता व पता लगाने का प्रयास करने का ढांढस परिजनों को बंधाया।

# स्वास्थ्य शिविर में उमड़े रोगियों का फ्री उपचार

○उलेमा मशाइख बोर्ड की और से किया गया आयोजन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जन मानस के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर निरंतर निःशुल्क सेवा कर रहे आल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड की ओर से एक ओर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर निःशुल्क परीक्षण कराया एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण कर विभिन्न जाँच करायी।

मौहल्ला बेगम सराय स्थित हम सफर रिसोर्ट पर आयोजित शिविर में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और पुरुषों से संबंधित बीमारियों की जाँच और उपचार किया गया। शिविर में सुबह से ही रोगियों की भारी भीड़ उमड़। करीब 12 बजे तक 300 मरीजों का इलाज किया। जबकि दो बजे तक चले शिविर में रोगियों की संख्या 400 के पार कर गई। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से हिजामा थैरेपी आंख-नाक-कान की जांच, ब्लड टेस्ट, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज किया गया। रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पूरे समय रोगियों का परीक्षण व दवाइयों का वितरण कराती रही। अल अशरफ ट्रस्ट के सदस्य अजीम अशरफ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निःशुल्क शिविर सिर्फ सम्भल ही नहीं, बल्कि पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों में हर महीने आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'समाज में ऐसे कई लोग हैं जो आर्थिक तंगी की वजह से इलाज नहीं करा पाते। हमारा उद्देश्य है कि ऐसे जरूरतमंद लोग इन शिविरों के जरिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना ट्रस्ट का उददेश्य रहता है। उन्होंने आगे बताया कि ट्रस्ट केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए कार्य कर रहा है। अगला शिविर अगले माह जिले स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन की सराहना की। ट्रस्ट के इस प्रयास को समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है जबकि शिविर से गरीब रोगियों को बड़ी राहत मिलती रही है।

## पुलिस बनेगी हाईटेक, अब साइबर अपराधियों को देगी मुंह तोड़ जवाब

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार नए कदम उठा रहा है। इसी क्रम में थाना अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर अपराध से संबंधित अद्यतन ज्ञान और तकनीकी दक्षता प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य न केवल साइबर अपराध की जांच को तेज और प्रभावी बनाना था, बल्कि अधिकारियों को नए-नए साइबर ट्रेंड, अपराधियों की तकनीक और उनसे बचाव के उपायों से भी अवगत कराना था। वर्तमान समय में इंटरनेट और डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ-साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहा है। बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन ठगी और डेटा चोरी जैसे मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। अपराधी अब केवल तकनीकी रूप से सक्षम नहीं, बल्कि बेहद चालाक और संगठित भी हो चुके हैं।

## सरकार से प्रेरित होकर निजि ट्रैवल्स संचालक ने भी उपलब्ध करायी बहनों को फ्री बस सेवा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जहां प्रदेश सरकार ने बहनों को निःशुल्क बस सेवा का लाभ देकर रक्षा बंध पर्व का उपहार किया वहीं ट्रैवल्स संचालक ने भी बहनों को फ्री बस सेवा प्रदान कर भाई के द्वार तक पहुंचाया।

रक्षाबंधन पर्वे पर प्रदेश सरकार ने रोडवेज बसों में निःशुल्क बस सेवा देकर बहनों को रक्षा बंधन त्यौहार का तोहफा दिया जबकि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं को गौरी ट्रेवल्स की ओर से माताओं व बहनों के लिए फ्री बस सेवा प्रदान की गई। नगर के मौहल्ला चौधरी सराय चौधरी सराय से बहजोई तक दिन भर चलती रही। गौरी ट्रेवल्स के संचालक विनीत वार्ष्णेय ने बताया कि रक्षाबंधन के मौके पर चलाई फ्री बस सेवा सुबह 10 बजे से मध्यरात तक जारी रही। बस सेवा का संचालन उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र सम्भल ने फीता काट किया। इस मौके पर आचार्य पशुराम, कृष्ण पाठक, विनीत वार्ष्णेय, अंकुर बजाज, दिवाकर गुप्ता, हेडन कैटर्स, डिम्पल वार्ष्णेय, रामचंद्र सागर, थाना प्रभारी सजीव कुमार सोम आदि मौजूद रहे।

# प्रेम-प्रसंग का मामला बता युवक के साथ की गई मारपीट

○सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी की बदसलूकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में किसी काम से गई युवक पर बहन के साथ प्रेम प्रसंग का मामला बता कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। साथ ही सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी बदसलूकी की गई। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है।

थाना क्षेत्र के तारनपुर गांव निवासी श्रीकांत नोएडा में टेंपो चलाता है। रक्षाबंधन के त्योहार पर वह अपने घर आया हुआ था। शनिवार को किसी काम से वह थाना क्षेत्र के ही लखनपुर गांव में अपने टेंपो से गया था। किसी बात को लेकर लखनपुर गांव निवासी श्याम सिंहके साथ विवाद हो गया। इसके बाद श्याम सिंह ने अपनी बहन के साथ प्रेम प्रसंग होने का मामला बताकर मारपीट शुरू कर दी। श्याम सिंह के परिजनों ने भी श्रीकांत के साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां श्याम सिंह द्वारा पुलिस के साथ भी बदसलूकी की गई। बता दें कि गांव निवासी श्याम सिंह की बहन की शादी अमरोहा के चंदनपुर में बीते लगभग 7 माह पहले हो चुकी है। रक्षाबंधन के त्योहार पर श्याम सिंह का जीजा अर्जुन भी अपनी ससुराल में आया हुआ था। श्याम सिंह द्वारा पुलिस के साथ बदसलूकी करने पर तथा युवक के साथ मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज की तैयारी की जा रही थी। लखनपुर गांव निवासी युवक द्वारा एक युवक के साथ मारपीट की गई थी, सूचना पर पुलिस पहुंची तो पुलिस के साथ भी बदसलूकी की गई है। पुलिस की तरफ से आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है तथा पीड़ित युवक के द्वारा आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है

सत्य प्रकाश सिंह
थाना प्रभारी, कैला देवी।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-गंगा का बढ़ता जल स्तर से गंगा में दूर-दूर तक नजर आ रहा पानी।

## बढ़ते जल स्तर पर अलर्ट किया गया जारी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। गंगा जी उफान पर है। जिसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है।

राजघाट गंगा घाट व नरोरा गंगा घाट पर लोग जलस्तर को देखने पहुंच रहे हैं। गंगा किनारे के गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है। आपदा स्थल पर व्यवस्थाएं की गई है। नरौरा डैम से गंगा का जल छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा किनारे के गांव के लोगों की धाड़कनें बढ़ने लगी है जलस्तर में लगातार वृद्धि होती जा रही है। कल की अपेक्षा आज जलस्तर प्रत्येक 2 घंटे के बाद बढ़ता ही जा रहा है। ऐसा पहाड़ों पर मैदानो में हो रही बारिश के कारण हो रहा है। हरिद्वार बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। गुन्नौर एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जल स्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। गंगा किनारे के गांव को भी अलर्ट किया जा रहा है।

## चेहलुम करीब अजादारी का सिलसिला हुआ और तेज़

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** कर्बला के शहीदों के चैहलुम जैस-जैसो करीब आ रहा है। इमामबारगाहों और निजि अजाखानों में मजलिसो मातम का सिलसिला तेज होता जा रहा है। जिसमें बड़ी तादाद में अजादार शिकरत कर रहे हैं।

मालूम हो ि नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन और उनके साथ कर्बला में शहीद होने वालों का चैहलुम जुमे के दिन मनाया जायेगा। इस सिलसिले में मजलिसो मातम व जुलूस बरामद किए जा रहे हैं। जिसमें मातमी अंजुमने व नौहाख्वानी कर कर्बला के याहीदों को खिराजे अकीदत पेश कर रही हैं। जिसमें बड़ी तादाद में अजादार शरीक हो रहे है। कर्बल के प्यासे शहीदों की याद में अनेक स्थानों पर शरबत व चाय की सबीलें भी लगाई जा रही है।

## सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएं चेहलुम

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** कर्बला के शहीदों की याद में चैहलुम को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नई परम्परा पर सख्त कार्रवई की चेतावनी दी जबकि सौहार्दपूर्ण वातावरण में चैहलुम पर होने वाले कार्यक्रम आयोजित करने पर ज़ोर दिया। थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र सिरसी चौकी में पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर व उप निरीक्षक सुनील सिंह व चौकी प्रभारी सिरसी शाह फैसल ने चैहलुम व 15 अगस्त को लेकर सिरसी व क्षेत्र के जिम्मेदारालोगों से वार्ता की। थाना प्रभारी ने कहा कि परंपरागत अपने-अपने धार्मिक कार्यों का आयोजन करें। कोई भी व्यक्ति नई परंपरा ना करें एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगाड़ता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर चैयरमेन प्रतिनिधि समर अब्बास, सय्यद दानिश, पप्पू सैनी, फैयाज सैफी, आरजू तनवीर अब्बास आदि मौजूद रहे।



सम्भल- शहीद स्मारक पर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते।

## तिरंगा यात्रा निकालकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एचोडा कंबोह मण्डल में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा यात्रा का आयोजन कर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चौधरी खाद भंडार भवालपुर रोड से आयोजित तिरंगा यात्रा शहीद स्मारक हाजी बेड़ा तक पहुंचकर शहीद स्मारक पर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया। विशाल तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में किसानों, गुरुजनों, प्रबंधकों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं समेत क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर यात्रा को ऐतिहासिक बनाया। यात्र में रोबिन चौधरी, अरुण बंसल, दिग्विजय त्यागी, हिरदेश त्यागी, योगेंद्र त्यागी,नकुल सिंह औलख,सौरभ त्यागी, सोनू सैनी, राजीव चौधरी, वरुण शर्मा, कुमारपाल सैनी, निर्दोष प्रधान, अभिषेक प्रजापति, शिवम त्यागी, सोनू चौधरी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूदा रहे।

# बहन के घर से लौटते समय भाई की हादसे में मौत

○ मृतक का पांच साल पूर्व हुआ था विवाह
○ पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गये।

थाना ऐंचोड़ा कंबोह क्षेत्र चितावली निवासी अतुल पुत्र महेंद्र रक्षा बंधन पर अपनी बहन के घर से राखी बंधवाकर लौट रहा था। मनौटा-सैद नंगली मार्ग पर ज्ञानपुर के पास इसी दौरान सामने से आ रही मोटर साइकिल, जिसे अंकित पुत्र महेंद्र, निवासी दारापुर चला रहा था, से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अतुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी असमोली भेजा, जहां चिकित्सकों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सौरभ ने बताया कि अतुल नोएडा में नौकरी करता था और उसकी शादी 5 वर्ष पूर्व हुई थी। वह दो बच्चों का पिता था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बढ़ते जल स्तर पर डीएम ने किया गंगाघाट का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बढ़ते गंगा के जल स्तर और बाढ़ की विभिषिका की आशंका पर जिला प्रशासन भी अर्लट हो गया है। बाढ़ के खतरे से बचने और किसी भी स्थिति से निपटने को की गई तैयारियों का जिलाधिकारी ने पहुंचकर जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए।

गंगा का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। नरौरा और राजघाट गंगा घाट पर जल स्तर में रोज़ाना वृद्धि हो रही है। पहाड़ों पर हो रही बारिश और डैम से छोडे जा रहे पानी के कारण गंगा के बढ़ता जल स्तर आसपास के इलाकों के लिए खतरा बनता जा रहा है। जबकि बाढ़ की सम्भावनाएं भी बढ़ती जा रही है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने गंगाघाट का निरीक्षण कर बाढ़ के खतरे से निपटने को की गई व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने सभी तैयारियों की जानकारी लेकर ज़रूरी निर्देश दिए।

# जुल्मों का जवाब देकर नारी शक्ति की आवाज थीं फूलनदेवी



सम्भल-वीरांगनार फूलन देवी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सपाई।

○जयंती पर सपाइयों ने श्रृद्वा सुमन अर्पित कर किया याद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नारी शक्ति की आवाज और अत्याचार व शोषण तथा नारी अस्मिता की रक्षक वीरांगना फूलन देवी को जयंती पर याद किया और श्रृद्वा सुमन अर्पित किये।

बहजोई रोड पातालेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य फिरोज खाँ के निजि कार्यालय पर नारीशक्ति के साथ अत्याचार व शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली महान वीरांगना, महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत, नारी अस्मिता की प्रबल रक्षक एवं शोषितों, वंचितों व पीड़ितों की अमर आवाज पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी के जन्मदिन पर उनके चित्र पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रृद्वा सुमन अर्पित किये।कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए फिरोज खाँ ने कहा वीरांगना फूलन देवी को नेताजी मुलायम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए पीडीए को समान देकर कई बार समाजवादी पार्टी से सांसद बनाया। उन्होने कहा कि फूलन देवी ने बहुत संघर्ष किया है। उन्होंने अपने उपर हुए उत्पीड़न का जवाब देकर समाज में महिलाओं की आवाज बननें का काम किया जबकि नारी शक्ति की आवाज को बुलन्द किया। कार्यक्रम में असलम, आरिफ खाँ, जबर सिंह यादव, रामरहिस यादव, मोनिस, साबिर, शकील, गुलाम मुस्तुफा, गौरव यादव, वीरेश, राजेश, बिलाल खाँ, इमरान, सलीम, जरीफ, सलमान, शान, फैजान, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# पीडीए की मजबूती को गांव-गांव जाएं कार्यकर्ता




शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अत्याचार शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर समाजिक न्याय की योद्वा व सपा की पूर्व सांसद की सपाइयों ने जयंती मनायी और पीडीए को मजबूत करने पर ज़ोर दिया।

मिर्जापुर से समाजवादी की पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर सपाइयों ने फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि स्व. नेता जी मुलायम सिंह यादव ने दो बार सांसद बनाकर शोषित पीड़ित फूलन देवी ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने और महिला समाज को जागरूक करने तथा ऊँच नीच के समाज में समाजिक परिवर्तन करने का काम किया। तत्पश्चात मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने सभी से मिलकर पी डी ए को मजबूत करने का काम करने पर ज़ोर दिया। उन्होने जिला संभल की सभी विधानसभा क्षेत्रों से आए पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता सम्मानित कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विध ानसभा क्षेत्र की जानकारी दी। बैठक में खाद बीज बिजली सड़कों में गडढे की समस्या को रखा। इस मौके पर कृष्ण मुरारी शंखधार शोभित कुमार काका, कमल शर्मा, निसार अहमद, उमेश यादव, सद्दाम कुरेशी, अशोक राणा एडवोकेट, चेतन गुप्ता, रामजीमल एडवोकेट, रवेंद्र पाल, हाजी तसददुक, एस पी बिलाल, विभोर अग्रवाल, पप्पू शर्मा, मनोज शर्मा, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे। सिंह जाटव, ललितेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# कल्किधाम निर्माण को झारखंड के न्यामूर्ति ने की स्वर्ण शिलादान



शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तीर्थों के दर्शन करने पहुंचे झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री संजय प्रसाद ने कल्कि धाम के दर्शन किए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति श्री संजय प्रसाद का कल्कि धाम पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से गार्ड आफ ऑनर दिया। तत्पश्चात श्री कल्कि धाम सेवा समिति तथा आचार्य गिरिजा शंकर व्यास के नेतृत्व में पांच वरिष्ठ पुरोहितों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं मंगलाचरण कर स्वागत किया। न्यायमूर्ति ने श्री कल्कि धाम के निर्माणार्थ आयोजित महायज्ञ में सम्मिलित होकर श्री कल्कि धाम के निर्माण कार्यों पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से विस्तृत चर्चा की। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने कल्कि धाम के निर्माणार्थ परिवार की ओर से स्वर्ण शिला का दान करते हुए कहा कि भगवान श्री कल्कि नारायण की अवतरण स्थली पर हो रहे श्री कल्कि धाम के निर्माण हेतु शिलादान करने का सौभाग्य प्रदान करने के लिए मैं श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का आभारी हूं। श्री कल्कि धाम सेवा समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि श्री कल्कि धाम आगमन मेरे जीवन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री कल्कि ध ाम सनातन के विराट केंद्र के रूप में वैश्विक पटल पर जनमानस के अंतस में स्थापित हो रहा है।इस अवसर पर इस अवसर पर सिविल जज सम्भल ललित कुमार, डा नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नाला खोदते वक्त जेसीबी से गैस की पाइप लाइन फटी, कोई नुकसान नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** नाला निर्माण के लिए चल रही खुदाई से गैस की पाइपलाइन फट गई जिससे भारी मात्रा में गैस का रिसाव होने लगा लेकिन समय रहते गैस रिसाब पर काबू पा लिया गया किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। बतादें कि मोडी हजरतपुर रोड पर नगर में सड़क किनारे नाला निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके लिए जेसीबी से खुदाई की जा रही थी इसी के नीचे दबी गैस की पाइप लाइन में जेसीबी टकरा गई और पाइप लाइन फटकर गैस लीक होने लगी। गैस लीक होने का पता लगते ही आसपास हड़कंप मच गया गैस कंपनी के कर्मचारियों को भी घटना की सूचना दी गई सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और अपनी व्यवस्था अनुसार वामुश्किल गैस के रिसाब को बंद कराया।

बाद में कंपनी के लोगों ने उसे पूरी तरह ठीक किया कुल मिलाकर इस घटना में किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं मिली है।



## ताला तोड़कर गेहूं के 41 कट्टे ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र में चोरों ने बीती रात नकब लगाकर अंदर रखे साढे बाहर कुंतल गेहूं चोरी करके ले गये। चोरी की तहरीर रफीउद्दीन पुत्र सिंकदर ने थाना बनियाठेर मरें दी है। रफीउद्दीन का कहना है कि मानकपुर रोड पर बजरी प्लांट है। बजरी प्लान्ट के मालिक की जमीन पर उसके द्वारा खेती की जाती है। प्लान्ट पर कमरे एवं विद्यालय बना हुआ है। ठेकेदार द्वारा खेती के गेहूं के 50 कट्टे रख दिये गये। बजरी प्लान्ट के मालिक फहीमउद्दीन ने बताया कि ताला लगा हुआ था परंतु 10 अगस्त को जाकर देखा तो 41 गेहूं के गट्टे गायब मिले। मौके पर पुलिस भी पहुंची।

# नाव नहीं मिलने पर बाढ़ के पानी से बचने के लिए ट्रेक्टर-ट्रॉली का सहारा ले रहे लोग

**मूढ़ापांडे।** क्षेत्र के गांवों में आई बाढ़ का दंश झेल रहे ग्रामीणों को राहत कार्य नहीं मिलने के बाद अपने ट्रेक्टर ट्राली को ही ग्रामीणों ने नाव बना लिया,बीमर व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं तथा जरुरतमंदों को को ट्रैक्टर ट्राली में बैठाकर बाढ़ के गहरे पानी से पार करा रहे हैं, क्षेत्र वासी सुरेश पाल सिंह,शेर सिंह , अर्जुन सिंह, भाकियू भानु मंडल अध्यक्ष अविनाश चौहान ने कहा कि बाढ़ अधिकारियों ने अभी तक कोई भी बाढ़ से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं, नाव के लिए कई बार कह चुके हैं, हर बार शिकायत को अनसुना कर देते हैं, जगरमपुरा गांव के मैन रास्ते की सड़क पूरी तरह कट चुकी है और उसमें बाढ़ के पानी की वजह से चार फिट गहरा गड्ढा हो गया है, जिसकी वजह से क्षेत्र वासियों का जरुरी सामान लाना भी मुश्किल हो गया है, खेती में होने वाली सब्जियां भी बाढ़ के पानी में डूब चुकीं हैं, भिंडी,तुरई,लोकी, अरवी,रतालु, बैंगन,डिंडा, काशीफल, करेला, पालक, सलजम आदि सब्जियां पानी में डूबकर सड़ चुकी है, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी बाढ़ के आने की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।



# आईफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में ''इमर्जेंसी एंड लॉन्ग-टर्म मैनेजमेंट ऑफ डायबिटिक कीटोएसिडोसिस'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शुगर एक गंभीर समस्या है। उन्होंने शुगर की समस्या की रोकथाम के लिए युवाओं को जागरूक किए जाने पर बल दिया, जिससे वे अपने दैनिक जीवन की नित्य क्रियाओं और खानपान के प्रति सचेत रहकर स्वयं तथा आने वाली पीढ़ी को इस महामारी से बचा सकें। इस सत्र में आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बी.फार्मा 2009 बैच के पासआउट छात्र व वर्तमान में 'लेक एरी कॉलेज ऑफ ऑस्टियोपैथिक मेडिसिन, एल्मिरा, न्यूयॉर्क, यूएसए' में डायरेक्टर ऑफ रिसर्च (मेडिकल फैकल्टी) व एसोसिएट प्रोफेसर (फार्माकोलॉजी) एवं पीबीएल फैसिलिटेटर के रूप में कार्यरत डॉ. वरुण सोती मुख्य वक्ता रहे। अपने वक्तव्य के दौरान डॉ. सोती ने डायबिटिक कीटोएसिडोसिस के लक्षणों, उपचार की विधियों तथा इसके दीर्घकालिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डायबिटिक कीटोएसिडोसिस एक गंभीर और जानलेवा स्थिति होने के कारण इसका समय पर निदान और समुचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा में इंसुलिन थेरेपी, इलेक्ट्रोलाइट संतुलन तथा रोगी की निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने इस स्थिति के पुनः उत्पन्न होने से रो. कने हेतु जीवनशैली में सुधार, खानपान पर नियंत्रण और आत्म-निगरानी जैसी रणनीतियों की उपयोगिता पर भी बल दिया। इस मौके पर आईयूएए के अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने एलुमनस डॉ. सोती को उनके समय और ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की वैश्विक उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि डायबिटिक कीटोएसिडोसिस का समुचित और वैज्ञानिक प्रबंधन आज की स्वास्थ्य सेवाओं का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और विद्यार्थियों को इससे जुड़े अद्यतन ज्ञान से अवगत कराना अति आवश्यक है। सत्र के संयोजक व डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने विषय की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित सत्रों से लाभ उठाना चाहिए। आयोजन सचिव व स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने मुख्य वक्ता समेत सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। सत्र का संचालन सुश्री ऋतिका सक्सेना द्वारा किया गया। सत्र के सफल संचालन में फार्मेसी संकाय के एल्युमनाई समन्वयकों डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. हरप्रीत सिंह, अरविन्द कुमार एवं अलंकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर बी.फार्मा एवं एम.फार्मा के 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों समेत अन्य कई शिक्षकों की भी उपस्थिति रही।



## एक नजर

### शिव पार्वती रसोई परिवार के तत्वाधान में भोजन का किया वितरण



**मुरादाबाद।** प्रकाश नगर चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की और आलू छोले चावल और जल वितरण किया गया संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट द्वारा बताया गया है। इस अवसर पर संस्था की ओर से प्रत्यूष यादव अर्जुन सिंह अंकुर यादव राजकुमार सुनीत अग्रवाल योगेश भारती आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

शिव पार्वती रसोई का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है जिसमें निशुल्क भर पेट भोजन के साथ साथ फल और मिष्ठान भी वितरण की व्यवस्था रहती है और संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है और आने वाले समय में इस संस्था द्वारा अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य व मूल वाक्य है। अन्न है सभी के लिए पुष्प यादव (अध्यक्ष) शिव पार्वती रसोई परिवार।

## गणेश चौथ मेला को लेकर हुआ दुकानों का आवंटन



**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के तहत मेला 25 अगस्त से 14 सितम्बर तक गणेश कॉलोनी स्थित मेला ग्राउंड में लगेगा। रविवार को मेला समिति ने दुकानों और स्टॉलों का आवंटन किया। मेला इंचार्ज रविन्द्र गुप्ता रूपी ने बताया कि मेला ग्राउंड को 16 ब्लॉकों में बांटा गया है और कुल 352 दुकानें लगेंगी, जिनमें 35 दुकानें सरकारी प्रदर्शनी के लिए होंगी। अब तक 276 दुकानों का आवंटन हो चुका है। इस बार मेला में कर्नाटक कैफे के दक्षिण भारतीय व्यंजन, राजस्थानी कपड़ा और जूती, बच्चों के लिए जर्मन क्लॉ 'पंजा' जैसे विशेष स्टॉल होंगे। खेल गांव में कई तरह के झूले लगेंगे। मेला समिति ने दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि अग्नि सुरक्षा यंत्र रखें, प्लास्टिक और डिस्पोजल का प्रयोग न करें, सफाई बनाए रखें और बाल श्रमिक न रखें। इस दौरान मेला परिषद् के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रुपी, मनोज कुमार मीनू, डा0 राजीव गुप्ता, प्रजीत कुमार लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा आदि मौजूद रहे।

## महानगर समाजवादी पार्टी ने फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मकबरा स्थित महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व सांसद श्रीमती स्व० फूलन देवी का जंयती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर उनके चित्र पर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वीरांगना फूलन देवी के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि फूलन देवी का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने समाज में व्याप्त अन्याय और महिला अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। सांसद रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने संघर्षों को नहीं भुलाया। उन्होंने कहा कि फूलन देवी के ऊपर सामंतवादी लोगों द्वारा जितना जुल्म, ज्यादती और बर्बरता हुई, वह कल्पना से परे है।अंत में सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने और सामाजिक न्याय के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिज्ञा ली। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने तथा संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र यादव ने किया। इस कार्यक्रम मे महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, महानगर महासचिव गजेंद्र यादव,नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरुज्जमा सैफी,सलीम वारसी,दाऊद अंसारी, लईक अहमद, अकरम अंसारी, शाकिर हुसैन पूर्व पार्षद, शमशाद हुसैन, मशरूर हसन, फरमान, असलम खान, मौ० अजीम, नौशाद मौ कासिम शरीफ अहमद,मौ फईम, जाहिद अशफाक अंसारी, लियाकत, जमशेद, सुल्तान आदि रहे।



## थाने में शिकायत करने जा रहे भाईयों को दबंगों ने रास्ते में रोककर पीटा

**भोजपुर।** इलाके के गांव मेदनीपुर में मारपीट की शिकायत करने थाने आ रहे दो युवकों को दबंगों ने रास्ते में रोककर लाठी डंडों से पीटकर जमीन में गिरा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण हरपाल सिंह ने बताया है कि 25 जुलाई को चचेरे भाई धीरेन्द्र सिंह का पड़ोसी सुदन यादव से विवाद हो गया था। जिसकी शिकायत करने मैं अपने चचेरे भाई नवनीत के साथ थाने को आ रहा था। रास्ते में सुदन यादव, राहुल यादव, अतुल यादव दो तीन अज्ञात लोगों के साथ लेकर आया और रास्ते में रोक. कर लाठी डंडों से पीटकर जान से मारने की नीयत से जमीन में गिरा कर गला दबाने लगे। आरोपी थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद एवं दो तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## तुर्क फाउंडेशन ने अंजार हुसैन एडवोकेट को सम्मानित कर दी मुबारकबाद



**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के सम्पन्न चुनाव में तुर्क फाउंडेशन से जुड़े क्षेत्र के अन्जार हुसैन एडवोकेट ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सफलता हासिल की है, उनकी इस जीत से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें सम्मानित कर मुबारकबाद दे रहे हैं। आज इसी क्रम में तुर्क फाउंडेशन से जुड़े जिम्मेदारान लोगों ने संभल-मुरादाबाद रोड स्थित मैनाठेर में फौजी रियाजुल हसन के आवास पंडित नगला हाउस पर सभा आयोजित कर अन्जार हुसैन एडवोकेट को सम्मानित किया गया तथा बुके, फूल मालाओं से स्वागत कर मुबारकबाद दी गई। इस अवसर पर तुर्क फाउंडेशन के मुख्य संयोजक डॉक्टर मुहम्मद जावेद साहब ने बोलते हुए कहा कि आशा है। अन्जार हुसैन एडवोकेट क्षेत्र के हितों का ध्यान रखकर सस्ती व उचित कानूनी सहायता उपलब्ध करायेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अन्जार हुसैन एडवोकेट ने बोलते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता रहेगी इस अवसर पर डॉक्टर मुहम्मद जावेद के साथ साथ फौजी रियाजुल हसन, हाजी रियाज अहमद, खुर्शीद हुसैन, इस्तेखार हुसैन, डॉक्टर गुफरान हुसैन हाजी सलीम, मोहम्मद नबी एडवोकेट, सुब्हान रजा आदि लोग शामिल रहे।

# आईएफटीएम में इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट विषय पर आयोजित हुए सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट तथा इक्फाई (आईसीएफएआई) बिजनेस स्कूल (आईबीएस), गुड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में ''इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन स्किल्स और ट्रेडिशनल वर्सेस मॉडर्न रिसर्च मैथड- न्यू ऑपर्च्युनिटी इन रिसर्च'' विषय पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से सत्रों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जीवन में व्यक्तित्व विकास का महत्व बताते हुए कहा कि साक्षात्कार के दौरान व्यक्तित्व का विशेष प्रभाव पड़ने के साथ ही दैनिक जीवन तथा कार्यस्थल पर भी व्यक्तित्व गहरी छाप छोड़ता है। प्रथम सत्र की रिसोर्स पर्सन व आईबीएस की फैकल्टी मेंबर डॉ. रचिता कश्यप ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के कई टिप्स दिए। डॉ. कश्यप ने बताया कि विषय का ज्ञान, शारीरिक भाषा, संचार तकनीक और अंग्रेजी, हिंदी सहित अन्य भाषाओं में धारा प्रवाह संवाद एक अच्छे व्यक्तित्व को दर्शाती है तथा इससे विद्यार्थी के सफल होने के मौके बढ़ जाते हैं। दूसरे सत्र के रिसोर्स पर्सन व आईबीएस के फैकल्टी मेंबर डॉ. अनिरुद्ध घोष ने बतौर रिसोर्स पर्सन शोध के क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं के बारे में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि परंपरागत और आधुनिक शोध तकनीकों के अलग-अलग परिणाम प्राप्त होते हैं। आधुनिक जमाने में एआई, चौट जीपीटी, गूगल, विभिन्न विभागों की वेबसाइट्स शोध कार्य में सहायता करती हैं, जबकि प्राचीन काल में रचित वेद शास्त्र परम्परागत शोध अध्ययन का परिचायक है। साथ ही डॉ. घोष ने सलाह दी कि वर्तमान समय के शोधार्थियों को परंपरागत शोध पद्धतियों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। सत्र की संयोजिका व स्कूल की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुए दोनों सत्र बेहद सफल रहे तथा विद्यार्थियों द्वारा जिज्ञासावश पूछी गई शंकाओं का भी रिसोर्स पर्सन्स ने समाधान किया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रथम सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों तथा द्वितीय सत्र में शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। सत्र के सफल आयोजन में आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. आर.के. यादव समेत डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. आरती गर्ग की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. स्वाति राय एवं डॉ. अर्चना ने किया।



डॉ. अनिरुद्ध घोष



डॉ. रचिता कश्यप

# आजादी के मतवालों की याद में गाए गीत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एक सुबह क्रान्तिकारियों के नाम आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर काकौरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पं वीरेंद्र आर्य ने मयंक आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात सहसवान से आमंत्रित वैदिक गीतकार, भजनोपदेशक उदयराज आर्य ने काकौरी ट्रेन एक्शन से पूर्व और बाद की परिस्थितियों और क्रांतिकारियों के त्याग बलिदान और अभाव की याद मे देशप्रेम भावना से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किये। गीतो की प्रस्तुति ऐसी हुई जिसमे आजादी के मतवालों की वीरगाथा और करुणगाथा सुनायी तो वातावरण अश्रुपूर्ण हो गया। इस अवसर पर आर्य विद्वान कपिल आर्य ने कहा कि क्रान्तिकारियों को अंग्रेजों के अत्याचारों से लडने के लिए धन अभाव सबसे बड़ी समस्या थी। देशवासियों को बिना किसी संकट में डाले अंग्रेजों के धन से उनके विरुद्ध आंदोलन करना चाहते थे इसलिए उन्होंने सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन को अपना लक्ष्य बनाया और क्रांतिकारी अपने लक्ष्य में सफल भी हुए लेकिन अपने ही योजनाकार जिन पर बड़ा भरोसा था उन्होंने लालच और भय के वशीभूत होकर सभी के नाम बताकर विश्वासघात किया। इस विश्वासघात पर रामप्रसाद बिस्मिल ने लिखा कि ष जिसे हम हार समझें थे गला अपना सजाने को, वहीं अब नाग बन बैठे हमारे काट खाने को इस तरह श्रंखलाबद्ध गिरफ्तारी हो गयी । इस अवसर पर मेजर डा राजीव ढल, ज्ञानेंद्र गांधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आयोजन में डा अभय श्रोत्रिय डा राममुनि रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु निर्मल आर्य राकेश कुमार आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य रविंद्र आर्य राजेश नारंग रामाशंकर आर्य जितेंद्र सिंह आर्य ऊषा गुप्ता सुषमा श्रीधर संदीप त्रिवेदी अमित आर्य वेदमुनि संतोष कुमार गुप्ता निहाल सिंह अर्जुन आर्य दिनेश चन्द्र रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## गोविन्दनगर व भदौरा में रेलवे लाइन किनारे ठेले वालों द्वारा किया जा रहा कूड़ा-कचरा रोकने की मांग

**मुरादाबाद।** यशपाल शर्मा एडवोकेट ने डीआरएम मण्डल मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र देकर गोविन्दनगर वार्ड 12 एवं भदौरा के वार्ड 23 रामपुर रेलवे लाईन मुरादाबाद के किनारे ठेले वालों द्वारा दोना आदि सामान फेंकर कूड़ा-कचरा रोकने की मांग की है।

डीआरएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि शहर के वार्ड 12 गोविन्दनगर ब्लाक बी एवं वार्ड 33 भदौरा ब्लाक सी रेलवे लाइन के किनारे ढेले वाले, दालवाले चाय पकौड़ी वाले, चांट पकौड़ी वाले सभी रेलवे लाईन की सीमा में व्यवसाय करके पानी आदि बेचकर रेलवे की कैंटीन स्टेशन पर है उसे आर्थिक नुकसान हो रहा है क्योंकि मुरादाबाद गोविन्दनगर के आउटर सिग्नल पर ट्रेने रूक जाती है और ये सभी दुकानदार ठेले वाले अपना ढोना, पत्तल आदि पदार्थ रेलवे लाइन के किनारे फेंक देते है।

जिसके कारण बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियां फैल रही है। इसकी जानकारी यहां पर डयूटी करने वालों को दी गयी है। परन्तु किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की है। डीआरएम को प्रार्थना पत्र देकर उक्त ठेले वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

**प्राथमिक विद्यालय मंगावाला डॉडी विकास खण्ड भगतपुर टांडा (मुरादाबाद।)**

**सार्वजनिक सूचना/नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषदीय विद्यालय में स्थित कक्षा-कक्ष भवनों की नीलामी/जर्जर भवनों की नीलामी दिनांक 11 अगस्त 2025 दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे की जानी है। निप्रयोजन भवन का अवलोकन संबंधी विद्यालय में जाकर किया जा सकता है। नीलामी की शर्तें प्राथमिक विद्यालय मंगावाला डांडी कार्यालय पर चस्पा हैं। इच्छुक बोलीदाता को अनुमानित मूल्य की 10% धनराशि अनिवार्य रूप से SMC के पास अग्रिम जमा करनी होगी।

**वीरेंद्र कुमार (सचिव)** **बबलू, विद्यालय प्रबंध समिति (अध्यक्ष)**

**प्राथमिक विद्यालय मंगावाला डांडी, वि.खं. भगतपुर (मुरादाबाद)।**

# हार्ट अटैक आने से हुई थी लखपत की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव सैदनगर उर्फ नया गांव के रहने वाले लखपत सिंह की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत होना पता चला है। वहीं परि. जनों ने एक दिन पूर्व हत्या का आरा. ेप भी लगाया था। मामले में अभी तकरीर नहीं दी गई है।

बिलारी के गांव सैदनगर उर्फ नया गांव निवासी 55 वर्षीय लखपत पुत्र रामस्वरुप रामस्वरूप शनिवार को रक्षाबंधन पर सवेरे 11 बजे अपनी बेटी मीनाक्षी से राखी बंधवाकर घर से निकले थे। लेकिन उसके बाद वह शाम तक घर नहीं लौटे। लखपत सिंह के घर वापस न लौटने पर परेशान बैटों ने ने अपने पिता की खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं लगा। शाम के वक्त बेटा वीरेश और ग्रामीण लखपत सिंह को ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे तो लखपत सिंह का शव अपने ही गन्ने के खेत में पड़ा हुआ था। बेटे वीरेश ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा मौके पर पहुंच गए। सूचना के बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची।

फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस में शव का पंचनामा घर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शरीर पर मौके पर कोई भी चोट के निशान नहीं थे। परिवार के लोगों ने मृतक लखपत सिंह की किसी से कोई दुश्मनी नहीं बताई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत होना आया, पोस्टमार्टम के बाद



शव घर पहुंचा। जहां मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के परिवार में पत्नी दयावती के अलावा तीन बेटी गायत्री, मीनाक्षी, पूनम के अलावा दो बेटे वीरेश और विनोद भी हैं।

सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। लखपत सिंह की मौत के बाद रक्षाबंधन के त्यौहार की खुशियां गम में बदल गई।

## ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम रतुपुरा में शादी के तीन माह बाद ही एक युवक ने कथित रूप से ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त के मामलें में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा निवासी अमन कुमार की शादी 9 मई 2025 को मानपुर निवासी पूनम से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही पूनम, उसकी बहन नीलम, मां क्रांति देवी और भाई राजेश व रितेश लगातार 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर वे अमन को झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी देते थे। परि. जनों के मुताबिक, लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर अमन ने शनिवार सुबह करीब 11 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर-तिरंगा मार्च निकालने के लिए अभाकिमस के कार्यकर्ताओं की बैठक

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामू वाला गणेश पर जिला सचिव कामरेड हर स्वरूप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 13 अगस्त को ठाकुरद्वारा में होने वाले ट्रैक्टर-तिरंगा मार्च को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। जिसमे अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, किसान सभा उत्तर प्रदेश, खेत मजदूर यूनियन और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता मिलकर यह मार्च निकालेंगे। मार्च के अंत में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। किसानों की प्रमुख मांगें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सी2घ्50: के हिसाब से सभी फसलों का एमएसपी घोषित कर खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए। स्मार्ट मीटर लगाने व बिजली के निजीकरण पर रोक लगे। 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी किसानों और मजदूरों को घ्10,000 मासिक पेंशन मिले। किसान नेता प्रीतम सिंह ने आरोप लगाया कि इस समय किसानों को यूरिया खाद की सख्त जरूरत है, लेकिन यह उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जहां खाद मिल रही है, वहां यूरिया के बोरे के साथ नैनो यूरिया की बोतल या अन्य सामग्री जबरन दी जा रही है। उन्होंने मांग की कि सभी सेवा सहकारी समितियों और उर्वरक केंद्रों पर तुरंत यूरिया



उपलब्ध कराया जाए और किसानों पर जबरदस्ती सामग्री थोपने पर रोक लगे। बैठक में कामरेड वीर सिंह, दयाराम साहनी, सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, जगदीश सिंह पांडे सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

# पायलट ने कर ली छुट्टी, उड़ान करनी पड़ी रद्द

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट एक बार फिर विवादों में आ गया है। इस बार मामला पटना जाने वाली उड़ान से जुड़ा है, जिसे अचानक रद्द कर दिया गया। यात्रियों का आरोप है कि उन्हें चार घंटे तक इंतजार कराया गया और अंत में यह कह दिया गया कि उड़ान अब नहीं जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम से यात्रियों में भारी नाराजगी देखी गई। सूत्रों के अनुसार जिस पायलट को विमान उड़ाना था वह समय से नहीं पहुंच सका।






घटना के अनुसार, यात्री समय से पहले एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे और चेक-इन की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। लेकिन उड़ान के निर्धारित समय पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। पहले तकनीकी कारणों का हवाला देकर यात्रियों को इंतजार करने के लिए कहा गया, फिर बाद में उड़ान रद्द करने की घोषणा कर दी गई।यात्रियों का कहना है कि एयरपोर्ट प्रबंधन और एयरलाइन ने इस देरी के दौरान कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया। न ही समय रहते वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की गई, जिससे कई लोगों की जरूरी बैठकें, पारिवा. रिक कार्यक्रम और अन्य योजनाएं बिगड़ गईं। कुछ यात्रियों को तो अतिरिक्त खर्च करके दिल्ली एयरपोर्ट से अन्य उड़ान लेनी पड़ी।

इस घटना ने हिंडन एयरपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले भी यहां से उड़ानों के समय और संचालन को लेकर यात्रियों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एयरपोर्ट के संचालन और यात्री सुविधाओं में सुधार की सख्त जरूरत है, अन्यथा यह यात्री संख्या और विश्वास दोनों खो सकता है।एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से कहा गया कि उड़ान रद्द होने की वजह तकनीकी खराबी थी और यात्रियों को नियमों के अनुसार रिफंड दिया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ रिफंड से यात्रियों की परेशानी खत्म हो जाती है? जिन लोगों के पास समय की कमी थी, उनके लिए यह घटना न केवल आर्थिक नुकसान बल्कि मानसिक तनाव का कारण भी बनी।

जरूरत है कि एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रशासन यात्री सेवा के मानकों में सुधार करें। उड़ान में देरी या रद्द होने की स्थिति में पारदर्शी और समय पर सूचना देना, वैकल्पिक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराना और यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए उचित मुआवजा देना जरूरी है।हिंडन एयरपोर्ट की यह घटना फिर साबित करती है कि भारतीय एविएशन सेक्टर में अब भी यात्री सुविधा और प्रबंधन को लेकर लंबा सफर तय करना बाकी है।

## जल भराव की समस्या को लेकर भाजपा पार्षद आक्रामक

### नगर निगम पर साधा निशान

**गाजियाबाद।** नगर निगम के वार्ड नंबर-9 से भाजपा पार्षद शीतल चौधरी ने अपने क्षेत्र में बढ़ती जलभराव की समस्या को लेकर गंभीर चिंता जताई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें हिंडन के पास की मौजूदा स्थिति साफ तौर पर दिखाई दे रही है। वीडियो में नाले लबालब भरे हुए नजर आ रहे हैं और चारों ओर गंदगी का अंबार फैला हुआ है। दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप ने स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। पार्षद शीतल चौधरी का कहना है कि इस हालात के लिए पूरी तरह से नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदार हैं। उनके अनुसार, नगर निगम हर साल घर-घर से टैक्स वसूलता है, लेकिन जब बुनियादी सुविधाओं की बात आती है तो जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहता है। "हम नागरिक टैक्स देते हैं ताकि साफ-सफाई, जल निक. ासी और स्वच्छ वातावरण मिल सके, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से हमें सिर्फ समस्याएं मिल रही हैं। वार्ड 9 के कई इलाकों में भारी बारिश के बाद सड़कें और गलियां पानी में डूब जाती हैं। नाले और नालियां समय पर साफ न होने के कारण पानी का निकास रुक जाता है। इससे न केवल जलभराव होता है बल्कि गंदा पानी घरों के पास तक आ जाता है, जिससे संक्रामक बीमा. रियों का खतरा बढ़ जाता है। हिंडन के किनारे बसे क्षेत्रों में तो हालात और भी गंभीर हैं क्योंकि वहां पानी के साथ-साथ कचरा और सीवर का गंदा पानी भी बहता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। निगम की ओर से सिर्फ बारिश के बाद अस्थायी सफाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में नाले फिर से भर जाते हैं। शीतल चौधरी ने नगर निगम पर 'कामचोरी' का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी सिर्फ कागजों में सफाई दिखाते हैं।

## महिला के साथ मारपीट व अश्लील हरकत कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** घर से घेर जा रही महिलाओं के साथ गाली गलौज व छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र ग्राम रतुपुरा निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि गांव के ही रूप किशोर शर्मा से पैसों को लेकर पूर्व से विवाद चला आ रहा है। पीड़िता के अनुसार, रूप किशोर शर्मा ने उनके पुत्र को स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लिए थे, जिसको लेकर विवाद बना हुआ था। घटना शुक्रवार, 2 मई को देर शाम पीड़िता अपनी पुत्री के साथ घर से घेर की ओर जा रही थीं, तभी पहलवान की चक्की के पास रूप किशोर शर्मा और उसके पुत्र हदेश कुमार शर्मा ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने महिला और उनकी बेटी को गालियां दीं, छेड़छाड़ की और अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर दोनों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी दी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा तुमने हमसे रुपये मांगे तो जान से मार देंगे।" पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें और उनकी पुत्री को मारापीटा। उनके शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मां-बेटी को बचाया। जाते-जाते आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

## नाले में कूड़ा डालने पर मेयर ने लगाई महिला को फटकार

**गाजियाबाद।** स्वच्छता को लेकर एक बार फिर सख्ती देखने को मिली है। शहर की मेयर सुनीता दयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक महिला को नाले में कूड़ा डालने पर जमकर फटकार लगाती नजर आ रही हैं। मेयर का यह सख्त रुख एक ओर जहां नगर निगम की स्वच्छता मुहिम को मजबूती देता दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर यह संदेश भी दे रहा है कि शहर को साफ रखना केवल प्रशासन का ही नहीं बल्कि नागरिकों का भी दायित्व है।



जानकारी के अनुसार, यह घटना गाजियाबाद के एक मोहल्ले की है, जहां मेयर सुनीता दयाल निरीक्षण के लिए पहुंची थीं। उसी दौरान उन्होंने देखा कि एक महिला खुलेआम नाले में कूड़ा फेंक रही है। यह देखकर मेयर तुरंत वहां पहुंचीं और महिला से सवाल किया कि आखिर क्यों वह कूड़ा सीधे नाले में डाल रही है। महिला के जवाब से असंतुष्ट होकर मेयर ने सख्त लहजे में कहा कि नाले में कूड़ा तुम लोग डालोगे और फिर गाल बजाओगे! मेयर सुनीता दयाल पहले भी साफ-सफाई को लेकर कड़े बयान दे चुकी हैं। उनका कहना है कि नगर निगम ने कचरा संग्रह के लिए हर गली-मोहल्ले में गाड़ियों की व्यवस्था कर रखी है, लेकिन लोग लापरवाही से नालों और सड़कों पर कचरा डालते हैं। इससे नालियां जाम हो जाती हैं, जलभराव और बदबू फैलती है और बीमारियों का खतरा बढ़ता है।मेयर ने चेतावनी दी है कि अब सार्वजनिक स्थानों और नालों में कचरा फेंकने वालों पर स्पॉट फाइन लगाया जाएगा, जो 500 से 5000 रुपये तक हो सकता है।

उन्होंने साफ कहा कि शहर हम सबका है, इसे गंदा करने का हक किसी को नहीं। गाजियाबाद में मेयर का यह सख्त रुख नागरिकों के लिए चेतावनी है कि अगर आदतें नहीं बदलेंगी तो अब सीधे जुर्माना भरना पड़ेगा। यह वीडियो केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक संदेश है कि स्वच्छ गाजियाबाद का सपना तभी पूरा होगा जब नागरिक और प्रशासन मिलकर जिम्मेदारी निभाएंगे

## रामगंगा में बाढ़ से तबाही, फसलें बर्बाद , एसडीएम ने किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही लगातार वर्षा के चलते रामगंगा नदी में आई बाढ़ ने किनारे बसे गांवों में तबाही मचा दी। आधा दर्जन से अधिक गांवों में पानी घुसने से किसानों की धान की खड़ी फसल पूरी तरह चौपट हो गई, गन्ने की फसल को पचास फीसदी नुकसान पहुंचा और खेतों में खड़ा पशुओं का चारा भी नष्ट हो गया। रविवार को जल स्तर कम होने पर एसडीएम प्रीति सिंह राजस्व विभाग की टीम के साथ रायभूड गांव पहुंचीं और फसलों के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने नदी किनारे स्थित क्षतिग्रस्त तटबंध का भी निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह, हरिओम सिंह, कुलवंत सिंह, ज्ञानचंद, नरेश कुमार और मलखान सिंह ने आरोप लगाया कि दो साल पहले आई बाढ़ में तटबंध कई जगह से टूट गया था, लेकिन बाढ़ खंड के अधिकारियों ने इसे दुरुस्त नहीं किया। समय पर मरम्मत होती तो इस बार किसानों की फसलें बच सकती थीं। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वा. सन दिया कि बाढ़ खंड के अधिकारियों से बातचीत कर क्षतिग्रस्त तटबंध को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

# पूर्व पार्षद का अनोखा विरोध, जल भराव में चलाई नाव

**गाजियाबाद।** शहर इन दिनों भारी बारिश और प्रशासनिक लापरवाही की दोहरी मार झेल रहा है। हाल ही में पूर्व पार्षद पवन गौतम का एक अनोखा विरोध सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने अपने क्षेत्र में जलभराव की समस्या को उजागर करने के लिए लकड़ी के बोर्ड को नाव बनाकर उसमें बैठकर प्रदर्शन किया। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

पवन गौतम का कहना है कि क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बरसात का पानी सड़कों, गलियों और लोगों के घरों में भर जाता है, जिससे सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बच्चों का स्कूल जाना, लोगों का काम पर निकलना और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो जाता है। कई इलाकों में तो गंदा पानी जमा होने से





मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम और संबंधित विभाग इस समस्या को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। हर साल बारिश के मौसम में यही हालात पैदा होते हैं और शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो ने आम लोगों का भी ध्यान खींचा है। कई लोगों ने पवन गौतम के तरीके की तारीफ की और कहा कि यही सच्चाई दिखाने का तरीका है। वहीं कुछ ने तंज कसते हुए कहा कि "अब गाजियाबाद को 'मिनी वेनिस' घोषित कर देना चाहिए।

जलभराव की समस्या केवल असुविधा का कारण नहीं बल्कि यह स्वास्थ्य, यातायात और बुनियादी ढांचे के लिए भी गंभीर खतरा है। जरूरत है कि नगर निगम इस मुद्दे को गंभीरता से ले, नालों की समय-समय पर सफाई करे और पंपिंग स्टेशन की व्यवस्था मजबूत बनाए। साथ ही, बारिश से पहले ड्रेनेज सिस्टम की जांच और मरम्मत होनी चाहिए ताकि इस तरह की स्थिति दोबारा न बने।

अभी के हालात में पवन गौतम का यह विरोध न केवल एक स्थानीय मुद्दे की ओर ध्यान खींच रहा है बल्कि यह भी बता रहा है कि आम नागरिक अपनी समस्याओं को उजागर करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं।

## चित्रकला प्रतियोगिता में 300 प्रतिभागियों ने बिखेरे रंग, स्वतंत्रता और संस्कृति की झलक

# मोदीनगर में उत्थान फाउंडेशन और मोदी आइफा आर्ट गैलरी द्वारा भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अग्रणी सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन एवं मोदी आइफा आर्ट गैलरी के संयुक्त तत्वावधान में गैलरी प्रांगण, मोदीनगर मे एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को कक्षा के आधार पर चार समूहों में विभाजित किया गया- समूह । (कक्षा 2-5), समूह ठ (कक्षा 6-8), समूह सी (कक्षा 9-12) और समूह डी (कक्षा 12 से ऊपर) जिसमे हर प्रतिभागी को प्रतियोगिता के लिए दिये गए पांच विषय सैनिकों का जीवन, मेरे सपनों का भारत,



भारत -संस्कृति और विरासत की भूमि, अनेकता में एकता और रंगों में मेरा भारत, मे से अपने चयनित विषय पर चित्र बनाना था। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, राष्ट्र-निर्माण और सांस्कृतिक विरासत के भावों को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। कागज पर उतरे रंगीन विचार और रचनाएँ दर्शकों के लिए भी प्रेरणादायक रहीं। उत्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष सी.ए. राहुल जैन ने बताया की निर्णायक मंडल में कला जगत और मोदिनगर शहर की प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल थीं - जिसमे डॉ संदीप कंसल, शलभ गुप्ता, सुनील भार्गव, ऋतु अग्रवाल, गीता ढींगरा, सोनिया गर्ग, विनय सहारन,रुचि गुप्ता, गौरव जैन, रश्मि मलिक,सुशांत ढींगरा, रुचि विद्यार्थी, दीपांशु, स्वीटी और शीतल रहे। निर्णायकों ने सैकड़ों चित्रों का सूक्ष्म मूल्यांकन कर प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया। सभी विजेताओं को स्मृति-चिन्ह दोनो संस्थाओं द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के आगामी कार्यक्रम मे प्रदान किये जाएंगे, जबकि आज सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। आइफा के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, "ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और सोच को नई दिशा देते हैं, साथ ही उन्हें देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं।" विशेष अतिथि सतीश अग्रवाल ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की कला में भविष्य का भारत दिखता है।

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
सीआईएन: L15421UP1993PLC018642
कॉर्पोरेट कार्यालय: 511, मेकर चैम्बर्स V, 221, नरीमन प्वाइंट, मुंबई-400 021
फोन: 022-2283 2468, 2204 2945, ई-मेल: investors@dwarikesh.com
पंजीकृत कार्यालय: द्वारिकेश नगर-246762, जिला, बिजनौर उ.प्र.

**शेयरधारकों के लिए सूचना**
**'सक्षम निवेशक'' अभियान के अंतर्गत आईपीएफ को अदावाकृत लाभांश और शेयरों के हस्तांतरण के संबंध में सूचना**

यह सूचना एतद्द्वारा कंपनी के शेयरधारकों को **28 जुलाई से 6 नवंबर 2025 तक** आयोजित किए जा रहे 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान ''सक्षम निवेशक'' के क्रम में दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य शेयरधारकों की निम्नलिखित सहायता करना है:
- अपने अदावाकृत लाभांश और शेयरों का दावा करना, और
- निवेशक सर्विस डिलीवरी के विस्तार के लिए अपने केवाईसी विवरण को अपडेट करना।

यह सूचना **कंपनी अधिनियम, 2013** (''अधिनियम'') की **धारा 124(6)** और **निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण एवं वापसी) नियम, 2016**, समय-समय पर यथासंशोधित (**''नियम''**) के अनुसरण में भी जारी की जा रही है।

अधिनियम और नियमों के अनुसार:
- **निरंतर सात वर्षों** के अदत्त/अदावाकृत लाभांश को **निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि (आईपीएफ)** में हस्तांतरित किया जाना आवश्यक है।
- संबंधित शेयरों को भी **आईपीएफ डीमैट खाते** में हस्तांतरित करना अनिवार्य है।
- हालाँकि, यदि किसी न्यायालय/अधिकरण/सांविधिक प्राधिकरण से कोई प्रतिबंधात्मक आदेश है या यदि शेयर **डिपॉजिटरीज अधिनियम, 1996** के तहत गिरवी या बंधक रखे गए हैं तो ऐसे शेयरों को हस्तांतरित नहीं किया जाएगा।

कंपनी ने:
- संबंधित शेयरधारकों को उनके पंजीकृत पते पर व्यक्तिगत सूचना पत्र भेजे हैं, और
- उन शेयरधारकों की सूची जिनका लाभांश अदावाकृत है और जिनके शेयर आईपीएफ में हस्तांतरित किए जाने योग्य हैं अपनी वेबसाइट **www.dwarikesh.com** पर अपलोड की है।

संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर ''**अदावाकृत लाभांश और आईपीएफ हस्तांतरण विवरण**'' शीर्षक वाले अनुभाग का संदर्भ लेकर अपने विवरण सत्यापित करें और अपने लाभांश का दावा करने और/या आईपीएफ में शेयरों के हस्तांतरण को रोकने के लिए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें।

किसी भी सहायता या प्रश्न के लिए शेयरधारक कंपनी से संपर्क कर सकते हैं :

| कंपनी | रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट |
|---|---|
| द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लि.<br>कॉर्पोरेट कार्यालय: 511, मेकर चैम्बर्स ट, 221, नरीमन प्वाइंट, मुंबई-400021<br>फोन: 022.2283 2468ए 2204 2945<br>ई-मेल: investors@dwarikesh.com | एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड<br>(पूर्ववर्ती मैसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)<br>सी 101, 247 पार्क, एलबीएस रोड, विखरोली वेस्ट, मुंबई-400083<br>फोन: (022) 49186000<br>वेबसाइट : www.linkintime.co.in<br>ई-मेल : rnt.helpdesk@linkintime.co.in |

कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
बी जे माहेश्वरी
प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ

स्थान: मुंबई
दिनांक: 9 अगस्त, 2025

# निशा, मुस्कान व कुंडू ने जीता सोना

**● पुरुषों के फाइनल में राहुल कुंडू ने उज्बेकिस्तान के मुक्केबाज को पछाड़ा, महिलाओं में निशा और मुस्कान जीती**



**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की युवा महिला मुक्केबाजों ने महाद्वीपीय मुक्केबाजी में अपनी बढ़ती प्रतिभा को दर्शाया, जब निशा (54 किग्रा) और मुस्कान (57 किग्रा) ने रविवार को बैंकॉक, थाईलैंड में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पांच अन्य ने रजत पदक जीते।

पुरुषों के फाइनल में, राहुल कुंडू (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान के दिग्गज मुहम्मदजोन याकूपबोवेक पर विभाजित निर्णय से जीत हासिल करके एक और स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत के पदकों की संख्या 14 हो गई, जिसमें तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा, अंडर-19 स्पर्धा में भाग ले रही 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर लौटेंगी। जिनमें दो स्वर्ण,पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। जो कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के साथ एक उभरती हुई शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को प्रदर्शित करेंगे। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है। प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक आदर्श मिश्रण है। निशा ने दिन के दूसरे मुकाबले में भारत के लिए स्वर्ण पदक का खाता खोला जब उन्होंने चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपना दबदबा बनाते हुए 4:1 से जीत दर्ज की। मुस्कान ने इसके बाद भारत के लिए लगातार दो पदक जीते। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया और अगले राउंड में कज़ाकिस्तान की अयाज़ान एर्मेक को 3:2 से हराकर स्प्लिट डिसीजन हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में, राहुल ने 75 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मुहम्मदजोन के खिलाफ 4:1 से जीत हासिल करते हुए अपना आत्मविश्वास बरकरार रखा। भारत ने अंडर-22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें सोमवार को पांच मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। रविवार को स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली अन्य भारतीय महिलाओं में, विनी को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा मामातोवा से हार का सामना करना पड़ा, जबकि जापान की अलरदा अकिमोटो ने 65 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में निशा को 4:1 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को किया क्लीन स्वीप

**● सियाना जिंजर ने चार विकेट लेकर नाबाद 17 रन भी बनाए**



**मकाय, वार्ता।** सियाना जिंजर (नाबाद 17 रन/ 4 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसरे अनौपचारिक टी-20 मुकाबले मे इंडिया ए को चार रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर दिनेश वृंदा (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी उमा छेत्री भी मात्र तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गई। राघवी बिष्ट ने शेफाली वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। आठवें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रन बनाये। इसके बाद जीत की ओर बढ़ रही इंडिया ए को सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को स्टंप आउट कराकर चौथा झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 25 गेंदों मे दो चौकों की मदद से 25 रन बनाये। मिन्नू मनी 29 गेंदों में (30) के रनआउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली। इसके बाद इंडिया ए का कोई बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। कप्तान राधा यादव (नौ), तनुजा कंवर (एक) और सजीवन सजना (तीन) रन बनाकर आउट हुई। मिन्नू मनी के (30) का टीम के 116 के स्कोर पर पांचवें खिलाघी के रूप में रनआउट होना इंडिया ए के लिए घातक रहा और इसके साथ ही उसकी जीत की उम्मीद टूट गई। इंडिया ए टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम के लिए सियाना जिंजर ने चार ओवर में 16 रन देकर चार विकेट लिये। लूसी हैमिल्टन और एमी एडगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिसा ऋ्थ तालिया की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। छठे ओवर में सजीवन ने एलिसा (27) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# बीसीबी ने मार्शल, वुड व हेमिंग को कोच नियुक्त किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है। बीसीबी की शनिवार को हुई बैठक के बाद एलेक्स मार्शल, जूलियन वुड और टोनी हेमिंग को नए कोचों के रूप में नियुक्त किया है।

वुड तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह एक पावर-हिटिंग विशेषज्ञ हैं और हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट के साथ काम कर चुके हैं। मार्शल को एक साल के लिए बोर्ड के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग का सलाहकार नियुक्त किया गया है। मार्शल पिछले साल सितंबर तक आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई के महाप्रबंधक थे। बीसीबी की मीडिया समिति के अध्यक्ष इफ्तिखार रहमान ने कहा कि बीसीबी ने बीपीएल के भ्रष्टाचार रोधी कार्यों की देखरेख के लिए आईसीसी की अखंडता इकाई को नियुक्त किया है। बीसीबी की भ्रष्टाचार रोधक इकाई वर्तमान में 2024-25 सीजन के बीपीएल और ढाका प्रीमियर लीग में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। हाल ही में पीसीबी के मुख्य क्यूरेटर के पद से इस्तीफा देने वाले हेमिंग को भी बीसीबी ने बुलाया है।

# वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित-विराट!

**● देश के दोनों दिग्गज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेल सकते हैं करियर की आखिरी वनडे सीरीज**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। इस बीच खबर आ रही है कि दोनों अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर करियर की आखिरी वनडे सीरीज खेल सकते हैं यानी अब दोनों वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह सकते हैं।

इस विषय पर अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का बयान आया है। उन्होंने कहा कि, दोनों अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहिए। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी-20 के बाद वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं। अक्टूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन 2027 विश्व कप की रणनीति में रोहित और विराट पर विचार नहीं कर रहा है। दोनों को वनडे टीम में बने रहने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है। सौरव गांगुली ने रोहित और विराट के वनडे से संन्यास पर कहा, श्मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।श उन्होंने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड इवेंट के दौरान कहा, श्यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकार्ड शानदार है, यहां तक कि रोहित शर्मा का भी। दोनों ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में अद्भुत हैं।श भारत का ऑस्ट्रेलिया का वनडे दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैच खेले जाएंगे।

2026 कैलेंडर में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली जानी है। दुबई में नौ सितम्बर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था। गांगुली ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितम्बर से एशिया कप खेलेंगे। भारत बहुत मजबूत है।

# न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर थैमसिन न्यूटन ने लिया संन्यास

**● थैमसिन अपनी टीम के लिए शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी और मध्यम गति की गेंदबाजी करती थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। न्यूटन ने 14 साल के अपने क्रिकेट करियर में न्यूजीलैंड के लिए 2015 से 2021 के बीच 10 एकदिवसीय और 15 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। वह 2016 टी-20 विश्व कप और 2017 एकदिवसीय विश्व कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं।

वह शीर्ष क्रम की बल्लेबाज और मध्यम गति की गेंदबाज़ी करती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में श्रीलंका के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और नौ रन देकर तीन विकेट झटके थे। उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए।

उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की और 2014 से 2018 तक कैंटरबरी में रहीं। 2023-24 सीजन से पहले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स में जाने से पहले, वह पांच साल के लिए फिर से वेलिंगटन लौटीं। वह चार बार हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड, घरेलू 50 ओवर की प्रतियोगिता के फाइनल में शामिल हुईं। न्यूटन ने आखिरी बार 2017 में एकदिवसीय मैच खेला था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मांडविया ने साइक्लिंग तिरंगा रैली का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज सुबह स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले आयोजित 35वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइक्लिंग कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साइकिल चलाई। यहां कार्यक्रम की शुरुआत जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में हुई। इस बार देश भर की 2-5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। ध्वजारोहण से पहले पंचायत के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने साइकिल चलाने के विविध लाभों पर प्रकाश डाला, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी लाभदायक हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य लाभ होता है, बल्कि यह प्रदूषण का समाधान भी है।

### हरियाणा और झारखंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हरियाणा और झारखंड के बीच सोमवार को खिताबी भिड़ंत होगी। यहां खेले गए दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 3-0 से हराया। हरियाणा की कप्तान शशि काशा ने (आठवें) मिनट में गोलकर पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ कड़ी टक्कर दे रही थीं, लेकिन सुप्रिया ने (45वें और 47वें मिनट) आखिरी क्षणों में लगातार दो गोल करके गतिरोध तोड़ा। इसी के साथ हरियाणा ने टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। वहीं दिन के दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने यूपी ने (13वें मिनट) पहले क्वार्टर में पहला गोल किया।

# रमेश ने पदक जीत रचा इतिहास

**● एशियाई सर्फिंग में भारत को दिलाया पहला पदक**

**चेन्नई, वार्ता।** महाबलीपुरम में एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप का समापन हो गया। रमेश बुदिहाल ने आज इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के समापन के साथ ही कोरिया के कनोआ हीजे और जापान के अनरी मात्सुनो को पुरुष और महिला वर्ग का चैंपियन घोषित किया गया। महा. बलीपुरम की विश्वस्तरीय लहरों पर अंतिम दिन की प्रतिस्पर्धा ने रोमांचक फाइनल, राष्ट्रीय गौरव और ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए मंच तैयार किया। पहली बार, किसी भारतीय सर्फर ने महाद्वीपीय स्तर पर पदक जीता है। रमेश बुदिहाल ने ओपन पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता, जो भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय सर्फिंग के लिए यह एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है जब किसी एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर तिरंगा लहराया है, और एक भारतीय सर्फर ने कांस्य पदक जीता है, जो किसी ऐतिहासिक उपलब्धि से कम नहीं है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण वासु ने कहा कि रमेश की उपलब्धि साबित करती है कि भारत एशियाई सर्फिंग के नक्शे पर आ गया है, और यह अनगिनत युवा सर्फर्स को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। इस दिन ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के फाइनल मुकाबले हुए, जिसमें एशिया के सर्वश्रेष्ठ सर्फर पोडियम पर जगह बनाने के लिए चार-व्यक्ति हीट में भिड़े। इन प्रदर्शनों ने इस वर्ष की चैंपियनशिप को परिभाषित करने वाले कौशल, लचीलेपन और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर किया। महाबलीपुरम के दाहिने हाथ के पॉइंट ब्रेक ने ओपन पुरुष वर्ग के फाइनल में बेहतरीन स्थिति प्रदान की, जहां कनोआ हीजे (कोरिया) ने आक्रामक रेलवर्क, सटीक टाइमिंग और 15-17 के हीट-विजेता स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, और इंडोनेशिया के पजार एरियाना को केवल 0-6 अंकों से पीछे छोड़ दिया। रमेश बुदिहाल 12-60-मेगा आर्टाना को पछाड़ने और भारत के लिए पहला महाद्वीपीय सर्फिंग पदक हासिल करने के लिए स्मार्ट पोज़िशनिंग के साथ स्वच्छ, नियंत्रित टर्न का संयोजन किया। रमेश बुदिहाल के लिए, कांस्य पदक केवल पोडियम फिनिश से कहीं अधिक है-यह भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय के रूप में, रमेश की उपलब्धि भारत में इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

## रायपुर डब्बा अकादमी के पहलवान चैंपियनशिप में पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे

**फगवाड़ा, वार्ता।** रायपुर डब्बा ओलंपिक कुश्ती अकादमी, फगवाड़ा के चार पहलवानों ने आगामी राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के लिए पंजाब कुश्ती टीम में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 से 24 अगस्त तक झारखंड के रांची में आयोजित की जाएगी। अकादमी के निदेशक एवं पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती कोच प्यारा राम सोंधी ने आज यहां बताया कि अकादमी के चयनित पहलवानों में 70 किग्रा वर्ग में सूरज कुमार, 79 किग्रा वर्ग में विशाल कुमार, 92 किग्रा वर्ग में परमिंदर सैनी और 130 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में जस्टिन शामिल हैं। इन चारों ने हाल की प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अकादमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहचान बन चुके अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया है।

# वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत

**लंदन, वार्ता।** लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए। वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी



**● डेविड वार्नर पारी की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में आ गए थे लेकिन विलियमसन लड़खड़ा गए**

स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया। इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थर्ड मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई। लगातार दूसरे मैच में मध्यक्रम लड़खड़ा गया, जब लंदन स्पिरिट ने ल्यूक वेल्स, टॉम एबेल और टॉम कोहलर-कैडमोर जैसे बल्लेबाजों को आउट कर वेल्श फायर का स्कोर 39/5 कर दिया। कुछ ही गेंदों में स्कोर 55/6 हो गया, क्योंकि मैच का नतीजा साफ दिख रहा था। हालांकि, यह अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी कि वे केवल 8 रनों से हार गए, क्योंकि एक छोर पर उनके साथी खिलाड़ी कम पड़ रहे थे।

# नए फिटनेस टेस्ट में कई बांग्लादेशी क्रिकेटर मानकों पर नहीं उतरे खरे

**● मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे नाहिद ने प्रभावित किया**

**ढाका, वार्ता।** कई बांग्लादेशी क्रिकेटर नए फिटनेस टेस्ट में मानकों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि मुशफिकुर रहीम 1600 मीटर की दौड़ सबसे तेज पूरी करने वालों में शामिल रहे जबकि नाहिद राणा ने फिटनेस ट्रेनिंग में प्रभावित किया, लेकिन रविवार को नेशनल स्टेडियम में 1600 मीटर दौड़ में कुछ अन्य क्रिकेटर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए।

इससे पहले, खिलाड़ियों की फिटनेस की निगरानी यो-यो या बीप टेस्ट के जरिए की जाती थी। हालाँकि, नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का विकल्प चुना है। पता चला है कि तेज गेंदबाज़ मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में लगभग आठ मिनट लगे। दूसरी ओर, से राणा फिटनेस टेस्ट में भाग लेने वाले 22 क्रिकेटरों में सर्वश्रेष्ठ रहे, जिन्होंने 1600 मीटर की दौड़ केवल 5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की। टीम प्रबंधन के एक सदस्य ने रविवार को बताया कि राणा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# अंग्रेजों को घर में भारी पड़े भारतीय बल्लेबाज

**● शुभमन गिल ने महज 10 प्रतिशत गलत शाट्स खेले**
**● बुमराह व सिराज ने अंग्रेजो को ज्यादा परेशान किया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी (एटीटी) के नतीजों को भारत ने किसी तरह 1-3 की हार से 2-2 के ड्रा में बदल लिया, लेकिन पूरी सीरीज में इंडियन प्लेयर्स ही इंग्लिश खिलाड़ियों पर हावी दिखे। सीरीज के 5 टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के बैटर्स से बेहतर कंट्रोल दिखाया।

एक रिपोर्ट अनुसार, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने तो दोनों टीमों में सबसे कम 10 प्रतिशत ही गलत शाट्स खेले, जिनमें गेंद उनके बैट से मिडिल नहीं हुई। टॉप-4 बैटिंग कंट्रोल वाले प्लेयर्स में चारों भारतीय रहे। इतना ही नहीं, गेंदबाजों में भी भारत के ही मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के टॉप-5 बैटर्स को सबसे ज्यादा परेशान किया। उनके सामने बल्लेबाजों ने 25.1 प्रतिशत गलत शाट्स खेले। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में दोनों टीमों ने जिस तरह की फाइट दिखाई, उसे 2-2 की स्कोरलाइन से बेहतर और किसी तरह नहीं समझाया जा सकता। हालांकि, आंकड़ों में फिर भी टीम इंडिया आगे रही। इंग्लैंड से 9 के मुकाबले भारतीय बैटर्स ने 12 शतक लगाए। इंडियन प्लेयर्स का बैटिंग औसत भी इंग्लैंड के 37.57 के मुकाबले 39.77 का रहा। यहां तक कि सीरीज के टॉप-6 रन स्कोरर में 4 बैटर्स भारत के रहे। बल्लेबाज किसी गेंद को बैट से मिडिल करता है या पूरी तरह छोड़ देता है तो यह 100 प्रतिशत कंट्रोल में आता है।

वहीं, गेंद अगर बैट के किनारे से लगती है या बल्लेबाज को चकमा देकर चली जाती है, तो उसे 0 प्रतिशत कंट्रोल में काउंट करते हैं। दोनों के औसत से ही किसी बल्लेबाज या गेंदबाज का कंट्रोल प्रतिशत निक. ालते हैं। बैटिंग कंट्रोल के पैरामीटर में भी भारतीय बैटर्स आगे रहे। इंग्लैंड ने 78.2 प्रतिशत कंट्रोल दिखाया, वहीं भारत ने 84.6 प्रतिशत कंट्रोल में शाट्स खेले। यानी भारतीय बैटर्स ने सीरीज में इंग्लैंड के 21.8 प्रतिशत के मुकाबले 15.4 प्रतिशत ही गलतियां कीं। हालांकि, इंग्लैंड पिछले 3 साल से अटैकिंग बैटिंग कर रहा है, इस कारण भी उनके बैटर्स ज्यादा गलतियां कर रहे हैं। इससे विकेट के चांस तो बनते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि विकेट भी गिरे ही। कई बार बैट का बाहरी किनारा लगने के बाद भी गेंद स्लिप फील्डर तक नहीं पहुंचती। इस कंडीशन में बल्लेबाज गलत शाट के बावजूद आउट होने से बच जाता है। भारत के खिलाफ सीरीज से पहले इंग्लैंड ने बैजबाल अप्रोच में घरेलू कंडीशन में 20 टेस्ट खेले।

## ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया


**डार्विन, वार्ता।** टिम डेविड (83) और कैमरून ग्रीन (35) की आतिशी पारियों के बाद जॉश हेजलवुड और बेन ड्वारशिवस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं और उसने पहले ही ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने विकेटकीपर कैमरून ग्रीन के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लुआन-द्रे प्रेटोरियस को ग्लेन मैक्सवेल ने ओवेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

# युवक ने पत्नी के साथ मिलकर किया दोस्त का मर्डर

■ हत्यारे पति-पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर के मोहल्ला लक्ष्मणगंज वारिश नगर में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई जिसमें एक युवक की हत्या हो गई और हत्या करने वाले पति-पत्नी को जेल जाना पड़ा। एक तरफ हत्यारे पति-पत्नी प्रेम प्रसंग का मामला बता रहे हैं तो दूसरी ओर मृतक युवक के परिजन हत्यारे रहीश पर 05 लाख रु. से अधिक की उधारी बता रहे हैं। मृतक को इतनी निर्दयता से मारा गया है कि जिसने भी उसकी हालत देखी वह सिहर गया। हालांकि देर रात्रि घायल अवस्था में चलकर मृतक अपने घर तक पहुंच गया परंतु उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या करने वाले दंपत्ति को हिरासत में ले लिया। पूंछताछ के दौरान रहीश व उसकी पत्नी सितारा ने बताया कि अनीस पुत्र मुस्तकीम आयु लगभग 25 वर्ष निवासी मौहल्ला लक्ष्मणगंज वारिश नगर का उनके घर आना-जाना था। रहीश ने बताया कि वह तिरपाल बेचने का काम करता है जिस कारण वह महीने भर में घर लौटता है। इसी दौरान अनीस व उसकी पत्नी सितारा के सम्बन्ध हो गये थे। उसे इस बारे में आसपड़ोस के लोगों से जानकारी मिली। इस पर उसने अपनी पत्नी को समझाया और दोनों ने मिलकर अनीस की मौत का षडयंत्र रच डाला। शनिवार की रात्रि अनीस को पत्नी सितारा ने फोन करके बुलाया, जैसे ही समीर घर में आया तो पति-पत्नी से लाठी-डंडों



से मारपीट कर अनीस को जान से मार दिया। उसका चेहरा बिगाड़ने के लिए प्लास का प्रयोग करके अनीस के दांत खींच लिये तथा मोबाइल व प्लास को पीछे प्लाट में फेंक दिया जिसकी बरामदगी पुलिस द्वारा कर ली गयी है। पुलिस ने पति रहीश व पत्नी सितारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना पर एएसपी राजेश कुमार



श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

हालांकि मृतक के परिजनों ने बताया कि डेढ़ माह बाद गुन्नौर से अनीस की शादी होने वाली थी, वह अपने दोस्त रहीश से उधार के पैसों के लिए तकादा कर रहा था। साथ ही उन्होंने बताया कि वह घायल अवस्था में घर पहुंचा था जहां उसकी मौत हो गयी। इधर मौहल्ले के लोगों ने बताया कि दोनों परिवार बाहर से आकर बसे हुए हैं। दोनों ही तिरपाल बेचने का कार्य करते हैं। दोनों का आपस में घर आना-जाना था। मृतक 05 भाई थे जिसमें एक भाई की मौत पहले ही हो चुकी है। पिता मुस्तकीम एफसीआई से सेवा. निवृत्त होने के बाद दुकान चलाते हैं। फिलहाल जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# रक्षाबंधन पर चौकी इंचार्ज नरौली ने पेश की मिसाल

## असहाय परिवार की महिलाओं से बंधवाई राखी, बांटी खुशियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जहां पूरे देश में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, वहीं चंदौसी क्षेत्र में इस अवसर पर मानवता और सेवा की एक मिसाल भी देखने को मिली। नरौली चौकी इंचार्ज अनीस अहमद ने रक्षाबंधन के दिन गरीब और असहाय परिवारों को खुशियां देने की अनोखी पहल की। रक्षाबंधन के अवसर पर चौकी इंचार्ज नरौली ने पुलिसकर्मियों के साथ एक वृद्ध एवं असहाय परिवार के घर पहुंचे।

उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं से राखी बंधवाकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का सम्मान किया। यह दृश्य देखकर परिवार के चेहरे



पर खुशी और अपनापन झलक उठा। केवल राखी बंधवाने तक ही चौकी इंचार्ज का यह प्रयास सीमित नहीं रहा। उन्होंने परिवार को खाद्य सामग्री और मिठाई भेंट कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। इस कदम से न केवल परिवार की जरूरतें कुछ समय के लिए पूरी हुईं, बल्कि उनके दिल में यह भरोसा भी जगा कि समाज में अब भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो मदद के लिए आगे आते हैं।

# 17 को होगी कला प्रतियोगिता 13 तक जमा होंगे आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति के प्रबंधक हरीश कठैरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की कला प्रतियोगिता 17 अगस्त (रविवार) को नगर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। संपूर्ण प्रतियोगिता कक्षा 03 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए चार वर्गों में विभाजित की गई है। कक्षा 03 से 05 के प्रथम वर्ग में हमारा तिरंगा झंडा या जल बचाओ, कक्षा 06 से 08 के द्वितीय वर्ग में वंशीवादक श्रीकृष्ण या वर्षा का दृश्य, कक्षा 09 व 10 के तृतीय वर्ग में स्वच्छता अपनाओ-रोग भगाओ या सबसे ऊंचा पुल-चिनाब और कक्षा 11 व 12 के चतुर्थ वर्ग में ऑपरेशन सिंदूर या वृक्षारोपण अभियान निश्चित किया गया है। प्रत्येक वर्ग में कोई से एक विकल्प का चित्रण करके अपने मनपसंद रंग भरने हैं। प्रतियोगिता की अवधि 90 मिनट रहेगी। समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रार्थना पत्र के साथ नमूना पत्रक भेजे जा चुके हैं। विद्यार्थियों द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 से बढ़ाकर 13 अगस्त 2025 कर दी गई है।

# घटना के 24 घंटे बाद भी नहीं मिला कपिल कश्यप का शव

■ परिजन अब लगा रहे हैं दोस्तों पर धक्का देकर गिराने का आरोप

**कांठ।** घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कपिल कश्यप का शब बरामद नहीं हो सका है परिजन अब उसे बुलाकर ले गए दोस्तों पर धक्का देकर नदी में गिराने का आरोप लगा रहे हैं। शनिवार की दोपहर को थाना कांठ क्षेत्र के गांव खतापुर निवासी कपिल कश्यप अपने तीन दोस्तों के साथ लाडला बाद स्थित करूला नदी पुल पर नहाने के लिए गया था जहां पर वह डूब गया शाम तक उसकी तलाश की गई लेकिन कपिल की बॉडी बरामद नहीं हो सकी सुबह को फिर पीएसी के गोताखोरों की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शाम तक उसको तलाश किया लेकिन शाम 6:00 बजे तक भी गोताखोर युवक का शब बरामद करने में नाकाम रहे। परिजनों का कहना था कि गांव के तीन युवक उसे सोते हुए नींद से जगा कर कोल्ड ड्रिंक पिलाने की बात कहकर ले गए थे लेकिन उन्होंने पुल पर ले जाकर धक्का दे दिया। बताया गया कि संबंध में परि. जनों ने थाने में तहरीर भी दी है पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया है फिलहाल समाचार




लिखे जाने तक नदी में डूबे युवक की तलाश जारी थी।

# एक नजर

## हवन उपरांत सात दिवसीय हरि कथा का बिश्नोई मंदिर में शुभारंभ



**कांठ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं गुरु जंभेश्वर महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित हर साल की तरह इस बार भी सात दिवसीय हरि कथा का शुभारंभ आज हवन उपरांत कर दिया गया। कथा वाचन करने आए व्यासपीठ स्वामी रामेश्वरानंद महाराज ने अन्य संत और क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति में हवन संपन्न कराया। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण एवं गुरु जंभेश्वर महाराज के चित्रों पर माल्यापर्ण करके ज्योति प्रज्वलित की गई गणमान्य व्यक्तियों ने हरि कथा में आए संतों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद 2:00 बजे हरि कथा प्रारंभ हुई इस कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि रहे मध्य प्रदेश के पूनम चंद पवार का भी मंदिर आगमन पर स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर कुंवर सुरेंद्र सिंह मास्टर चंद्र प्रकाश जी मास्टर देवराज सिंह रविराज सिंह धर्मवीर सिंह संचित बिश्नोई पियूष बिश्नोई प्रदीप बिश्नोई महावीर सिंह राजवीर सिंह मास्टर तारा सिंह अशोक कुमार नेताजी सहित काफी महिला और पुरुष मौजूद रहे।

## संदिग्ध को गांव में घूमता देख लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**कांठ।** सादकपुर खिचड़ी गांव में संदिग्ध व्यक्ति को देखकर लोगों ने घेर लिया और पूछताछ कर पुलिस के हवाले कर दिया संदिग्ध व्यक्ति उसके हाथ से गाय मर जाने की बात कह कर भीख मांग रहा था। घटना दोपहर करीब 1बजे की है एक व्यक्ति सादकपुर खिचड़ी गांव में नई बाइक पर बैठकर पहुंचता है और कुछ लोगों के घर जाकर उसके हाथों गाय मर जाने की बात कहते हुए भीख मांगने की बात करता है। इसके बाद उसने प्रधान के घर का रुख



किया और वहां भी उसने यही बात बताई लेकिन उक्त व्यक्ति की हालत देखकर गांव वालों को शक हुआ पूछताछ में उसने मल्लीवाला गांव का होने की बात कही लेकिन बात करते-करते उसने अपने कई पते बता दिए ग्रामीणों का शक गहराया तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को उठाकर थाने ले आई बाद में पता चला कि उक्त व्यक्ति मल्लीवाले गांव का रहने वाला है और मुस्लिम है लेकिन वह इसी तरह लोगों को झूठ बोलकर पैसे मांगने का काम करता है समाचार लिखे जाने तक पुलिस संदिग्ध से पूछताछ कर रही थी।

## मारपीट में तीन घायल, चार पर केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव मंझरा शाहपुर निवासी ग्रामीण की तहरीर पर चार पिता-पुत्रों के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में साहिल पुत्र मुन्नू ने बताया है कि शनिवार को घर के बाहर खेलते हुए बच्चों में कहासुनी हो गयी थी। इस पर याकूब और उसके बेटों अजुब,नूर अली और आसिफ ने मेरे और मेरे भाईयों जुनैद और मोईन पर जान से मारने की नीयत से लोहे के सरियों एवं रॉडो से हमला कर सिर फाड़ दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार पिता-पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से मुरादाबाद के इलाकों में जलभराव मदद के लिए जुटे स्थानीय पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता

**मुरादाबाद।** रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मुरादाबाद के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में पानी घुस जाने के कारण भोजन और पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संकट की घड़ी में मुरादाबाद के कुछ जागरूक पत्रकार और समाजसेवी लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। मुरादाबाद यूट्यूब चौनल की ओर से आमन सिद्दीकी, सीमीत मोहम्मद, जीशान सादिक, और नासिर मिर्जा (टुडे भारत न्यूज के संपादक) तथा फरमान भी मौके पर मौजूद रहे। इन सभी ने मिलकर वहां मौजूद पीड़ित परिवारों को भोजन प्रदान किया और उनकी समस्याएं सुनीं। आमन सिद्दीकी ने मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि, ष्यह समय एकजुट होकर सेवा का है। मैं मुरादाबाद की सभी एनजीओ संस्थाओं से अपील करता हूं कि वे इस राहत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पीड़ित परिवारों के लिए भोजन, पानी और जरूरी सहायता प्रदान करें। उन्होंने यह भी मांग की कि नगर निगम को तुरंत प्रभाव से वहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि जलभराव के कारण बीमारियों का खतरा न बढ़े।

# कच्चे मकान की छत गिरी, बाल-बाल बचा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे क्षेत्र के गांव अहरौला में गरीब परिवार की कच्चे मकान की छत भर-भरा कर गिर गई, गनीमत रही कि घर के अंदर परिवार का कोई सदस्य नहीं था, जगदीश निवासी अहरौला ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है, लगातार हो रही बारिश तथा बाढ़ आने के कारण सड़कों पर जलभराव के चलते मजदूरी भी नहीं कर पा रहा था,आज शाम के समय छत भरा-भरा कर गिर गई उसके नीचे दबकर राशन, कपड़े, चारपाई अन्य सामान खराब हो गया, जबकि परिवार बाहर बैठा था, आशा देवी ने बताया कि मकान की छत गिरने और घर का सामान दबने से परिवार पर संकट गहरा गया है, कमाने वाले



सिर्फ पति है मेरे पास चार बेटियां और एक छोटा बेटा है,अहरौला प्रधान पति अविनाश चौहान ने गरीब परिवार को मदद करते हुए राशन कपड़ा आदि मुहिया कराया, और कहा कि मेरी ग्राम पंचायत में किसी परिवार को बरसात के मौसम में परेशानी आती है तो मैं उसकी मदद के लिए हर समय तैयार हूं।

# नगर में मच्छरों पर वार, पालिका ने चलाया एंटी लार्वा छिड़काव अभियान

**ठाकुरद्वारा।** बरसात का मौसम आते ही मच्छरों की तादाद बढ़ने लगी है और डेंगू का खतरा भी मंडराने लगा है। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने रविवार को पूरे जोश के साथ एंटी लार्वा छिड़काव अभियान चलाया। मोहल्लों की गलियों से लेकर नालियों और गड्ढों तक, पालिका की टीम ने हर जगह कीटनाशक दवा का छिड़काव किया, ताकि मच्छरों की पैदावार पर रोक लगाई जा सके। पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी रंजना सिंह के निर्देश पर यह अभियान नगर के विभिन्न इलाकों में एक साथ चलाया गया। टीम के कर्मचारी मशीन और स्प्रे पंप लेकर गलियों में घूमते रहे और लोगों को भी साफ-सफाई रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि गंदे पानी के जमाव और खुले में रखे बर्तनों में मच्छर सबसे ज्यादा पनपते हैं, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है। नगरवासियों ने पालि. का टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते यह कदम उठाया गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के खतरे को काफी हद तक टाला जा सकेगा। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने नालियों और जलभराव वाले स्थानों पर विशेष ध्यान दिया। अध्यक्ष इरफान सैफी ने कहा, ष्हमारा लक्ष्य है दृ स्वच्छ और मच्छरमुक्त ठाकुरद्वारा। इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

अधिशासी अधिकारी रंजना सिंह ने भी लोगों से अपील की कि घरों और आसपास पानी जमा न होने दें और सफाई में सहयोग करें।

# इस्कॉन भक्तों ने की बाढ़ की शांति के लिए गंगा की आरती

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णाभावना मृत संघ मुरादाबाद द्वारा आज गंगा जी की, शंख धूप, दीप, दुग्ध, पुष्प, वस्त्र के द्वारा आरती की गई जिसको पुजारी रघुवीर प्राण दास सम्पन्न की गई इस हरि नाम संकीर्तन के साथ सभी भक्तों ने गंगा जी से प्रार्थना की इस विकराल रूप को शांत करे और अपने भक्तों पर कृपा करे इस्कॉन मुरादाबाद के प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास ने बताया कि आज कलि के युग में लोग ज्यादा अत्याचार कर रहे है लोग पेड़ो का कटान, गंगा का कटान, नशा, जुआ, मांसाहार ओर अवैध संघ ज्यादा कर रहे हैं जिससे आपदा बढ़ रही है उसी को देखते हुए महाप्रभु के आंदोलन में भक्तों को अच्छे आचरण के साथ शास्त्रों के अनुसार कर्म करना



चाहिए आज से बाढ प्रभावित गांव गांव में भक्तों को भोजन प्रसादी वितरण किया जा रहा है आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी मुकुल अग्रवाल, धवल दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य संभल ,मोहित अग्रवाल रहे भक्त समाज से यूथ प्रचारक अरुण उदय दास रहे उसके साथ मीडिया प्रभारी राधा कांत गिरधारी दास ने बताया भक्ति वेदांत श्रील प्रभुपाद ने बताया इस्कॉन केंद से 10 मिल तक कोई भूखा न रहे यही संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।

# रोटरी क्लब रॉयल्स ने लगाया नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स की ओर से रविवार को नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन डा0 तन्वी अग्रवाल के अस्पताल में किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य उन लोगों का दंत परीक्षण करना था। करीब 62 लोगों ने अपने दांतों की नि:शुल्क जांच कराई और जिन्हें दवाइयां और डॉक्टर का परामर्श नि:शुल्क रहा। साथ ही बताया गया कि यह कैंप सिर्फ आज के दिन के लिए ही नहीं है, रोटरी रॉयल के और डा. तन्वी के संयोजन में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के दांतों की जांच नि:शुल्क की जायेगी। इस दौरान राहुल अग्रवाल, भुवनेश



वार्ष्णेय, विजय कुमार, राजीव कृष्ण, वंदना अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, डा. प्योध चौधरी, डा. श्रती चौधरी, नैंसी अग्रवाल, विनय अग्रवाल, साहनी, विभोर बंसल, शशांक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूकान हड़पने के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाईम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा के आदेश पर पुलिस ने मोहल्ला चांद मस्जिद निवासी चार भाईयों समेत पांच लोगों के खिलाफ दूकान हड़पने के उद्देश्य से कूटरचित दस्तावेज तैयार करके उसका उपयोग करने एवं लाइसेंसी हथियार दिखाकर डराने धमकाने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट जूनियर डिवीजन ठाकुरद्वारा दीपांकर की अदालत में धारा 175(3) के अंतर्गत दायर वाद में तौसीफ अहमद पुत्र हाजी हनीफ ने बताया है कि घासमंडी मेन मार्केट में स्थित दूकान में चांद मस्जिद निवासी बाबू अली पुत्र हाजी साबिर हुसैन किराए पर रहता है।घ् बेटी का विवाह एवं कारोबार करने के लिए दूकान मेहनाज को बेचकर दिनांक4अप्रैल को रजिस्ट्री करा दी है। बाबू अली से दूकान खाली करने को कहा तो टालमटोल करने लगा। दिनांक 23 जुलाई को बाबू व जाहिद पुत्र साबिर हुसैन लाइसेंसी रिवाल्वर व पिस्टल लेकर गांव गणेश. पुर में ढेला नदी पुल के निकट अपने मकान पर आये और मुझे बुलाकर धमकाने लगे।घ्मैंने पूर्व चेयरमैन शफी अहमद,नईम अहमद, फईम अहमद एवं पूर्व सभासद अशफाक खां को बुलाकर बात की तो आरोपियों ने एक दो दिन में दूकान खाली करने की बात कही।

उसके बाद आरोपियों ने दूकान हड़पने का षड्यंत्र रचकर दूकान की खरीदारी का कूटरचित दस्तावेज स्टाम्प पेपर तैयार कर लिया।घ् एप्लिकेशन देकर नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर कार्यालय के ग्रहकर रजिस्टर से मेरा नाम कटवाकर अपना नाम दर्ज कराने लगे। दस्तावेज में मुशाहिद पुत्र हाजी साबिर को दूकान का खरीदार व जहांग. ीर पुत्र हाजी साबिर हुसैन एवं थाना भगतपुर के गांव रोशनपुर बहेड़ी निवासी नबाव अली पुत्र साबिर हुसैन को गवाह बनाया हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फूलन देवी ने किया पीडीए समाज के जीवन भर संघर्षः लाखन सिंह सैनी

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी की और से रविवार को पार्टी की पूर्व सांसद और दुनिया भर में बैंडिट क्वीन के नाम से विख्यात फूलन देवी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में मनाई गई। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा गया कि उन्होंने समाज को जागरूक करते हुए अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोला था। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व सांसद फूलन देवी समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के संरक्षण में समाज की मुख्य धारा में जुड़ीं और पार्टी के टिकट पर दो बार सांसद बनीं। उन्होंने समाज को जागरूक करने के लिए अन्याय खिलाफ मोर्चा खोला। कहा कि फूलन देवी का जन्म उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के गांव गोरहा गांव में 10 अगस्त 1963 को निम्न वर्ग में एक मल्लाह के घर हुआ था। वर्ष 1994 में नेताजी मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सरकार ने उनके खिलाफ सभी आरोपों को सरसरी तौर पर वापस ले लिया और ग्यारह वर्ष जेल में रहने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। उन्होंने अपना अधिकांश




जीवन बीहड़ और जेल में गुजारने के बाद वर्ष 1996 में राजनीति में जाने की राह पर चल पड़ीं। दो बार देश के सर्वोच्च सदन की सदस्य के रूप में मिर्जापुर का प्रतिनिधित्व किया। इस मौके पर गोष्ठी में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी, वेद प्रकाश सैनी, प्रेम बाबू वाल्मीकि,गोरव चौहान, योगेंद्र यादव, आशाकर पाशा, राहुल यादव, नाजिम सैफी,फिरासत हुसैन गाम,राहत सैफी विरेंद्र प्रसाद,लुकमान खान, अतिकुरहमान,दानिश मिर्जा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 11 अगस्त 2025

# साख का सवाल

वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़े को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच छिड़ा सीधा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। संसद में तो हंगामा बरपा ही है साथ ही यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के द्वार भी पहुंच गया। रविवार को और विस्तार देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक फोन नंबर जारी कर वोट चोरी के खिलाफ जनसमर्थन हासिल करने के लिए लोगों से मिस्ड कॉल करने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी ने कहा है कि वोट चोरी एक व्यक्ति एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है और उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह पारदर्शिता दिखाए और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सके। राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के सोमवार को प्रदर्शन की बात भी कही। यह प्रदर्शन संसद से चुनाव आयोग तक किया जाएगा। कांग्रेस का यह भी कहना है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर मनमर्जी कर रहा है और एक ही पते पर सैकड़ों लोगों के नाम चढ़ाकर लोकतंत्र को तबाह कर रहा है।

कांग्रेस ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय में चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि वह बिहार में जो 65 लाख लोगों के नाम छूट गए हैं उनके विषय में कोई जानकारी नहीं देगा। चुनाव आयोग के अनुसार ऐसा कोई नियम नहीं जिसके तहत नाम काटने का कारण बताया जाए या ऐसी जानकारी दी जाए। कांग्रेस का कहना है कि इससे साफ है कि चुनाव आयोग पूरी तरह से अपनी मनमर्जी चला रहा है और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर धांधली छुपाने के लिए सारी हदें पार कर रहा है। अब इसमें कौन सही है कौन गलत, यह बात अपनी जगह, लेकिन ऊपरी सतह पर देखने में आ रहा है कि किसी की भी दिलचस्पी इस बात में दिखाई नहीं दे रही है, इस मामले की पूरी तरह निष्पक्ष जांच हो। चुनाव आयोग यह मानने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है कि वोटर लिस्ट में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है, जबकि राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ वोटर लिस्ट के संबंध में अपनी बातों को रखा है और साबित किया है कि वोटर लिस्ट में काफी गड़बड़ है। अभी जो बिहार में वोटर लिस्ट का काम चल रहा है उसके माध्यम से भी बताया गया है कि नई वोटर लिस्ट में मुजफ्फरपुर के एक मकान में 269 वोटरों नाम अंकित हैं। इसी तरह जमूई के एक मकान में 247 वोटरों के नाम हैं। कांग्रेस का मानना है कि यह सरासर वोट चोरी है, जिसका खेल अब सामने आ चुका है।

महाराष्ट्र और कर्नाटक से भी इस तरह की खबरें मिली हैं, जहां एक कमरे के पते के नाम पर 80-90 वोट बनी हैं। चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी जिम्मेदारी ऐसे हालात में सबसे ज्यादा है, क्योंकि इससे पूरी चुनाव प्रक्रिया ही दांव पर लग गई है। किसी भी मामले में साख बेहद अहम हिस्सा होती है और चुनाव आयोग की साख इस समय बेहद निचले स्तर पर पहुंच गई है।

## विकास की रफ्तार से खुश नहीं कुछ लोग



कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं। उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा, सबके बॉस तो हम हैं, भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है, कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया इन्हें न खरीदे, यह प्रयास किया जा रहा है, लेकिन, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती, अब हम 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सामान का निर्यात कर रहे हैं, यही भारत की ताकत है, यही नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है, हमारा निर्यात लगातार बढ़ रहा है। **-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**




# खतरे में सरकार की साख



**तनवीर जाफरी**

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहां होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिए चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं।

उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्राय: कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुए जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुए हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी व राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद EVM की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में EVM से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी EVM बदलने के तो कभी EVM चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालांकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु EVM का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनेक बार EVM विरोधी प्रदर्शन भी हुए। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर EVM के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग EVM पर ही विश्वास जताते रहे परन्तु अब मामला EVM की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी,डुप्लिकेट मतदाता, साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभाव, असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवा. निवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को देशद्रोही और राष्ट्रहित के विरुद्ध करार दिया और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छह महीने की कड़ी मशक्कत के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को परमाणु बम का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।

दरअसल राहुल गांधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक कागजों के विशाल बंडल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन कागजात में से केवल 4 किलो कागज का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन कागजात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गई तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुंच गए कि जब 4 किलो कागजात फर्जी हैं तो शेष सैकड़ों किलो कागजात भी फर्जी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है? यही वजह है कि अब राहुल गांधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिए मशीन रिडेबल डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी। आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग का काला चिट्ठा खोला गया है। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप निराधार, शर्मनाक और लोकतंत्र का अपमान हैं और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं। उन्होंने कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया। याद कीजिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिए गए थे। किसने कटवाए थे यह नाम? क्यों काटे गए? ऐसी अनियमिताओं की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है? किसके इशारे पर होता है यह काम? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ साजिश नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पांच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गए कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद अनजान मतदाताओं की बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आए थे ये मतदाता? राहुल से हलफनामा मांगने जैसी बातें करना तो उनके संगीन आरोपों से मुंह छुपाने का बहाना मात्र प्रतीत होती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उत्तरकाशी त्रासदी: मात्र एक चेतावनी

**जलवायु परिवर्तन ने हिमालई क्षेत्र में आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को बढ़ा दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार, 1988 से 2023 तक उत्तराखंड में 12,319 भूस्खलन हुए, जिनमें से 1,100 अकेले 2023 में दर्ज किए गए। ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और ग्लेशियल झीलों का विस्तार ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड का खतरा बढ़ा रहा है। उत्तरकाशी की हालिया बाढ़ में भी विशेषज्ञों ने जीएलओएफ की संभावना जताई है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भारी बारिश की घटनाएं अधिक आम हो रही हैं।**



**विनीत नारायण**

भारत के पहाड़ी क्षेत्र, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, प्राकृतिक सौंदर्य और जैव-विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि गंगा, यमुना और अन्य प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल भी हैं, जो देश की जीवनरेखा हैं।

हालांकि, हाल के वर्षों में इन क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता ने गंभीर चिंता पैदा की है। उत्तरकाशी में हाल ही में भीषण बाढ़ और मलबे के प्रवाह ने एक बार फिर से यह सवाल उठाया है कि क्या हम अपने पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ तो नहीं कर रहे हैं? यह आपदा, जो भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, न केवल प्राकृतिक कारणों से बल्कि अवसंरचना परियोजनाओं के कुप्रबंधन और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण और भी विनाशकारी बन गई। यह समय है कि हम इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और तत्काल कार्रवाई करें।

5 अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में एक बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई। खीर गंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हुई इस घटना ने गांव के घरों, होटलों, दुकानों और सड़कों को तहस-नहस कर दिया।चार लोगों की मौत हो गई और 50 से 100 लोग लापता हो गए। यह आपदा भगीरथी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में हुई, जो 2012 में गंगा नदी की पारिस्थितिकी और जलस्रोतों की सुरक्षा के लिए अधिसूचित किया गया था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र में अनियंत्रित निर्माण कार्य, जैसे कि नदी के बाढ़ क्षेत्रों पर होटल और हेलीपैड का निर्माण, ने इस आपदा को और अधिक गंभीर बना दिया।

उत्तरकाशी की यह घटना कोई अपवाद नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बार-बार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। 2013 की केदारनाथ बाढ़, जिसमें 5,700 से अधिक लोग मारे गए थे और 2021 की चमोली बाढ़, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए या लापता हो गए, ऐसी त्रासदियों के उदाहरण हैं। इन आपदाओं का एक प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन है, जो हिमालई क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने और बादल फटने की घटनाओं को बढ़ा रहा है। लेकिन इसके साथ-साथ मानवीय गति. विधियां, विशेष रूप से अवसंरचना परियोजनाओं का गलत प्रबंधन, इन आपदाओं की तीव्रता को और बढ़ा रहा है।

हिमालई क्षेत्र की भूवैज्ञानिक संरचना अत्यंत नाजुक है। यह क्षेत्र टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण भूकंपीय रूप से सक्रिय और भूस्खलन के लिए अतिसंवेदनशील है। फिर भी, चारधाम परियोजना जैसे बड़े पैमाने की सड़क निर्माण परियोजनाएं, हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स और अनियंत्रित पर्यटन ने इस क्षेत्र की स्थिरता को और कमजोर किया है। उत्तरकाशी में चारधाम परियोजना के तहत धरासू-गंगोत्री खंड का चौड़ीकरण और हिना-टेखला के बीच प्रस्तावित बायपास, जिसमें 6,000 देवदार के पेड़ों को काटने की योजना है, पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है।

चारधाम परियोजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई कानूनी चुनौतियां सामने आई हैं, क्योंकि यह परियोजना पर्यावरणीय खतरों को बढ़ा रही है। विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पहाड़ों की कटाई, वनों की अंधाधुंध कटाई और नदी के किनारों पर निर्माण कार्य इस क्षेत्र को और अधिक अस्थिर बना रहे हैं। 2023 में सिल्क्यारा सुरंग प्रकरण ने भी यही दिखाया कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के बिना परियोजनाओं को मंजूरी देना कितना खतरनाक हो सकता है।

इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में शिमला के शोघी-धल्ली राजमार्ग परियोजना के लिए पहाड़ों की कटाई ने भूस्खलन के खतरे को बढ़ा दिया है। शिमला, जो कभी 30,000 लोगों के लिए बनाया गया था, अब 300,000 लोगों और लाखों पर्यटकों का बोझ सह रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अकेली सांझ, बदलते दौर में वृद्ध जीवन का एकाकीपन

हमारे समाज में पीढ़ियों से सुनाई देने वाली कहावत धीयन ले गयो जमाई, बहुएं ले गई पूत, कहें कबीर सुनो भई साधौ, हम तो रह गए उत के उत, कभी हंसी-ठिठोली में कही जाती थी, लेकिन आज यह कई घरों की कड़वी सच्चाई बन गई है। पहले संयुक्त परिवार में रिटायरमेंट के बाद के दिन बच्चों की चहल-पहल, पोते-पोतियों की हंसी और पूरे घर की गर्माहट में गुजरते थे, लेकिन अब आर्थिक जरूरतों, रोजगार के केंद्रीकरण और जीवनशैली में बदलाव के कारण बेटा-बेटी अक्सर विदेश या बड़े शहरों में बस जाते हैं।

नतीजा यह है कि घर में रह जाते हैं केवल वृद्ध माता-पिता और उनके जीवन का संध्या काल जो एक खामोश और अक्सर उदास एकांत में कटने लगता है। यह अकेलापन सिर्फ शारीरिक नहीं, भावनात्मक और मानसिक दूरी का भी प्रतीक है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत में साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या अब 15 करोड़ से अधिक है और इनमें से लगभग 60 प्रतिशत ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में रहते हैं। 2011 की जनगणना में लगभग 35 प्रतिशत वृद्ध ऐसे पाए गए जो या तो अकेले रहते थे या केवल अपने जीवनसाथी के साथ। 2024 में एजवेल रिसर्च एंड एडवोकेसी सेंटर की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हर तीन में से एक वृद्ध को सप्ताह में एक बार से भी कम पारिवारिक संपर्क मिलता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या थोड़ी बेहतर है, लेकिन वहां भी आर्थिक और सामाजिक दूरी बढ़ रही है। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक एवं भावनात्मक स्थिति पर राष्ट्रीय सर्वेक्षणों ने चिंता के संकेत दिखाए हैं। दीर्घकालिक वृद्धावस्था अध्ययन (लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया) 2021 के अनुसार, 32 प्रतिशत वृद्धजन निम्न जीवन-संतुष्टि की शिकायत करते हैं और 70 प्रतिशत रोजमर्रा की गतिविधियों में दूसरों पर निर्भर हैं, जबकि 78 प्रतिशत के पास कोई पेंशन सुरक्षा नहीं है। इसी संदर्भ में एक हालिया सामाजिक रिपोर्ट बताती है कि भारत में लगभग 34 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक सामाजिक अलगाव का अनुभव करते हैं और 55 प्रतिशत बुजुर्ग व्यक्ति अक्सर अकेलापन महसूस करते हैं। यह आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि अकेलापन केवल भावनात्मक पहलू नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और स्वास्थ्य-संबंधी चुनौती बन चुका है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में सकारात्मक पहलें भी हो रही हैं, जो उदाहरणीय हैं। जैसे कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस और देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया गया, जहां योग, स्वास्थ्य परामर्श, पुस्तकालय और क्रीड़ा जैसी सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं, यह भारत में राज्य स्मार्ट सिटी पहल के अंतर्गत पहला केंद्र है। साथ ही, लखनऊ में एक संस्था आस्था होस्पिस एवं जेरियाट्रिक केयर सेंटर वृद्धों को नि:शुल्क चिकित्सा, वृद्ध-आश्रय और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे फैशन शो व गिविंग सैटरडे सम्मान अभियान जैसी पहलें प्रदान करती है, जो स्थानीय स्तर पर सामाजिक सहभागिता और गरिमा को बनाए रखने में सहायक हैं। कुछ और भी सकारात्मक



उदाहरण हैं , केरल के त्रिशूर जिले में स्कूलों ने ग्रैंडपैरेंट्स इन क्लासरूम नामक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक, सैनिक, किसान और कारीगर सप्ताह में एक दिन बच्चों को अपने अनुभव और कौशल सिखाते हैं। इससे न केवल बुजुर्गों का आत्मसम्मान बढ़ता है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कृति, मेहनत और संघर्ष की वास्तविक कहानियों से परिचय होता है। तकनीक के क्षेत्र में भी समाधान की संभावनाएं हैं।

आज स्मार्ट डिवाइस, वॉयस असिस्टेंट, दरवाजे पर सेंसर-घंटी, और नेबर अलर्ट सिस्टम जैसे उपकरण कम खर्च में उपलब्ध हैं। बेंगलुरु में एक स्टार्टअप ने ऐसे वॉयस-एक्टिवेटेड सिस्टम बनाए हैं, जो गिरने या जोर से पुकारने की स्थिति में पड़ोसियों और परिजनों को तुरंत अलर्ट भेज देते हैं। दिल्ली के कुछ इलाकों में आरडब्ल्यूए ने मोहल्ला सुरक्षा योजना के तहत बुजुर्गों के घरों में हेल्थ अलार्म बटन और मोबाइल आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाए हैं, जिससे आपात स्थिति में मदद जल्दी पहुंचाई जा सके। यह भी सच है कि सभी समाधान सिर्फ सरकार या संस्थाओं से नहीं आएंगे। पड़ोसी और स्थानीय समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर मोहल्ले में महीने में एक बार वृद्ध मिलन दिवस मनाया जाए, जिसमें स्वास्थ्य जांच, योग सत्र, हंसी थेरेपी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हों, तो न केवल बुजुर्गों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी मजबूत होगा। लखनऊ के एक पार्क में सुबह-सवेरे ऐसे ही संगीत-संवाद सत्र होते हैं, जहां बुजुर्ग मिलकर पुराने गीत गाते हैं और दिनभर के लिए सकारात्मक ऊर्जा लेकर घर लौटते हैं। मुद्दा सिर्फ अकेलेपन का नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक निरंतरता का भी है। अगर यह पीढ़ी अपने अनुभव, लोककथाएं, जीवन-संघर्ष की कहानियां और नैतिक धरोहर अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंचा पाई, तो पांच-दस साल बाद हमारे पास एक ऐसा



**वीरेश तरार**

समाज होगा जो अपनी जड़ों से कटा हुआ होगा। एक ऐसा भारत, जहां केवल आधुनिकता होगी, पर अतीत से जुड़ी संवेदनाएं और विरासत का भाव नहीं होगा। यह खतरा केवल सामाजिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक भी है।

इस पूरे प्रयास का सार यही है कि हम एक ऐसे समाज की ओर लौटें, जहां बुजुर्ग बोझ नहीं, बल्कि समाज की धरोहर समझे जाएं। यदि हम उन्हें केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामा. जिक रूप से भी संबल दें, तो वे अपनी सांस्कृतिक विरासत, अनुभव और मानवीय संवेदनाओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं अन्यथा, आने वाले वर्षों में हम एक ऐसे भारत का सामना करेंगे जहां भावनाओं और रिश्तों का मूल्य कम हो जाएगा और यह हमारी सबसे बड़ी सांस्कृतिक हानि होगी। इसलिए समय है कि हम इसे केवल समस्या मानकर न छोड़ें, बल्कि समाधान की दिशा में ठोस और सामूहिक कदम उठाएं यही हमारे देश और समाज के भविष्य की रक्षा का सबसे सशक्त उपाय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा पर कब्जे के खिलाफ तुर्की लामबंद

## इजरायल के फैसले की निंदा की और कहा: सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए



■ इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा पर कब्जे की योजना का राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया समर्थन
■ इजरायली योजना का भारी विरोध हो रहा, कई सहयोगी देशों ने भी इसकी कड़ी आलोचना की है
■ फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी इजरायल के गाजा पर कब्जे के प्लान का विरोध किया

**अंकारा/वाशिंगटन।** गाजा पर कब्जा करने की इजरायल की योजना के खिलाफ तुर्की उतर आया है। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने इजरायल के फैसले कर निंदा करते हुए कहा कि सभी मुस्लिम देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। साथ ही इजरायल की योजना का वैश्विक स्तर पर विरोध किया जाना चाहिए। मिस्र ने भी इजरायल के फैसले की निंदा की।

हालांकि इजरायल ने गाजा में कब्जे की योजना से इनकार किया है। मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती से मुलाकात के बाद तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने कहा कि यह इजरायल की नरसंहारकारी और विस्तारवादी नीतियों का एक नया दौर है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर उपाय करने की जरूरत है। इसलिए हमने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) को आपातकालीन बैठक के लिए बुलाया है। फिदान ने कहा कि इजरायल की नीति का उद्देश्य फलस्तीनियों को भुखमरी के जरिये उनकी जमीन से बाहर निकालना है।

साथ ही गाजा पर स्थाई रूप से हमला करना है। फिदान ने कहा कि मुस्लिम देशों के पास इजरायल का समर्थन करने का कोई बहाना नहीं है। वहीं मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअत्ती ने कहा कि यह भी बेहद खतरनाक है। यह न केवल फलस्तीनियों के लिए खतरा है बल्कि पड़ोसी देशों के लिए भी खतरनाक है। इजरायल की योजनाएं अस्वीकार्य हैं। गाजा पर तुर्की के साथ पूर्ण समन्वय है।

उन्होंने ओआईसी मंत्रिस्तरीय समिति के इजरायल की योजना की निंदा के बारे में जानकारी दी। ओआईसी समिति ने कहा कि इजरायल की योजना एक खतरनाक और अस्वीकार्य वृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और अवैध कब्जे को मजबूत करने का प्रयास है। यह शांति के किसी भी अवसर को नष्ट कर देगा। ओआईसी ने वैश्विक शक्तियों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा है कि वे अपनी कानूनी और मानवीय जिम्मेदारियों को समझें। इजरायल की गाजा पर कब्जे की योजना को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए तत्काल जवाबदेही सुनिश्चित करें। हाल ही में इजरायली सुरक्षा परिषद ने गाजा पर कब्जे को मंजूरी दी थी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कैबिनेट ने पांच सिद्धांतों को अपनाया है। इसमें हमास का निरस्त्रीकरण, शेष बचे सभी 50 बंधकों की वापसी, गाजा पट्टी का विसैन्ईकरण, गाजा पट्टी पर इजरायली सुरक्षा नियंत्रण और एक वैकल्पि वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के गाजा पर कब्जे की योजना का समर्थन किया है। हालांकि इजरायल की इस योजना की आलोचना भी हो रही है।

यही वजह है कि ट्रम्प ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह इजरायल की योजना है न कि अमेरिका की। अमेरिका के एक मीडिया संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए समर्पित रहने की बात कही, लेकिन इजरायल के गाजा में ऑपरेशन की आलोचना भी नहीं की। हाल ही में अपने एक बयान में ट्रम्प ने इजरायल के गाजा प्लान पर कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कह सकता, ये इजरायल पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि गाजा पर कब्जे की इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजना को इजरायल सरकार की सुरक्षा परिषद भी मंजूरी दे चुकी है। हालांकि इजरायल की इस योजना का भारी विरोध भी हो रहा है। इजरायल के कई सहयोगी देशों ने भी इसकी आलोचना की है।

### नेतन्याहू के फैसले का विरोध, इजरायल की सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की इजरायलके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने गाजा शहर पर कंट्रोल करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इजरायलकी इस योजना की दुनिया भर के संगठनों निंदा की है, अब इजरायल में ही इसको लेकर विरोध शुरू हो गया है। तेल अवीव और इजरायल के विभिन्न शहरों में हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी एकत्रित हुए और उन्होंने गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए इजरायलकी ओर से नियोजित अभियान शुरू करने से पहले बंधक समझौते और युद्ध विराम समझौते की मांग की। बंधकों के परिवारों ने इस योजना के विरोध में आम हड़ताल का आह्वान किया है और चेतावनी दी कि यह उनके प्रियजनों के लिए मौत की घंटी होगी। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि पूर्ण सैन्य कब्जे से गाजा में बंदी बनाए गए फलस्तीनी नागरिकों और इजराइली बंधकों के लिए 'विनाशकारी परिणाम' हो सकते हैं। इजरायलमें ब्रिटेन के राजदूत ने कहा है कि यह 'एक बहुत बड़ी भूल' होगी।



अहमदाबाद। स्वतंत्रता दिवस से पहले हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते लोग।

# अमेरिका ने अफगान के विदेश मंत्री का इस्लामाबाद दौरा रोका

■ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी हैसियत का अहसास कराया है और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोक दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा तालिबान के नेताओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में छूट को मंजूरी देने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को अपनी पाकिस्तान यात्रा टालनी पड़ी। इसके साथ ही अमेरिका ने दिखा दिया है कि भले ही वह दुनिया की दिखाए कि पाकिस्तान उसका सहयोगी देश है, लेकिन असल में अमेरिका, पाकिस्तान पर अपनी दादागिरी चलाता है और उसकी विदेश नीति को नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा 4 अगस्त को प्रस्तावित था। यह दौरा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत हो रहा था। इससे पहले पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार काबुल दौरे पर गए थे। इशाक डार के पाकिस्तान दौरे की व्यवस्था चीन ने की थी, उस दौरे पर ही अफगानिस्तानी विदेश मंत्री के पाकिस्तान दौरे पर सहमति बनी थी, लेकिन पाकिस्तान और चीन की इस पूरी कवायद पर अमेरिका ने पानी फेर दिया।

# यूक्रेन का बंटवारा नहीं होने देंगे: जेलेंस्की



■ कहा: जंग खत्म करने के बदले जमीन नहीं देंगे ट्रम्प ने कहा था: अदला-बदली करनी होगी

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है।

जेलेंस्की ने कहा हम इस दूसरे बंटवारे की कोशिश को नाकाम करेंगे। हम रूस को जानते हैं। जहां दूसरा बंटवारा होगा, वहां तीसरा भी होगा। इसलिए हम अपनी पो. जिशन पर डटे हैं। युद्ध का अंत शांति और मजबूत सुरक्षा ढांचे के साथ होना चाहिए। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करन पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 26 अप्रैल को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में वेटिकन मुलाकात की थी। रायटर्स के मुताबिक ट्रम्प इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय बात. चीत भी करना चाहते हैं। वे इस बातचीत में पुतिन को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच आखिरी मुलाकात जून 2021 में हुई थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी। 4 साल बाद होने जा रही इस मुलाक. ात को लेकर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को बताया था, रूस ने ट्रम्प से मुलाकात की इच्छा जताई है। ट्रम्प पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मिलने को तैयार हैं।

# काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा ईरान

## कहा: तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा

■ अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते के पीछे ट्रम्प कर रहे थे खेला

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि वह अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में हुए शांति समझौते के तहत काकेशस में प्रस्तावित कॉरिडोर को रोकेगा।

इस समझौते को क्षेत्र के अन्य देशों ने स्थाई शांति लाने वाला बताया है, लेकिन ये ईरान के लिए एक बड़ी चिंता है। ईरान के सर्वोच्च नेता के एक शीर्ष सलाहकार अली अकबर वेलयाती ने कहा कि तेहरान 'रूस के साथ या उसके बिना' इस पहल को रोक देगा। इस पहल में शामिल आर्मेनिया का ईरान के साथ एक रणनीतिक गठबंधन भी है, लेकिन ट्रम्प की ओर से कराए गए सीजफायर के बाद इस दूरी आ सकती है। अमेरिका और तुर्की काकेशस क्षेत्र में लंबे समय से एक ट्रेड कॉरिडोर बनाना चाहते हैं। जिसके जरिए वह ईरान को बाइपास कर सकते हैं। वेलायती ने शांति समझौते में शामिल परिवहन गलियारे का जिक्र करते हुए कहा कि यह मार्ग ट्रम्प के भाड़े के सैनिकों के लिए प्रवेश द्वार नहीं बनेगा, यह उनका कब्रिस्तान बन जाएगा।


उन्होंने इस योजना को आर्मेनिया की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने के मकसद से एक 'राजनीतिक विश्वासघात' बताया है। व्हाइट हाउस में हुए अजरबैजान और आर्मेनिया समझौते की शर्तों में आर्मेनिया से होकर गुजरने वाले एक मार्ग के लिए खास अमेरिकी विकास अधिकार शामिल हैं जो अजरबैजान को नखचिवन से जोड़ेगा, जो एक अजरबैजानी परिक्षेत्र है और बाकू के सहयोगी तुर्की की सीमा से लगा हुआ है। यह स्वायत्त गणराज्य ट्रांस-काकेशियन पठार पर स्थित है। नखचिवन चारों तरफ से अर्मेनिया, ईरान और तुर्की के बीच फंसा है। ईरान ट्रांस-काकेशियन में प्रस्तावित जंगेजुर कॉरिडोर के खिलाफ इसलिए हैं, क्योंकि यह उसकी भू-राजनी. तिक, रणनीतिक, और आर्थिक हितों के लिए खतरा पैदा करता है। इसके बनने से उसका सीध आर्मेनिया से संपर्क टूट सकता है, जो उसका महत्वपूर्ण सहयोगी है। यह ईरान की क्षेत्रीय पहुंच को कमजोर करेगा। साथ ही हाल के समय में अजरबैजान और नखचिवान के बीच व्यापार और आवागमन के लिए ईरान का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मार्ग है। कॉरिडोर बनने से यह रास्ता बाइपास हो जाएगा, जिससे ईरान का दक्षिणी काकेशस में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव कम हो जाएगा। ईरान को डर ये भी है कि यह कॉरिडोर अमेरिका और नाटो की सैन्य मौजूदगी को उसकी उत्तरी सीमाओं तक बढ़ा सकता है, जिसे वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है।

### चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को 20 साल की कैद

**एन दजामेना।** चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को शनिवार को राजधानी एन' दजामेना की एक आपराधिक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। चाड की आपराधिक अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के अनुसार मसरा को जनता को घृणा और शत्रुता के लिए उकसाने का दोषी पाया गया। उनके के वकीलों ने इस फैसले को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे। मसरा को मई में सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था, जिसके कारण दक्षिण-पश्चिमी प्रांत लोगोन ऑक्सिडेंटल के मंडाकाओ गांव में हुई झड़पों में 42 लोग मारे गए थे।

# बलूचिस्तान में 47 उग्रवादी किए ढेर

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में किया उग्रवादियों का सफाया



■ 31 अगस्त तक मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गईं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान सीमा के पास बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिनों में कम से कम 47 उग्रवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना के जनसंपर्क विभाग (आईएसपीआर) ने शनिवार (9 अगस्त) को यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने 7-8 अगस्त की दरमियानी रात झोब जिले के संबाजा क्षेत्र में अभियान चलाकर 33 उग्रवादियों को मार गिराया।

इसके अलावा आईएसपीआर ने बयान में कहा कि 8-9 अगस्त की रात अफगानिस्तान सीमा से लगे संबाजा के आसपास के क्षेत्रों में एक अन्य अभियान में 14 उग्रवादी मारे गए। इस दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात सुरक्षा कारणों से मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं आगामी 31 अगस्त तक निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि बलूचिस्तान सरकार के अनुरोध पर मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। बलूचिस्तान के गृह विभाग ने बीते 6 अगस्त को जारी एक अधिसूचना में कहा था कि प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। सरकार के प्रवक्ता शाहिंद रिंद ने इसकी पुष्टि की थी। दरअसल पाकिस्तान 14 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है।

ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आतंकवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आजादी के जश्न को बाधित करने की कोशिश कर सकते हैं। जिसकी वजह से प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। बीते गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए बम विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 13 अन्य घायल हो गए थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी भी शामिल थे। जिला पुलिस अधिकारी ताहिर शाह के मुताबिक कि दक्षिण वजीरिस्तान जिले की वाना तहसील में एक टैक्सी स्टैंड के पास पुलिस गश्ती वाहन के पास विस्फोट हुआ।

# पाक को दो महीने में 127 करोड़ का नुकसान

■ सिंधु समझौता रद्द करने के भारत के फैसले पर भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद किया गया था, रोजाना 150 फ्लाइट प्रभावित

■ भारतीय एयरलाइनों को हर महीने 306 करोड़ का नुकसान, एक साल तक एयर स्पेस बंद रहा, तो एयर इंडिया को 600 मिलियन डॉलर नुकसान होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय विमानों के लिए एयरस्पेस बंद करने से दो महीनों में 127 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि निलंबित करने के भारत के फैसले के बाद पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने संसद में बताया कि इस दौरान रोजाना लगभग 100 से 150 भारतीय उड़ानें प्रभावित हुईं। इससे पाकिस्तान को 24 अप्रैल से 30 जून के बीच 4.10 अरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 127 करोड़ भारतीय रुपये) का नुकसान हुआ। एयरस्पेस बंद करने का यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया था। इस हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाक रक्षा मंत्रालय ने कहा कि घाटा होने के बाद भी भारतीय विमानों पर लगे प्रतिबंध हटाए नहीं जाएंगे और एयरस्पेस को अगस्त के आखिरी हफ्ते तक बंद रखा जाएगा। इसके बाद स्थिति को देखकर निर्णय लिया जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को पीएम आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की मीटिंग हुई थी। पाकिस्तान को 2019 में भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाने से लगभग 451 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। वहीं, पाकिस्तान के प्रति. बंध के जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के भारतीय एयरस्पेस में घुसने पर रोक लगाई हुई है। पाकिस्तानी मंत्रालय के मुताबिक, नुकसान होने के बावजूद पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी की कुल कमाई में बढ़ोतरी हुई है। 2019 में रोजाना औसत ओवरफ्लाइट (ऊपर से गुजरने वाले विमानों) से होने वाली कमाई 4.24 करोड़ रुपये थी, जो 2025 में बढ़कर 6.35 करोड़ हो गई। पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के बाद 30 अप्रैल को एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय एयरलाइनों को हर महीने करीब 306 करोड़ रुपये से ज्यादा एक्स्ट्रा खर्च करने पड़ सकता है। एअर इंडिया ने अनुमान लगाया था कि अगर एक साल तक एयर स्पेस बंद रहता है, तो उसे 600 मिलियन डॉलर यानी करीब 5081 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख चार दिवसीय भारत यात्रा पर

■ यात्रा का उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिका. रियों के साथ उच्च स्तरीय बातचीत के लिए 10 से 14 अगस्त तक भारत यात्रा पर हैं।

इस यात्रा का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करना है। भारतीय सेना ने इस यात्रा को 'रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण' बताया और भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने में इसका उल्लेख किया। दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की भारत यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारतीय सेना की बढ़ती प्रतिष्ठा और सार्थक सहयोग के माध्यम से सामूहिक तैयारियों को आकार देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस यात्रा से परिचालन और रणनीतिक तालमेल को मजबूत करने और क्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग के अगले चरण की नींव रखने की उम्मीद है।

# रूस के लिए जंग लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को मेडल

## पिछले साल यूक्रेन में मारा गया, मां अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर



■ माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था
■ पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा

**मास्को/वाशिंगटन।** यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस के लिए लड़ने वाले अमेरिकी सैनिक को राष्ट्रपति पुतिन ने मरणोपरांत आर्डर ऑफ लेनिन मेडल से सम्मानित किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी युवक का नाम माइकल ग्लास (21) था। वह पिछले साल यूक्रेन में रूस की तरफ से लड़ते हुए मारा गया था। माइकल अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए की सीनियर अधिकारी जूलियन गलीना का बेटा था। गलीना सीआईए में डिजिटल इनोवेशन की डिप्टी डायरेक्टर हैं।

माइकल 2023 की सर्दियों में रूस की सेना में भर्ती हुआ था। माइकल ने मास्को के रेड स्क्वायर से सेल्फी पोस्ट की थी और सोशल मीडिया पर यूक्रेन युद्ध को प्राक्सी वार बताते हुए पश्चिमी मीडिया को प्रोपगेंडा कहा था। रूसी मीडिया ने अप्रैल 2024 में उसकी मौत की खबर दी। पुतिन ने 6 अगस्त को यह मेडल ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ को सौंपा। सीआईए ने बयान कर जारी बताया कि माइकल मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था। एजेंसी ने उसकी मौत राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा नहीं माना है। माइकल के पिता लैरी ग्लास अमेरिका के लिए इराक वार में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि, हमें डर था कि रूस में कोई उसकी मां की पहचान न जान ले और उसे राजनीतिक मकसद से इस्तेमाल करे। क्रेमलिन ने 'आर्डर ऑफ लेनिन' मेडल देने की बात आधिका. रिक तौर पर स्वीकार नहीं की है। यह सोवियत दौर का एक बड़ा नागरिक सम्मान है। अभी यह साफ नहीं है कि मेडल आखिर कहां गया। व्हाइट हाउस, सीआईए और विटकाफ ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए की डिप्टी डायरेक्टर जूलियान जे. गालिना डिजिटल इनोवेशन की चीफ हैं। उन्हें इस पद पर जनवरी 2024 में नियुक्त गया है। गालिना ने अपने करियर की शुरुआत यूएस नेवल एकेडमी से की थी। यहां 1992 में वे ब्रिगेड ऑफ मिडशिपमेन की पहली महिला लीडर बनीं। 1846 में एकेडमी की स्थापना के बाद ऐसा पहली बार हुआ था। गालिना को क्रिप्टोलाजिक आफिसर के रूप में कमीशन किया गया और उन्होंने एक्टिव डयूटी तथा नेवी रिजर्व में सेवा दी।